बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शुक्रवार, 3 मई 2024
वर्ष-34, अंक-96, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास 16

नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज वाजपेयी 15




## केंद्र सरकार ने कहा, हमारे नियंत्रण में नहीं सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- प. बंगाल सरकार के एक वाद पर सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

केंद्र सरकार ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उसके 'नियंत्रण' में नहीं है। केंद्र ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर वाद पर अपनी आपत्तियों में यह बात कही।

दरअसल बंगाल सरकार ने अपने वाद में कहा है कि सीबीआई राज्य की पूर्वानुमति के बिना कई मामलों में अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक मूल मुकदमा दायर किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि सीबीआई प्राथमिकी दर्ज कर रही है और अपनी जांच आगे बढ़ा रही है जबकि राज्य ने अपने अधिकार क्षेत्र में संघीय एजेंसी को मामलों की जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि राज्य ने जो वाद दायर किया है और उसमें जिन मामलों का जिक्र है वे केन्द्र ने दर्ज नहीं किए हैं बल्कि सीबीआई ने दर्ज किए हैं।

## 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावला है पड़ोसी मुल्क

आणंद (गुजरात), एजेंसी

### गुजरात में गरजे मोदी, कहा-कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस को 'पाकिस्तान का मुरीद' करार देते हुए आरोप लगाया कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी आज जब 'मर' रही है तो उसके लिए पड़ोसी मुल्क के नेता दुआ कर रहे हैं और 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावले हैं क्योंकि देश के दुश्मन यहां एक कमजोर सरकार चाहते हैं। मध्य गुजरात के आणंद शहर में आणंद और खेड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस देश के संविधान में बदलाव



कर मुस्लिमों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों का आरक्षण देना चाहती है।

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ जोड़ने का मोदी का बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया था और उनकी तारीफ की थी। मोदी ने कटाक्ष किया कि संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि कांग्रेस पाकिस्तान की 'मुरीद' है। पाकिस्तान और कांग्रेस की साझेदारी का पर्दाफाश हो गया है।

### निजीकरण लागू कर आरक्षण छीन रही सरकार : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर अंधाधुंध तरीके से निजीकरण लागू करके दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीके से आरक्षण छीनने का गुरुवार को आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को मजबूत करने और रोजगार के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आरक्षण समाप्त करने का नरेन्द्र मोदी के अभियान का मंत्र है-'न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी' मतलब न तो सरकारी नौकरियां रहेंगी और न ही आरक्षण देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग से आरक्षण छीन रही है। उन्होंने कहा कि 2013 में सार्वजनिक क्षेत्रों में 14 लाख स्थायी पद थे जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बीएसएनएल, सेल, भेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के शीर्ष उपक्रमों को बरबाद करके सार्वजनिक क्षेत्र से कम से कम छह लाख स्थाई नौकरियां छीन ली गईं।

## एक नजर

### सिसोदिया ने हाईकोर्ट में लगाई जमानत की गुहार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सिसोदिया की जमानत याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए भेजा गया और इस पर तीन मई को सुनवाई होगी। 'आप' नेता ने दोनों मामलों में जमानत मांगी है, एक ईडी द्वारा दर्ज है और दूसरे की जांच सीबीआई कर रही है।

### टार्निग्रेड की खोज चंद्रयान मिशन के नाम पर रखा

**कोच्चि।** केरल के एक विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने तमिलनाडु के अंतर्ज्वारीय समुद्र तट तलछट में खोजी गई समुद्री टार्डिग्रेड की नई प्रजाति का पता लगाया और भारत के पहले चंद्र मिशन, चंद्रयान के सम्मान में इसे 'बैटिलिप्स चंद्रायणी' नाम दिया। कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के समुद्री प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिकों एस बिजॉय नंदन तथा विष्णु दत्तन ने तमिलनाडु में मंडपम में यह महत्वपूर्ण खोज की।

### कोवैक्सीन टीका पूरी तरह सुरक्षित : भारत बायोटेक

**नई दिल्ली।** भारत बायोटेक ने गुरुवार को दावा किया कि उसका कोविड-19 रोधी टीका कोवैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और किसी भी दुष्प्रभाव से रहित है। भारत बायोटेक का बयान ब्रिटेन की फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका की ब्रिटेन की अदालत में यह स्वीकारोक्ति के बीच आया है कि उसका कोविड टीका रक्त के थक्के जमाने संबंधी दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित इस टीके को कोविशील्ड नाम से जाना जाता है। भारत बायोटेक ने कहा कि कोवैक्सीन को सुरक्षा और प्रभावशीलता पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकसित किया गया।

# अब यूपी में बन रहीं मिसाइल और तोप... पाकिस्तान में बरसेंगे गोले

### गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा में कांग्रेस और सपा पर साधा जमकर निशाना

### बोले-वोट बैंक खिसकने के डर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए

- राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का कांग्रेस ढूंढो यात्रा से होगा समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह ने यह कहते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा कि उसके शासन में यूपी में देसी कट्टे बनाने के कारखाने थे, अब मिसाइल और तोप बन रही हैं जो पाकिस्तान पर गोले बरसाने का काम करेंगी। उन्होंने कांग्रेस पर अयोध्या में राम मंदिर के मामले को 70 साल तक लटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार में राम मंदिर बनने के बाद प्राण प्रतिष्ठा भी हुई लेकिन कांग्रेस और सपा के नेता निमंत्रण के बाद भी वोट बैंक खिसकने के डर से वहां नहीं गए।

गृहमंत्री गुरुवार को बरेली के हार्टमन रामलीला मैदान पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सामने घमंडिया इंडी



गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी, लेकिन आज बरेली में कहकर जा रहा हूं कि चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा से इसका समापन होगा। उत्तर प्रदेश की जनता एक बार फिर गुंडाराज और परिवारवाद को नकारकर भाजपा के विकासवाद को चुनने जा रही है। दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस दूरबीन लेकर ढूंढने से भी नजर में नहीं आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल चुके हैं।

### देश में धमाके करते थे आलिया, मालिया, जमालिया

गृहमंत्री ने कहा कि सोनिया मनमोहन की सरकार में आलिया, मालिया, जमालिया आए दिन देश में घुसकर बम धमाके करते थे लेकिन कोई बोलने वाला नहीं था। 2014 के बाद पाकिस्तान ने फिर वही गलती कर दी। उरी और पुलवामा में घुस गए मगर भूल गए कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं न कि मनमोहन सिंह। सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया। शाह ने कहा कि उनकी सरकार ने 130 करोड़ लोगों को कोरोना के दोनों टीके लगाकर देश को सुरक्षित किया है।

### भाजपा की सरकार बनने पर दंगामुक्त हुआ यूपी

अमित शाह ने यूपी की कानून व्यवस्था का भी जिक्र किया। कहा, 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने यूपी को दंगा मुक्त किया। पश्चिमी यूपी से सपा के राज में पलायन होता था लेकिन योगीराज में गुंडों का पलायन हो रहा है।

अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री, देश के अर्थतंत्र को संसार में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र और तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव है। सपा-कांग्रेस को तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग धारा 370 को 70 साल से संभाले थे। प्रधानमंत्री ने दूसरे कार्यकाल में इसे समाप्त कर इस देश को आतंकवाद से मुक्त किया है। इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद, मंत्री कपिल देव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बृजभूषण नहीं, बेटा लड़ेगा कैसरगंज सीट से चुनाव

### भाजपा ने कैसरगंज से करण भूषण सिंह पर जताया भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रायबरेली से मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को बनाया प्रत्याशी

**अमृत विचार :** नामांकन की आखिरी तारीख से एक दिन पहले भाजपा ने गुरुवार को रायबरेली और कैसरगंज लोकसभा सीट से भी अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट न देकर उनके छोटे पुत्र करण भूषण सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, रायबरेली से राज्य सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया गया है। करण भूषण सिंह जहां पहली बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाएंगे वहीं, दिनेश प्रताप सिंह पिछली बार भी रायबरेली से सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा से चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों सीटों पर शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन है।



करण भूषण सिंह



दिनेश प्रताप सिंह

### रायबरेली से प्रियंका व अमेठी से राहुल का चुनाव लड़ना लगभग तय

**अमेठी में राहुल गांधी का रोड शो आज**

**लखनऊ।** कांग्रेस ने अमेठी व रायबरेली सीटों से आधिकारिक तौर पर प्रत्याशियों की घोषणा भले ही न की हो पर पार्टी की ओर से बनाए गए माहौल से साफ संकेत मिल रहे हैं कि अमेठी से राहुल व रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि तीन मई को अमेठी में पार्टी नेता राहुल गांधी का रोड शो होगा। इसके लिए प्रशासन से अनुमति मिल गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की आधिकारिक तौर पर देर रात तक घोषणा होने की संभावना है। गुरुवार को दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा व नामांकन पत्र लिए जाने को लेकर गहमागहमी रही। चर्चा रही कि पार्टी की ओर से दोनों नेताओं के लिए नामांकन पत्र ले लिए गए हैं पर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी।

बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। जबकि बृजभूषण के बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह भाजपा से गोंडा सदर विधान सभा से विधायक हैं। दरअसल, कैसरगंज सीट पर बृजभूषण की मजबूत पकड़ है। ऐसे में पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा उनके किसी परिजन को टिकट दे सकती है। बृजभूषण खुद भी चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन महिला पहलवानों वाले प्रकरण से उनकी उम्मीदवारी खतरे में पड़ गई।

## बर्ड फ्लू को लेकर प्रदेश में अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रांची के राजकीय कुक्कट फार्म में वायरस को लेकर सतर्कता
- जिलों में रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय लिया जाएगा पक्षियों का सैंपल

**अमृत विचार :** झारखंड के रांची स्थित राजकीय कुक्कट फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद पशुपालन विभाग ने प्रदेश में अलर्ट जारी किया है। सभी जिलों में सर्विलांस के लिए रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय कर पक्षियों के सैंपल लेने के निर्देश दिए गए हैं।

निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि बर्ड फ्लू को लेकर सभी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को सावधानी और रोकथाम के निर्देश दिए गए हैं। जिलों में रैपिड रिस्पांस टीम को सक्रिय किया है। जो पोल्ट्री फार्म, प्रवासी पक्षी, दुकान, बाजार, बैकयार्ड पोल्ट्री फार्म, प्रवासी पक्षियों के मार्ग, वन जीव व पक्षी अभ्यारण्य, नेशनल पार्क, जलाशय बार्डर से लगे क्षेत्रों में सर्विलांस करेंगी। पोल्ट्री फार्म से नियमित पांच-पांच पक्षियों के सैंपल लेंगे। मृत या बीमार पक्षी मिलने पर भी सैंपल लेंगे और परीक्षण के लिए राष्ट्र उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भोपाल भेजेंगे।

संयुक्त निदेशक, पोल्ट्री अजय कुमार कनौजिया ने बताया कि जिलों में पोल्ट्री फार्म की संख्या, स्थान, पक्षियों की संख्या, आपूर्ति का स्थान, मुख्यालय से दूरी आदि का विवरण तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रज्ज्वल के खिलाफ लुकआउट नोटिस

**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने गुरुवार को कहा कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हासन से जनता दल (एस) सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। प्रज्ज्वल इस समय विदेश में हैं। इस वजह से विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होने के लिए सात दिन और मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय देने का प्रावधान नहीं है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि यह लुकआउट नोटिस यह पता चलने के तुरंत बाद जारी किया गया कि प्रज्ज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं। सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों को इस बारे में बता दिया गया है।

## जाओ फांसी लगा लो...कहना आत्महत्या को उकसाना नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट की टिप्पणी, उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता बयान

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चर्च के पादरी की मौत के मामले में अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि केवल ऐसा कहना कि 'जाओ फांसी लगा लो', आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रयास नहीं माना जा सकता।

अदालत में जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने विवादास्पद बयानों से जुड़े मामलों में आत्महत्या के लिए उकसाने की मंशा से जुड़े जटिल सवाल पर स्पष्ट किया कि जाओ फांसी लगा लो जैसा बयान फांसी के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। तटीय कर्नाटक के इस मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने उसकी पत्नी के साथ कथित संबंधों को लेकर पादरी से आक्रामक बहस की। खबर के मुताबिक पादरी के साथ आक्रामक बहस के दौरान उसने आवेश में पादरी से पीछा छुड़ाने के लिए 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल कर डाला। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि पादरी ने केवल उनके मुवक्किल के कहने पर ही आत्महत्या जैसा कदम उठाया। ऐसा नहीं माना जा सकता। वकील ने अदालत से कहा कि 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल पत्नी के संबंध की जानकारी मिलने पर गुस्से और हताशा के कारण हुआ।

## 2जी स्पेक्ट्रम फैसले में संशोधन की केंद्र की याचिका अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री का फैसला

सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने 2जी स्पेक्ट्रम मामले में न्यायालय के 2012 के फैसले में संशोधन के अनुरोध वाली केंद्र की याचिका को विचारार्थ स्वीकार करने से संभवतः इनकार कर दिया है।



कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि सरकार देश के प्राकृतिक संसाधनों के हस्तांतरण में नीलामी का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य है। सूत्रों ने बताया कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने सरकार की याचिका को गलत व्याख्या वाली और स्पष्टीकरण के अनुरोध की आड़ में फैसले पर पुनर्विचार का प्रयास करार दिया। रजिस्ट्रार ने सुप्रीम कोर्ट नियमावली 2013 के प्रावधानों के अनुरूप इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के नियम के अनुसार, रजिस्ट्रार इस आधार पर याचिका लेने से इनकार कर सकता है कि इसमें कोई उचित कारण नहीं है, लेकिन याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के 15 दिनों के भीतर प्रस्ताव के माध्यम से अपील कर सकता है। शीर्ष अदालत ने दो फरवरी 2012 के अपने फैसले में जनवरी 2008 में दूरसंचार मंत्री के रूप में ए. राजा के कार्यकाल के दौरान विभिन्न कंपनियों को दिए गए 2जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस रद कर दिए थे। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने 22 अप्रैल को प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला की पीठ के समक्ष अर्जी का उल्लेख किया था।

## एलडीए पर 11 लाख हर्जाना, जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फ्लैट का आवंटन निरस्त करने पर उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला
- पत्रावलियां छिपाने व न्यायालय को गुमराह करने पर आयोग सख्त

**अमृत विचार :** राज्य उपभोक्ता आयोग ने एक फ्लैट का आवंटन निरस्त करने पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) पर कुल 11 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। साथ ही पत्रावलियां छिपाने और न्यायालय को गुमराह करने पर शासन को जांच के आदेश दिए हैं।

माया राय पत्नी सुधारक निवासी इंदिरा नगर लखनऊ को एलडीए ने विनय खंड में 16 अप्रैल 1984 को फ्लैट संख्या 1/683 लॉटरी से आवंटित किया। माया ने 13 फरवरी 1989 को सभी किस्त जमा कर कब्जा का प्रयास किया। 10 जून 1992 को सचिव को पत्र देकर रजिस्ट्री के लिए आग्रह किया। लेकिन, रजिस्ट्री नहीं हुई। इससे परेशान माया ने जिला उपभोक्ता फोरम में एलडीए के खिलाफ वाद दायर किया। इसमें सचिव की तरफ से किस्त जमा न करना व शिकायत गलत बताकर परिवाद निरस्त करने का पक्ष रखा। लेकिन, साक्ष्यों के आधार पर जिला उपभोक्ता आयोग ने एलडीए को वही फ्लैट पुराने दर पर रजिस्ट्री कर या फिर दूसरा देने का आदेश दिया।

एलडीए ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की। जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति अशोक कुमार व विकास सक्सेना ने की। एलडीए ने मूल पत्रावलियां खोना बताकर भ्रमित करने का काम किया। रामा के साक्ष्यों के आधार पर आयोग ने अपील खारिज करते हुए एलडीए पर 10 लाख रुपये हर्जाना व एक लाख रुपये हर्जाना पत्रावली सुरक्षित न रखने वाले संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर लगाया है। यह धनराशि आदेश की तिथि से 60 दिन में माया को अदा न करने पर 10 प्रतिशत ब्याज के साथ देने का आदेश दिया।

आदेश में यह भी उल्लेख किया कि इस तरह के अन्य वादों में एलडीए द्वारा अनियमितता छिपाना, न्यायालय को लगातार मूल पत्रावलियां गुम होना बताकर भ्रमित करने पर शासन स्तर से जांच कराई जाए। यह आदेश मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव नगर नियोजन व उपाध्यक्ष को भेजा गया।

## मुख्यमंत्री बोले-गठबंधन को जाने वाला वोट होगा महापाप

### एटा में जनता का किया आह्वान- सपा-कांग्रेस से रहें सावधान, भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह के समर्थन में की जनसभा

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और सपा गठबंधन पर जमकर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस-सपा गठबंधन से सावधान रहें। इनको जाने वाला वोट पाप की वजह होगा। कांग्रेस देश का इस्लामीकरण, तालिबानीकरण करके विभाजित करने का प्रयास कर रही है। जाति-समुदाय से हटकर मोदी जी के पक्ष में मतदान करें।

एटा के सैनिक पड़ाव में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया के समर्थन में जनसभा को



संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह का सपना साकार हुआ है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हुआ है। एक ओर मंदिर बना तो दूसरी ओर माफिया का राम-नाम सत्य हो गया। अब आपके सामने भगवान राम का विरोध करने वाले और राम भक्तों की टोली दोनों हैं। निर्णय आपको करना है। उन्होंने कहा कि पहले देश सुरक्षित नहीं था। पूरे देश में आतंकवादी हमले होते थे। अब कहीं जोर से पटाखा फूट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें हाथ नहीं है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा गठबंधन से सावधान रहने की अपील की। कहा कांग्रेस पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति के आरक्षण में से मुसलमानों को हिस्सा दे देगी। ये गुमराह कर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने गोमाता- गोमांस का जिक्र कर माहौल को संजीदा करने का भी प्रयास किया। कहा कांग्रेस-सपा गोमांस खाने वालों के साथ है। ऐसे में गठबंधन को जाने वाला वोट पाप का कारण बनेगा। वोट देने में सावधानी बरतें। इस चुनाव में हमें व्यक्ति नहीं देखना, जाति नहीं देखनी, सिर्फ मोदी जी को देखना है। उन्होंने जनसभा में मौजूद जनता को भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प दिलाया।

### कल्याण सिंह के प्रति जगाई संवेदना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के प्रति जनसभा में मौजूद लोगों की संवेदना को उभारने का प्रयास किया। कहा कि कल्याण सिंह मुख्यमंत्री रहे, गर्वनर भी रहे, कई बार विधायक और सांसद रहे। उनकी मृत्यु हुई तो समाजवादी पार्टी ने संवदेना के दो शब्द व्यक्त नहीं किए। मुख्यमंत्री ने जनता से सवाल करते हुए कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह को अपमानित करने वाली, राम को नकारने वाली और जनता के साथ खिलवाड़ करने वाली सपा और कांग्रेस आपका वोट पाने की अधिकारी है क्या? जनता ने जवाब दिया नहीं।

# अमित शाह ने पदाधिकारियों को टटोला, दिया मूलमंत्र

## लखनऊ पहुंचे शाह ने बैठक कर जानी वर्तमान स्थिति, मुख्यमंत्री योगी व ब्रजेश पाठक समेत अन्य पदाधिकारी हुए शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए अगले चरण के मतदान से पहले संगठन को मूलमंत्र देने और प्रचार अभियान की थाह लेने राजधानी पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। दरअसल, पश्चिमी उप्र. में जोर लगाने के बाद भाजपा की नजरें अब अवध की सीटों पर टिक गई हैं। ऐसे में गुरुवार की शाम अमित शाह लखनऊ पहुंचे और यहां एक होटल में संगठन के नेताओं के साथ बड़ी बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी शामिल हुए।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के अलावा अवध, कानपुर और काशी क्षेत्र की लोकसभा चुनाव से जुड़ी कोर टीम मौजूद रही। गृहमंत्री ने बैठक की शुरुआत दीप जलाकर की। इसके बाद एक-एक पदाधिकारी से बात कर 5वें चरण में होने वाली अवध और बुंदेलखंड की 14 सीटों की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा के पार्टी उम्मीदवारों को जिताने की रणनीति बनायी गई। इसके पहले गृहमंत्री ने सीतापुर में जनसभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने जनता से नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के अलावा भाजपा को 400 सीटें जिताने की अपील की।

बैठक में जिला प्रभारी और जिलाध्यक्ष लोकसभा चुनाव को लेकर अपने-अपने जिले की पार्टी अभियान की प्रगति और उसमें आ रही व्यवहारिक दिक्कतों से भी अवगत कराया। वहीं, तीसरे चरण में 7 मई को संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली में मतदान होना है। चौथे चरण में 13 मई को शाहजहांपुर, खीरी, दोहराहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच सीट पर मतदान होना है इनपर मतदान होगा।



राजधानी में आयोजित भाजपा की संगठनात्मक बैठक के दौरान गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत करते पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, साथ में मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

### एयरपोर्ट पहुंचे गृहमंत्री का हुआ स्वागत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार करीब सवा छह बजे चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। गृहमंत्री का भाजपा प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व मेयर सुषमा खर्कवाल द्वारा एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से निकले शाह मीडिया से बात किये बिना ही सीधे रवाना हो गये।

### एक नजर

### योगी के डीप फेक वीडियो मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एआई के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का डीपफेक वीडियो बनाकर भ्रामक तथ्यों को अपलोड करने वाले एक्स यूजर को नोएडा एसटीएफ ने गुरुवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मूलरूप से लखीमपुर के मिश्रना हाथीपुर उत्तरी का रहने वाला श्याम किशोर गुप्ता नोएडा में रहता है। उसने पहली मई को अपने एक्स अकाउंट से एक डीपफेक वीडियो अपलोड कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। आरोप है कि वीडियो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ऐसा बयान था, जो उन्होंने दिया ही नहीं था। वीडियो चलने के बाद नोएडा क्राइम ब्रांच और उप्र. एसटीएफ सक्रिय हो गई। एएसपी राजकुमार मिश्रा ने प्रकरण पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचनाओं को संकलित कर गुरुवार की सुबह छह बजे एक्स यूजर श्याम किशोर गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

### मुख्यमंत्री के अनुमोदन से ही मिलेगा चुनाव के दौरान अवकाश

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के दौरान शासन में तैनात अधिकारियों द्वारा लिये जाने वाले अवकाश पर रोक लगा दी गई है। विशेष परिस्थितियों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुमोदन पर अवकाश स्वीकृत होंगे।

यह निर्देश गुरूवार को मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने जारी कर दिया है। उन्होंने सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों व सचिवों को आदेश भेजते हुए स्पष्ट किया है कि यदि अवकाश देना अपरिहार्य है तो संबन्धित पत्रावली मुख्यमंत्री के अनुमोदन के लिए भेजा जाये। साथ ही निर्देशित किया है कि क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों के भी अवकाश न स्वीकृत किया जाएं।

# लोकसभा के लिए 14 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

## लखनऊ व मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए भरे गए पर्चे, पूर्वी विधानसभा सीट से बसपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए गुरुवार को 14 और पूर्वी विधानसभा से बसपा प्रत्याशी ने नामांकन किया। जबकि 15 नामांकन पत्र वितरित किए गए।

पूर्वी विधानसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी आलोक कुशवाहा दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने एसीएम चतुर्थ/रिटर्निंग अधिकारी सचिन वर्मा को नामांकन पत्र सौंपा। इसके अलावा लखनऊ लोकसभा सीट से निर्दलीय विमल कुमार शुक्ला, सर्वजन सेवा पार्टी से सय्यद अली हसन, किसान मजदूर संघर्ष पार्टी से सौरभ कुमार शुक्ला, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से सुमन वर्मा, आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से आरती और जनता शासन पार्टी से सुनील कुमार यादव ने पर्चा भरा।

जबकि मोहनलालगंज सीट से भारतीय नव क्रांति पार्टी से सुशील कुमार, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से सूरज कुमार, आम जनता पार्टी से सुनीता, अवामी समता पार्टी से सीता राम, राष्ट्रीय अटल जनता पार्टी से अखिलेश, राष्ट्र उदय पार्टी से विनय कुमार रावत, निर्दलीय विकास किशोर और निर्दलीय रमेश कुमार ने नामांकन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि गुरुवार को लखनऊ लोकसभा के लिए 8, मोहनलालगंज (अज) लोकसभा के लिए 5 और पूर्वी विधानसभा के लिए 2 नामांकन पत्र वितरित किए गए।



नामांकन पत्र दाखिल करते केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के पुत्र विकास किशोर।

### केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पुत्र ने भी किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के पुत्र विकास ने नामांकन के अंतिम दिन अपना पर्चा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भर दिया है। अपने समर्थकों व वकील के साथ विकास चुपचाप अपना पर्चा दाखिल कर कलेक्ट्रेट से निकल गए। बताया जा रहा कि विकास डमी कैंडिडेट के रूप में हैं। विकास किशोर का नाम केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए 2022 में सामने आया। केंद्रीय राज्यमंत्री विकास को मलिहाबाद से प्रत्याशी बनाना चाहते थे। हालांकि भाजपा ने विकास किशोर का टिकट काट दिया। वहीं, विधायक व विकास की मां जया देवी कौशल को प्रत्याशी बना दिया था। कौशल किशोर के बेटे विकास का नाम सितम्बर माह में करीबी दोस्त विनय श्रीवास्तव की हत्या मामले में सामने आया था। उसके खिलाफ दो सितंबर को हत्या के मामले में दुबग्गा थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी।

### करोड़पति हैं बसपा उम्मीदवार, पत्नी भी लखपति



रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते बसपा प्रत्याशी आलोक कुशवाहा।

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार आलोक कुशवाहा करोड़पति हैं तो उनकी पत्नी अलका कुशवाहा लखपति। कुशवाहा के ऊपर कोई आपराधिक मामला नहीं है। बसपा प्रत्याशी आलोक कुशवाहा की वार्षिक आय 6 लाख 12 हजार 830 रुपये है। उनके पास डेढ़ लाख रुपये की नकदी है। कुशवाहा के पास 80 ग्राम सोना है जिसकी कीमत 5 लाख 94 हजार रुपये है। बैंक खाते, एफडीआर, एलआईसी, शेयर, सोना और वाहन मिलाकर कुल 1 करोड़ 30 लाख 23 हजार 774 रुपये की संपति है। जबकि 1 करोड़ 6 लाख 52 हजार रुपये की अचल संपति है। उनके ऊपर 27 लाख 93 हजार 380 रुपये का कर्ज है। जिला उपभोक्ता फोरम में अपार्टमेंट को लेकर एक वाद लंबित है। कुशवाहा ने 1988 में कालविन तालुकेदार कॉलेज से हाईस्कूल किया था। इनकी पत्नी अलका के पास एक लाख रुपये की नकदी है। 14 लाख 85 हजार रुपये का दो सौ ग्राम सोना है। बैंक, एफडीआर, एलआईसी, शेयर, सोना और वाहन आदि मिलकार कुल 48 लाख 25 हजार 140 रुपये की संपति है।

### प्रेक्षक से फोन पर कर सकेंगे शिकायत

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ और मोहनलालगंज संसदीय सीट पर निर्वाचन संबंधी शिकायत प्रेक्षक से की जा सकेगी। रिटर्निंग अधिकारी/सीडीओ अजय जैन से शिकायत करने के लिए दूरभाष नंबर जारी किया है। निर्वाचन आयोग की ओर से लखनऊ संसदीय सीट के लिए आईएएस अधिकारी ओम प्रकाश कसेरा और मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए आईएएस अधिकारी एन वसंत कुमार को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। एन वसंत कुमार ने 30 अप्रैल और ओमप्रकाश कसेरा गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। निर्वाचन से संबंधित शिकायतों एवं सहायता के लिए लखनऊ संसदीय सीट के प्रेक्षक ओमप्रकाश कसेरा से वीवीआईपी गेस्ट हाउस साकेत महात्मागांधी रोड और मोहनलालगंज के प्रेक्षक से विकास भवन में दोपहर 12 से 1 बजे के बीच मुलाकात की जा सकती है। वहीं, लखनऊ के प्रेक्षक के दूरभाष नंबर 7839011876 और मोहनलालगंज के प्रेक्षक से 0522–2988907, 7839011877 पर भी शिकायत कर सकते हैं।

## आजमगढ़ से तीसरी बार बसपा ने बदला प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट समेत लोकसभा के दो प्रत्याशी बदलते हुए छह प्रत्याशियों की 11 वीं सूची गुरुवार को जारी कर दी है।

लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में बसपा ने आलोक कुशवाहा को उतारा है। वहीं, आमजगढ़ में तीसरी बार प्रत्याशी बदलते हुए मशहूद अहमद का उतारा है। निवर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह की वजह से चर्चा का विषय बनी कैसरगंज लोक सभा सीट पर मायावती ने ब्राम्हण प्रत्याशी नरेन्द्र पाण्डेय को उतार कर सपा (इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी भगत राम मिश्रा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। इसके अलावा बसपा ने गोण्डा से सौरभ कुमार मिश्रा और बाराबंकी से शिव कुमार दोहरे को उम्मीदवार बनाया है। बदले गए प्रत्याशियों में पांचवीं सूची में डुमरियागंज से टिकट पाए ख्वाजा शमसुद्दीन की जगह मो.नदीम मिर्जा और संतकबीर नगर में मो.आलम से टिकट वापस लेकर नदीम अशरफ दिया है। साथ ही आजमगढ़ सीट से साहीबा अंसारी से टिकट लेकर मशहूद अहमद को प्रत्याशी बनाया है।

## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को दी गई बूथों की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रशिक्षण से नदारद रहे तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट
- छूटे हुए मतदान अधिकारी 4 को ले सकते हैं प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव को लेकर जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को जिम्मेदारी दी गई है। जोनल मजिस्ट्रेट के पास 80 तो सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास 15 बूथों की जिम्मेदारी होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने केकेसी कॉलेज में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान कहा कि उक्त जिम्मेदारी बड़ी है। निर्वाचन की रीढ़ पीठासीन अधिकारी और सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट होते है। उन्होंने कहा कि जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी है कि चुनाव सुव्यवस्थित ढंग से हो जाए और कोई ऐसी घटना न हो जिससे चुनाव प्रक्रिया पर सवालिया निशान लगे। उन्होंने कहा कि सभी को फार्म की, मॉक पोल और यदि कोई वीवीपैट की पर्ची को चैलेंज कर देता है तो उसकी प्रक्रिया की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि गुरुवार को एक पाली में 224 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 46 जोनल मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें तीन सेक्टर मजिस्ट्रेट अनुपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जो पीठासीन अधिकारी और प्रथम मतदान अधिकारी प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे हैं ऐसे कार्मी को प्रशिक्षण के लिए अंतिम अवसर दिया जा रहा है। ऐसे कर्मी चार मई को प्रशिक्षण ले सकते हैं।

### छठवें चरण में 22 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** छठवें चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए गुरुवार को 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अब तक 55 प्रत्याशी नामांकन हो चुके हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सुल्तानपुर में एक, प्रतापगढ़ में तीन, फूलपुर में तीन, इलाहाबाद में तीन, अम्बेडकरनगर में तीन, श्रावस्ती में एक, बस्ती में एक, संत कबीरनगर में एक, आजमगढ़ में दो, जौनपुर में दो व मछलीशहर (अजा) में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बस्ती लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी व मछलीशहर (अजा) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से प्रिया सरोज ने नामांकन किया।

# गर्मी में यात्रियों को राहत देने को परिवहन निगम ने कसी कमर

## सभी नोडल अधिकारियों को बस स्टेशनों के निरीक्षण का आदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एमडी ने सुविधाओं को लेकर रिपोर्ट तैयार करने को कहा

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी को देखते हुए उप्र. परिवहन निगम के एमडी की ओर से सभी नोडल अधिकारियों को बस स्टेशनों का निरीक्षण करने और यात्री सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, परिवहन निगम की बसों में ड्राइवर व कंडक्टरों की स्थिति की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू ने भी मुख्यालय में बैठक की है।



गुरुवार को उप्र. परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर वे सभी अपने क्षेत्रों में जाएं और बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एमडी ने खासतौर पर इस गर्मी में यात्री सुविधाओं की स्थिति क्या है, इसका परीक्षण करने की हिदायत दी।

इसके तहत विशेष कर गर्मी में पीने का पानी, वाटर कूलर, टॉयलेट की सफाई, एसी वेटिंग हॉल का रखरखाव समेत अन्य यात्री सुविधाओं का निरीक्षण करने को कहा है। इसके साथ ही ऑफ रोड बसों की स्थिति, कंडक्टर व ड्राइवर की शॉर्टेज की स्थिति की समीक्षा करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा गया है, ताकि गर्मी में इन समस्याओं का निराकरण करते हुए यात्रियों को सुविधा प्रदान की जा सके।

### प्रियंका आज फतेहपुर सीकरी में करेंगी रोड शो

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तीन मई को आगरा में फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगी और पार्टी प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगी।



प्रियंका गांधी अपरान्ह साढ़े तीन बजे फतेहाबाद पहुंचेंगी और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार रामनाथ सीकरवार के पक्ष में तकरीबन डेढ़ किलोमीटर का रोड शो करेंगी।

इस बीच, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने आगरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चार जून को देश में भाजपा की विदाई तय है।

पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व ब्रज जोन के प्रभारी तौकीर आलम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकारों से क्षेत्र को डबल नुकसान उठाना पड़ा है।

# सामान्य वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति पर फैसला चुनाव बाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फॉर्म में गलती के कारण नहीं मिली छात्रवृत्ति

**अमृत विचार :** सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने पर निर्णय अब लोकसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। समाज कल्याण विभाग की कोशिश है कि इन्हें छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाए और दोबारा पोर्टल खोला जाए। इसके लिए 19 अप्रैल को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शासन स्तर पर हुई बैठक बेनतीजा रही थी।

18 जनवरी 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरे गए। फार्म भरने के दौरान कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर से हुई गलती की वजह से सामान्य वर्ग के 77,352 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारियों, कॉलेजों-विश्वविद्यालय और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काट रहे हैं।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अब इन वंचित छात्रों की छात्रवृत्ति पर फैसला चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद यानी जून महीने में होगा। चुनाव के बाद अगर इस छात्र-छात्राओं को दोबारा अवसर दिए जाने पर सहमति बनती है तो पोर्टल खोला जाएगा और वंचित छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे।

## सार-संक्षेप

### अगले सप्ताह घोषित होगा मदरसा बोर्ड का परीक्षा परिणाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद का परीक्षाफल अगले सप्ताह घोषित होने की संभावना है। बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल की परीक्षाओं के परीक्षाफल अगले सप्ताह घोषित किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसी को लेकर कई चरणों में बैठक भी की जा चुकी हैं।

### राष्ट्रीय शिल्पकार पार्टी ने एनडीए को दिया समर्थन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय शिल्पकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरके वर्मा ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और एनडीए को समर्थन करने की घोषणा की। वर्मा ने गुरुवार को रक्षामंत्री से मुलाकात की। बताया कि समाज का प्रदेश की 20 से 25 लोकसभा सीट पर सात से आठ प्रतिशत वोट है और निर्णायक भूमिका अदा करता है।

### पांच लाख वोटों के अंतर से जिताने का वादा निभाएगा रालोद

**अमृत विचार, लखनऊ :** रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने रक्षा मंत्री व लखनऊ संसदीय क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी राजनाथ सिंह से मुलाकात करने के बाद गुरुवार को संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें की। इंदिरा नगर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में भाजपा प्रत्याशी को पांच लाख वोटों के अंतर से जिताने के लिए जुटने का आह्वान किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि प्रत्याशी राजनाथ सिंह से पांच लाख वोटों से विजय के लक्ष्य को पूरा करने में पूर्ण सहयोग का वादा किया है। साथ ही उन्हें, अवगत कराया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देश पर वे सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता युद्ध स्तर पर एनडीए के सभी प्रत्याशियों के लिए जी जान से मतदाताओं से मुलाकात कर रहे हैं। सभी लोग मोहल्लों–मोहल्लों में जनसंपर्क अभियान चला कर सभी को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### नहीं बन रहे जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, 165 आवेदन लंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण इलाकों में सीआरएस पोर्टल पर जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं। इससे लोगों के योजनाओं व अन्य कार्य प्रभावित हैं। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने 1 से 23 अप्रैल तक पोर्टल पर आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान 165 जन्म–मृत्यु के आवेदन लंबित पाए। नाराजगी जताते हुए सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत को आवेदन पंजीकृत इकाइयों से स्वीकृत कराने के निर्देश दिए हैं।



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में मौजूद प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, डॉ सुधा मिश्रा व प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव अनामिका यादव।

### 10 वर्षों में देश में प्रताड़ित की गईं नारियां : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रदेश व देश में नारियां प्रताड़ित की गई हैं। पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, डॉ सुधा मिश्रा व प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव वॉर रूम सदस्य अनामिका यादव ने कहा कि चाल–चरित्र और नैतिकता की बात करने वाली भाजपा के राज में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ता जा रहा है। एनसीआरबी के आंकड़ों से यह जाहिर हो गया है। इतना ही नहीं, भाजपा के तमाम नेता इन अपराधों में लिप्त हैं। पार्टी नेता गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं। नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार के 10 सालों में नारी प्रताड़ित की गई। हाथरस, उन्नाव, मणिपुर, देहरादून हो या कर्नाटक, एक बात स्पष्ट है कि भाजपा असल में बलात्कारी बचाओ, बलात्कारी भगाओ की पार्टी बन गई है।

# आखिरकार एसटीएफ के कब्जे में आया कोहिनूर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मप्र. और उप्र. में दर्ज हैं चोरी की कई एफआईआर, 20 हजार का इनाम घोषित था

**अमृत विचार :** मध्य प्रदेश में ताबड़तोड़ बड़ी चोरियों को अंजाम देने के बाद उप्र. पुलिस के लिए चुनौती बना कोहिनूर आखिरकार एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया। आलम यह था कि गाजियाबाद पुलिस ने कोहिनूर पर 20 हजार का इनाम रख दिया था। बुधवार को गाजियाबाद के एक बड़े ज्वैलरी शोरूम में चोरी करने के बाद गुरुवार को वह एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया। इस चोर के खिलाफ मप्र. में चोरी से जुड़े नौ एफआईआर पहले से दर्ज हैं। मप्र. पुलिस लंबे समय से इस चोर की तलाश कर रही थी।

एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा के मुताबिक, कोहिनूर नामक यह चोर घुमंतू जनजाति पादरी गिरोह का सदस्य था। मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाता था। इस तरह से इसके खिलाफ नौ एफआईआर केवल मप्र पुलिस ने दर्ज कर रखी हैं। लंबे समय मप्र. पुलिस इसकी तलाश कर रही थी। मूल रूप से थाना झागर, जिला गुना का रहने वाले कोहिनूर ने बुधवार को बेहटा गाजियाबाद स्थित संटू-सोनू ज्वैलर्स शोरूम में बड़ी चोरी की थी। इस दौरान डीएसपी एसटीएफ नवेंदु कुमार लगातार इससे जुड़ी सूचनाओं को संकलित कर रहे थे। इस तरह गाजियाबाद के थाना लोनी बार्डर से गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 310 ग्राम चांदी और एक पिस्टल भी बरामद किया गया है।

### पशु चिकित्सालयों पर पहुंचीं रेबीज वैक्सीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पशु पालन विभाग ने चिकित्सालयों पर रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई है। इससे वैक्सीन की समस्या नहीं रहेगी और पशुओं को निशुल्क लगाई जाएगी।

पशु पालन निदेशालय ने चिकित्सालयों पर रेबीज वैक्सीन के आपूर्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें राजकीय पालीक्लीनिक लखनऊ को एक हजार वैक्सीन दी है। इसी तरह अन्य जिलों के सभी अस्पतालों पर भेजी हैं, क्योंकि अक्सर अस्पतालों में रेबीज वैक्सीन की कमी रहती है और पशुपालक बाहर से मंगाकर लगवाते हैं। यह वैक्सीन पशुओं को प्री बाइट एंड पोस्ट बाइट यानी पशुओं के आपस में काटने और नियमित टीकाकरण के दौरान निशुल्क लगाई जाएगी। निदेशक रोग नियंत्रण पीएन सिंह ने बताया कि 15 मई से गला घोंटू निशुल्क टीका अभियान शुरू होगा। इसकी वैक्सीन जिलों को उपलब्ध करा रहे हैं।

# शराब घोटाला : एक और आरोपी गिरफ्तार

## एक नेता, दो आईएएस, एक विशेष सचिव हैं नामजद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित शराब घोटाले में शामिल एक आरोपी को गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में छत्तीसगढ़ राज्य के दो वरिष्ठ आईएएस, एक विशेष सचिव, एक राजनेता के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया था। सभी आरोपी जेल में निरुद्ध हैं। पांचवें आरोपी विधु गुप्ता को एसटीएफ कार्यालय से ही हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ रायपुर स्थित प्रवर्तन निदेशालय के उपनिदेशक हेमंत ने मुकदमा पंजीकृत कराया था।

**इनके खिलाफ ईडी ने दर्ज कराया था मुकदमा :** छत्तीसगढ़ के तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास, आईएएस, एमडी सीएसएमसीएल व विशेष सचिव आबकारी अरूण पति त्रिपाठी, राजनेता अनवर ढेवर, तत्कालीन सचिव इंडस्ट्रीज छत्तीसगढ़ अनिल टुटेजा, आईएएस एवं विधू गुप्ता, डारयरेक्टर, पीएचएसएफ प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा।

**प्रति माह 400 ट्रक अवैध मदिरा होती थी सप्लाई :** एसटीएफ अफसरों के मुताबिक इस गैंग के द्वारा 2019 से 2022 तक अवैध मदिरा की सप्लाई की गई, जो प्रतिमाह 400 ट्रक तक होती थी। नामजद अभियुक्त विधू गुप्ता, डायरेक्टर, पीएचएसएफ प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा द्वारा राज्य आबकारी विभाग छत्तीसगढ़ को होलोग्राम आपूर्ति का कार्य प्राप्त करने के लिये 90 लाख रुपये रिश्वत दी गई है।

### डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर हुआ था खेल

एसटीएफ अफसरों के मुताबिक इस प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य में शराब माफिया व सरकार के कुछ उच्च पदस्थ अधिकारियों की मिलीभगत से राज्य द्वारा संचालित एवं नियंत्रित मदिरा की दुकानों से अवैध मदिरा की बिक्री की जा रही थी। नामजद अभियुक्त विधू गुप्ता के द्वारा सीएसएमसीएल के एमडी अरूण पति त्रिपाठी के निर्देशानुसार डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई छत्तीसगढ़ राज्य में इस कार्य में संलिप्त गैंग को दी जाती थी। गैंग के सदस्यों द्वारा उक्त डुप्लीकेट होलोग्राम को सीधे डिस्टलरीज (1– मेसर्स वेलकम डिस्टलरीज 2– छत्तीसगढ डिस्टलरीज, लिमिटेड, 3– भाटिया वाईन एण्ड मर्चेण्ट प्राइवेट लिमिटेड) पहुंचा दिया जाता था। वहां पर इन डिस्टलरियों के द्वारा उक्त होलोग्राम को अवैध मदिरा की बोतलों पर चिपका करके उन बोतलों को राज्य के चिन्हित 15 जनपदों के आबकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा फर्जी ट्रांसिट पास पर सीएसएमसीएल की दुकानों पर ले जाया जाता था। इस प्रक्रिया में सम्मिलित नीचे से ऊपर तक के हर व्यक्ति का कमीशन फिक्स था।

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
— A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC —
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत नि:शुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोन: 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency



## शहर में आज

- एलडीए कालोनी कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर गुरबानी का पाठ और शबद कीर्तन - 4:00 बजे।
- थ्रस्ट थियेटर में भारतेन्दु नाट्य अकादमी की ओर से नाटक दफ्न करो का मंचन- 6:30 बजे
- संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाट्य संस्था मंचकृति के तत्वावधान में नाटक 36 एक्सटेंशन धुआं-धुआं का मंचन- 7:00 बजे।

# बभनान चीनी मिल बेचने का झांसा देकर करोड़ों रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जौनपुर और लखनऊ के जालसाजों ने कानपुर के कारोबारी को बनाया शिकार
- मालिकाना हक न मिलने पर थाने पहुंचा पीड़ित
- हजरतगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बस्ती जिले की बभनान चीनी मिल को बेचने का झांसा देकर जालसाजों ने कानपुर के एक कारोबारी से करोड़ों रूपये ठग लिए। कई महीने बाद भी मिल पर मालिकाना हक न मिलने पर कारोबारी ने पुलिस से संपर्क किया तब उसे ठगी का पता चला।

पीड़ित ने हजरतगंज पुलिस को 26 लाख रुपये खाते से और कुछ नकद भुगतान करने की जानकारी दी है। पुलिस का मानना है कि ब्लैक मनी छिपाने के लिए कारोबारी पेशगी में दिए गए रुपयों की सही जानकारी नहीं दे रहा। पुलिस एफआईआर दर्जकर करोड़ों रुपये की हेराफेरी मानकर छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक बभनान फेनिल शुगर मिल पूर्वांचल में सबसे अधिक गन्ने की पेराई करती है। उत्पादन क्षमता ज्यादा होने की वजह से यह मिल हर साल फायदे में रहती है। यही वजह है कि कई बड़े कारोबारी इसे खरीदना चाहते हैं। इस मिल के सौदे की जानकारी होते ही पुलिस सक्रिय हो गई और तहरीर मिलते ही एफआईआर दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी गई।

हजरतगंज इंस्पेक्टर ने बताया कि कानपुर के हंसपुर नौबस्ता निवासी व्यापारी शैलेंद्र अवस्थी की आर्वी पैरेंटर्स नाम से फर्म है। उन्होंने कोतवाली पहुंचकर बताया कि मिल का स्क्रैप खरीदने के सिलसिले में उनकी मुलाकात जौनपुर के बदलापुर धनियामऊ निवासी सीबी सिंह से हुई थी। सीबी सिंह ने उन्हें हजरतगंज के सप्रू मार्ग स्थित रोहित भवन निवासी कमरूद्दीन जलालुद्दीन से मिलवाया। बताया कि कमरूद्दीन बड़े स्क्रैप कारोबारी हैं। उनकी मल्टी ट्रेडिंग एंड सर्विसेज नाम की फर्म स्क्रैप का कारोबार करती है। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक पीड़ित कारोबारी शैलेंद्र ने प्रार्थना पत्र दिया है। जांच कराया गया तो स्क्रैप और मिल का सौदा करने के नाम पर ठगी की पुष्टि हुई। जांच शुरू कर दी गई है।

### काम शुरू करने मिल पहुंचे तो हुआ खुलासा

शैलेंद्र के मुताबिक रुपये मिलने के बाद दोनों ने एक सप्ताह बाद चीनी मिल पहुंचने को कहा। 16 जून 2023 को वह मजदूर व कारीगर लेकर काम शुरू करने पहुंचे, तो दोनों आरोपियों ने काम रोकने को कहा। लगातार तीन माह तक टालमटोल करते रहे। इसी बीच शैलेंद्र को पता चला कि दोनों चीनी मिल बेचने का झांसा देकर कई कारोबारियों से करोड़ों रुपये ठग चुके हैं। इसके लिए फर्जी दस्तावेज का प्रयोग किया। शैलेंद्र ने इसके सारे साक्ष्य जुटाए। फिर आरोपियों से रुपया वापस मांगा। काफी दिन टालमटोल के बाद आरोपियों ने कई बैंक खातों के चेक दिए। चेक बैंक में अनादरित हो गया। रुपये मांगने पर जालसाजों ने जान से मारने की धमकी दी।

### स्क्रैप से शुरू हुई डील, मिल बेचने का कर डाला सौदा

शैलेंद्र के मुताबिक उनको बताया गया कि बस्ती के बभनान स्थित फेनिल सुगर लि. का स्क्रैप खरीद लिया है। इसके लिए 80 करोड़ का सौदा किया है। सारी कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। दोनों ने शैलेंद्र को मिल से स्क्रैप खरीदने और बैंक में 80 करोड़ रुपये जमा कराने दस्तावेज दिखाए। इसी दस्तावेज के आधार पर 9 जून 2023 को आर्वी पैरेंटर्स और जी मल्टी ट्रेडिंग एंड सर्विसेज के बीच समझौता पत्र बनवाया। झांसे में आए शैलेंद्र ने 26 लाख रुपये कमरूद्दीन की फर्म के खाते में जमा करा दिए। इस दौरान मिल खरीदने का भी सौदा कर लिया। हामी भरने के बाद पेशगी के तौर पर कई बार नकद रुपये लिए।

## मकान में सेंध लगाकर चोरी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर में नकब लगाकर सामान पार कर दिया। थाना अंतर्गत गोड़वा गांव निवासी रुपेश रावत बुधवार रात परिवार के साथ घर पर सो रहे थे। गुरुवार सुबह उठे तो मकान के पिछले हिस्से की दीवार में नकब लगी मिली। इसके साथ ही अलमारी का ताला टूटा मिला और गहने व नकदी साफ मिली। उन्होंने करीब 5 लाख के गहने और 40 हजार नकदी गायब होने की बात कही।

## एक नजर

### महिला डॉक्टर से ठगे 75 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** जालसाजों ने मुंबई क्राइम ब्रांच का अफसर बन महिला चिकित्सक को मनी लॉड्रिंग में गिरफ्तारी की धमकी देकर 75 हजार रुपये वसूल लिये। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने गुडम्बा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना अंतर्गत जानकीपुरम के सेक्टर-जी निवासी डॉ. सुनीता अंबर का कहना है कि 28 फरवरी की सुबह 10 बजे उन्हें अनजान नंबर से कॉल आई। उधर से कहा कि उनके आधारकार्ड से अवैध कंसाइनमेंट बुक है। उनके खिलाफ मुंबई क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज की गई है। जालसाज ने वीडियो कॉल से दूसरे जालसाज से बात कराई, जिसने खुद को मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच का अफसर बताया। उन्हें अवैध कंसाइनमेंट भेजने और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार करने की धमकी दी। इससे डर कर डॉक्टर ने जालसाज को दो बार में 75 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये।

### कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने इंदिरा नगर में अपने केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूजा पाठ कर किया। पूर्वी विधानसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी डॉ. आशीष दीक्षित ने बताया कि अब से विधानसभा उपचुनाव के समस्त कार्यक्रमों का संचालन इसी कार्यालय से होंगे। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, पूर्वी विधानसभा के कांग्रेस के नेता सुरेंद्र शुक्ला, शिव कुमार पाण्डेय, सपा नेता सत्यप्रकाश मिश्रा, रघुवीर सिंह परिहार, सुभाष उप्रेती, बनी सिंह, नीरज ओझा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केके स्पन के निदेशक व ठेकेदार पर प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

फॉलोअप

- ठेकेदार के सहयोगी पर भी गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज गिरफ्तारी को टीमें बनीं
- छोटे पुत्र ने बिना ऑक्सीजन मास्क व सुरक्षा उपकरण के मैनहोल में उतारने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** सीवर लाइन में सफाई के दौरान मजदूर पिता-पुत्र की मौत के मामले में केके स्पन कंपनी के डायरेक्टर हिमांशु, ठेकेदार केएस पाण्डेय और सहयोगी कैलाश पर गैर इरादतन हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। मृतक के सोबरन के छोटे बेटे विनय की शिकायत पर वजीरगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई की है। बेटे ने ठेकेदार पर ऑक्सीजन मास्क, सुरक्षा उपकरण के बिना ही मैनहोल में उतारने का आरोप लगाया है।

सीतापुर के कमलापुर गांव निवासी विनय यादव ने शिकायती पत्र में बताया कि पिता सोबरन यादव और भाई सुशील छह साल से हरियाणा, फरीदाबाद की कम्पनी केके स्पन इंडिया प्रा. लि. में सीवर सफाई का काम कर रहे थे। वह लखनऊ से पहले कई अन्य जिलों में भी कम्पनी की साइट पर काम करने गए थे। कम्पनी के डायरेक्टर हिमांशु गुप्ता, ठेकेदार केएस पाण्डेय, कैलाश दीक्षित ने पिता और भाई को लखनऊ में काम के लिये बुलाया था।

बुधवार दोपहर करीब तीन बजे पिता और भाई को बिना मास्क, सुरक्षा उपकरण दिए ही मैनहोल में उतार दिया गया। सीवर लाइन में जहरीली गैस से दोनों बेहोश होकर गिर पड़े। यह देख उनके साथी भाग निकले थे। दोनों को दमकलकर्मियों की मदद से बाहर सीवर लाइन से निकालकर अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। दबिश दी जा रही है। जल्द ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बेटे की शादी के बाद लखनऊ आए थे सोबरन

12 दिन पहले थी सोबरन के छोटे बेटे विनय की 18 अप्रैल को शादी थी। बहू को विदा कराने के बाद सोबरन और सुशील दो दिन पहले ही लखनऊ आए थे। घर में खुशी का माहौल था। हादसे ने परिवार को सदमे में डाल दिया है।

## इंजीनियर की मौजूदगी में होगी सीवर की सफाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- काम में लगाए गए कर्मचारियों व मजदूरों की अधिकारियों को सूचना भी देगा ठेकेदार

**अमृत विचार :** रेजीडेंसी के पास बुधवार को बिना सुरक्षा उपकरण सीवर लाइन में उतरे मजदूर बाप-बेटे की मौत के बाद जल निगम अधिकारियों की नींद टूटी। अब ठेकेदार को सीवर लाइन की सफाई में लगाए जाने वाले मजदूरों या कर्मचारियों की पहचान बतानी होगी। यह भी जानकारी देनी होगी कि कब और कहां काम किया जाएगा। कार्य के दौरान जल निगम के कर्मचारी और अभियंता भी मौजूद रहेंगे।

सफाई के दौरान कर्मचारी सभी जरूरी सुरक्षा उपकरण पहने इसका ध्यान भी रखना होगा। जलकल विभाग ने सीवर सफाई का काम देख रही सुऐज इंडिया को सीवर सफाई केवल मशीनों से ही कराने के निर्देश भी दिए हैं। जलकल विभाग के सचिव रमेश चंद्र ने बताया कि सीवर की सफाई मशीनों से कराई जाती है। संकरी गलियों में भी कर्मचारी को सीवर में उतारने पर पाबंदी है। पतली गलियों में हैंड ड्राइवर मशीन से सीवर की सफाई कराई जाती है।

### सीवर सफाई के मैनुअल तरीके पर है प्रतिबंध

सीवर लाइन की मैनुअल सफाई पर प्रतिबंध है। बहुत आवश्यक होने पर सुरक्षा के लिये सभी कदम उठाने के बाद ही मजदूर या कर्मचारी को सीवर में उतारा जा सकता है। किंतु कंपनियां और विभाग नियमों का अनुपालन नहीं करते हैं।

### मजदूरों के आश्रितों को मिलेंगे 30-30 लाख

सफाई के लिए सीवर लाइन में उतरे सीतापुर जिले के ग्राम सरवरपुर निवासी पिता-पुत्र शोबरन और सुशील यादव की मृत्यु हो गई थी। गुरुवार को पोस्टमार्टम के दौरान जल निगम और केके स्पन कंपनी के अधिकारी उपस्थित रहे। जल निगम के अधिशासी अभियंता अतहर ने बताया कि जल निगम की ओर से परिजनों को 30-30 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की तैयारी है। परिवार सदमे में है, धनराशि लेने के लिये दो दिन का समय मांगा है।

## कर्मियों की जिंदगी से खेल रहा बिजली विभाग

**अमृत विचार :** बिजली विभाग भी अपने कर्मचारियों की जिंदगी से खेल रहा है। बिजली लाइन में खंभों पर काम करते समय कर्मचारियों को हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट और दस्ताने नहीं दिए जा रहे हैं। बुधवार को ऐसी ही लापरवाही ने सीवर लाइन की सफाई करते समय दो मजदूरों की जान चली गई थी। मजदूरों को मास्क और अन्य सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे। बिजली लाइन और ट्रांसफार्म आदि की मरम्मत कार्य के दौरान हादसे होते रहते हैं। इनमें कई कर्मचारियों की जान भी जा चुकी है। ज्यादातर हादसे हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट और दस्ताने आदि ने पहनने के कारण ही होते हैं। इसके बावजूद विभाग ठेकेदार और अभियंता लापरवाही बरत रहे हैं। गुरुवार को मुंशीपुलिया ओवरब्रिज के पास बिना सुरक्षा उपकरण के बिजली कर्मचारी केबल का तार खींचते नजर आए। ऊंचे खंभे पर सीढ़ी के सहारे काम कर रहे इन कर्मचारियों के हाथ में न दस्ताने थे और न ही शेफ्टी बेल्ट ही लगाए थे। कर्मचारियों के सिर पर हेलमेट भी नहीं थे।



मुंशी पुलिया ओवरब्रिज के पास सुरक्षा उपकरणों के बगैर कार्य करते बिजलीकर्मी।



राजधानी में चिलचिलाती धूप से बचने के लिए सिर पर दुपट्टा डालकर जातीं युवतियां। अमृत विचार

## गर्म हवाओं से कुछ राहत, पारा लुढ़का

**अमृत विचार, लखनऊ :** गर्म हवाओं से राहत मिली है। ऐसे में लखनऊ का तापमान 40 डिग्री से लुढ़ककर 35 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों का मानना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में चली ठंडी हवाओं का असर मैदानी क्षेत्रों में पड़ा है। ऐसे में तापमान में गिरावट आई है। गर्म हवाएं भी कम हुई हैं। लखनऊ और आसपास दिन का तापमान बीते दिन की अपेक्षा बेहतर रहा। गुरुवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं एक दिन पहले तापमान 39 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट रही। ये तापमान 20 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, पहाड़ों पर चली ठंडी हवाओं का असर मैदानी क्षेत्रों में रहा। यहीं कारण पश्चिमी क्षेत्रों में बूंदाबांदी की आशंका है। मध्य क्षेत्र में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

# मिलीभगत से होटल बनवाने वाले लेखपाल पर होगी विभागीय कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- नगर आयुक्त ने लेखपाल पर कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग को लिखा पत्र

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर तहसील के बेहटा में नगर निगम की जमीन पर मिलीभगत कर होटल बनवाने वाले लेखपाल मनोज कुमार आर्य पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। लेखपाल पर जिम्मेदारियों का निर्वहन न करने और सरकारी भूमि को क्षति पहुंचाने का आरोप है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने लेखपाल पर विभागीय कार्रवाई के लिए राजस्व परिषद को पत्र लिखा है। नगर निगम लेखपाल को राजस्व परिषद वापस भेज चुका है।

नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने तहसील और नगर निगम की टीम से जांच कराई थी। जिसमें नगर निगम के ग्राम बेहटा तहसील सरोजनीनगर के गाटा संख्या 299 बंजर और रास्ता तथा अन्य भूमि पर अकील खलील अहमद का कब्जा मिला था। लेखपाल ने उच्चाधिकारियों को किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी और अतिक्रमण रोकने तथा एनओसी के विपरीत बन रहे गाटा पर कोई कार्यवाही नहीं की। सरकारी भूमि को सुरक्षित करने का कोई भी प्रयास नहीं किया।

अकील ने गाटा संख्या 295 में होटल निर्माण के लिए नगर निगम से वर्ष 2019-20 में एनओसी ली थी लेकिन होटल नगर निगम की जमीन गाटा संख्या 299 की .126 हेक्टेयर रास्ता और .126 हेक्टेयर बंजर भूमि पर बना लिया। नगर निगम व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों ने भूमि का सीमांकन व जांच कराई तो खुलासा हुआ। अवैध कब्जे के प्रकरण की आख्या तहसीलदार सरोजनीनगर ने लेखपाल को 23 फरवरी 2024 को दी थी। इसके बावजूद लेखपाल ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### फोर सीजन होटल के संचालकों पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट के सेमरा में नगर निगम की जमीन पर फोर सीजन होटल बनाने के मामले में नगर निगम ने संचालकों पर चिनहट थाने में लोक क्षति निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। बना मानचित्र बने होटल को एलडीए सील का चुका है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि सदर तहसील के ग्राम सेमरा में गाटा संख्या 191 के रकबा 1.151 हेक्टेयर पशुचर, गाटा संख्या 192 रकबा .170 हेक्टेयर मरघट, गाटा संख्या 193 रकबा 10.063 हेक्टेयर चमड़ा निकालने के स्थान के नाम से दर्ज है। इसी तरह गाटा संख्या 211 रकबा 10.190 हेक्टेयर ऊसर व गाटा संख्या 195 रकबा .010 बंजर श्रेणी की भूमि है। इन गाटा की भूमि के .513 हेक्टेयर भाग पर अवैध रूप से फोर सीजन होटल व लॉन बना लिया। यह जमीन खाली कराई जाएगी। होटल लखनऊ विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना ही बनाया गया है। 29 अप्रैल को प्रवर्तन जोन एक की जोनल अधिकारी वंदना पांडे के निर्देश पर सहायक अभियंता और अवर अभियंता ने पुलिस बल के सहयोग से होटल को सील कर दिया था।

## सीबीएसई परीक्षा परिणाम जल्द होगा जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा का परिणाम जारी हो इसका इंतजार तेजी से हो रहा है, सबसे ज्यादा इंटर के बच्चों को इसकी चिंता है। कई विश्वविद्यालयों में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन शुरू हो गये हैं। सीबीएसई ने परिणाम की समीक्षा कर ली है। किसी भी समय घोषणा हो सकती है। पिछले बार की तर्ज इस बार भी परिणाम जारी किया जायेगा। पिछली बार सीबीएसई ने तारीखों का ऐलान पहले से नहीं किया था। लेकिन अब कहा जा रहा है परिणाम किसी भी समय जारी हो सकता है। परिणाम जारी होते ही अभिभावकों के मोबाइलन नंबर पर अलर्ट मैसेज भी जायेगा। परिणाम जानने के लिए सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in पर जाना होगा। ऐसे में छात्रों को वेबसाइट पर नजर बनाये रखना होगा। सीबीएसई बोर्ड पूर्व वर्षों की तरह ही इस बार भी कक्षा 10 और 12 के नतीजे एक ही दिन जारी करेगा। राजधानी में 40 केन्द्रों पर 38 दसवीं और बारहवीं के 38 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

अविष्कार | भाषा विश्वविद्यालय की टीम ने बनाया डायनामिक वायरलेस चार्जर ऑन द हाइवे

# सड़क पर चलते-चलते चार्ज हो जाएंगे इलेक्ट्रिक वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब आपका इलेक्ट्रिक वाहन सड़क पर चलते-चलते चार्ज हो जाएगा। भाषा विश्विवद्यालय के शोधार्थियों ने डायनामिक वायरलेस चार्जर ऑन द हाइवे नाम से अत्याधुनिक चार्जर तैयार किया है। शोधार्थियों का यह डायनामिक वायरलेस चार्जर जल्द ही आमजन के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए बाजार में तेजी से इलेक्ट्रानिक वाहन बढ़ रहे हैं। स्थिति ऐसी ही रही तो वर्ष 2050 तक सड़कों पर चलने वाहनों में इलेक्ट्रानिक वाहनों की संख्या 80 फीसद तक पहुंच जाएगी। इलेक्ट्रानिक वाहनों को चार्ज करने के लिए विवि के शोधार्थियों ने डायनामिक वायरलेस चार्जर बनाया है। शोधार्थी इंजीनियरिंग छात्र ह्देश कुमार यादव ने कहा कि ई रिक्शा और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने में घंटों का समय लगता है। इससे छुटकारा दिलाने के लिए डायनामिक वायरलेस चार्जर ऑन द हाइवे नाम से चार्जर तैयार कर लिया है। इसके सहारे बिना रुके 400 किमी की यात्रा की जा सकती है। कुलपति ने बताया कि प्रदूषण को कम करने वाले ऊर्जा स्रोत को स्वीडन की कंपनी काईपर ने भी सराहा है। कहते हैं कि वे भी इसी फार्मूले के सहारे कार्य कर रहे हैं। दावा है कि ये देश का पहला सफल शोध है।



मॉडल के रूप में नए शोध का प्रदर्शन करते भाषा विवि के शोधार्थी। अमृत विचार

- कुलपति का दावा- देश का पहला सफल शोध विवि में हुआ तैयार

### ऐसे करेगा चार्ज

डायनेमिक वायरलेस चार्जर इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन की मदद से कार्य करता है। इसका संबंध दो क्वाएल से है। पहला क्ववाएल वाहनों के नीचे लगाया जाएगा। दूसरा क्वाएल सड़क पर बिछेगा, जो कुछ दूरी पर लगाए जाएगा। जैसे ही वाहन रास्ते से गुजरेगा। इलेक्ट्रोमैग्नेट इंडक्शन वाहन में चार्जिंग करना शुरू कर देगा।

### टोल टैक्स की तरह वसूल सकते हैं चार्ज

शोधार्थी प्रियांशू प्रताप सिंह और तनिष्का चौहान का कहना है कि इस तरह के चार्जर हाइवे पर लगाना बेहतर रहेगा। जिस तरह से हाइवे से गुजरते समय वाहनों का टोल टैक्स लिया जाता है, उसी तरह एक नई लाइन बनाकर ऐसे वाहनों को चार्ज करने की सुविधा दी जा सकती है।

### शोध में इन्होंने किया मार्गदर्शन

प्रोजेक्ट सुपरवाइजर ई. अभिषेक अवस्थी, ई. सलमान अंसारी, इंजीनियरिंग विभाग के प्रभारी निदेशक प्रो. सैय्यद हैदर अली, ई. के शाह, ई. आस्था चौरसिया

# खुर्रमनगर पुल रोड पर 5 से 15 तक डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** खुर्रमनगर पुल एनएच-24 ए पर फोर लेन एलीवेटेड रोड के निर्माण के चलते 5 से 15 मई तक डायवर्जन रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि रिटेनिंग वाल, सर्विस लेन और ईपीसी पर जंक्शनों का सुधार कार्य किया जाना है। बताया डायवर्जन के दौरान किसी को समस्या होने पर कंट्रोल रूम के नंबर संपर्क कर सकते हैं।

**आवाजाही में यह रहेगा बदलाव**

- इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, कुर्सी रोड से टेढ़ी पुलिया की ओर जाने वाले वाहन खुर्रमनगर व मुंशीपुलिया चौराहा से सीधे न जाकर मामा चौराहा से बायें मुड़कर विकासनगर मोड़ से दाहिने, रहीमनगर चौराहा होकर निकलेंगे।
- मुंशी पुलिया/सेक्टर-25 चौराहा से टेढ़ीपुलिया चौराहा की ओर जाने वाले वाहन सीधे टेढ़ीपुलिया चौराहा न जाकर कल्याण अपार्टमेंट से बायें मुड़कर सर्वोदय नगर बंधा रोड होकर रहीमनगर की ओर आवाजाही करेंगे।
- विकासनगर मोड़ से पिकनिक स्पाट के बीच वाहनों की आवाजाही रहेगी।
- समता मूलक चौराहा व सर्वोदयनगर से टेढ़ी पुलिया की ओर जाने वाले वाहन कल्याण अपार्टमेंट होकर टेढ़ीपुलिया चौराहा नहीं जा सकेंगे। यह वाहन रहीमनगर चौराहा से दाहिने विकासनगर मोड़ तिराहा से बायें मुड़कर मामा चौराहा होकर निकलेंगे।

### रोडवेज और सिटी बसें इन रास्तों से जाएंगी

- इन्दिरानहर की तरफ से टेढ़ी पुलिया की ओर जाने वाली रोडवेज व सिटी बसें न्यू हाईकोर्ट मोड़ से बायें मुड़कर इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान से दायें पिकअप भवन के सामने से डिगडिगा चौराहा, समतामूलक, 1090, बंदरियाबाग, हजरतगंज, सुभाष, आईटी चौराहा होकर आवाजाही करेंगी।
- इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, कुर्सी रोड से टेढ़ी पुलिया चौराहा जाने वाली रोडवेज व सिटी बसें खुर्रमनगर चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगी। यह बसें मामा चौराहा से दाहिने मुड़कर आईटी से सुभाष से हजरतगंज, बंदरियाबाग चौराहा होकर आवाजाही करेंगी।

## एक नजर

### लविवि-भाषा विवि में 42,898 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और भाषा विश्वविद्यालय में तीन पालियों में परीक्षा के आयोजन हुए। कुल 42,898 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। दोनों ही विश्वविद्यालयों में कैमरे की निगरानी के दौरान कोई भी परीक्षार्थी अनुचित सामग्री के साथ नहीं मिला। लखनऊ विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में चौथे दिन भी परीक्षाओं के आयोजन हुए। पहली पाली में 12 हजार 500 परीक्षार्थी सम्मलित हुए। दूसरी में इनकी संख्या बढ़कर 24 हजार 84 हो गई। वहीं तीसरी पाली में प्रतिभागी छात्रों की संख्या घटकर 4632 रह गई। कुल 41,216 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि 395 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। लखनऊ के अलावा सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली में आयोजित परीक्षाओं में कोई भी छात्र अनुचित सामग्री के साथ नहीं मिला। तीनों पालियां कैमरों की निगरानी में संपन्न हुईं। उधर, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के केन्द्राध्यक्ष प्रो. चंदना ने बताया कि परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में कुल 1682 विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। परीक्षा में 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# पुनर्वास विवि में कुलपति की नियुक्ति का मामला पहुंचा चुनाव आयोग

## सवाल-जवाब शुरू, जल्द होगी नए कुलपति की तैनाती

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्ति प्रकरण चुनाव आयोग तक पहुंच गया है। मामले में विवि प्रशासन से सवाल-जवाब शुरू हो गए हैं। माना जा रहा है कि बढ़ती विभागीय प्रक्रिया के बीच नए कुलपति की अटकी तैनाती जल्द हो जाएगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राणा कृष्णपाल सिंह फरवरी माह में हटे थे। 21 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रो. हिमांशु शेखर झा को नियुक्त किया। नियुक्ति के ठीक 10 दिन बाद राज्यपाल ने आदेश जारी करते हुए बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह को पुनर्वास विवि की कमान सौंप दी। किसको चार्ज मिलेगा, कौन कार्य कराएगा, इन्हीं सवालों के बीच कुलाधिपति का पत्र 30 दिनों तक अपनी विभागीय प्रक्रिया पूरी करता रहा। इसी के बाद बीबीएयू के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने पुनर्वास विवि के अपने चार्ज को लेकर चुनाव आयोग को एक पत्र प्रेषित किया।

बताते हैं कि प्रो. सिंह ने चुनाव आयोग से हस्तक्षेप कर चार्ज दिलाए जाने की बात रखते हुए अपना पूरा पक्ष पत्र के माध्यम से रखा है।

आयोग तक मामला पहुंचते ही गुरुवार को विवि की प्रक्रियाओं में तेजी आ गई। जानकारों की मानें तो सवाल-जवाब भी जिम्मेदारों से किये गए। माना जा रहा है कि पुनर्वास का चार्ज मिलने की रार जल्द ही खत्म हो जाएगी।



> मेरी नियुक्ति का आदेश कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दिया था। विभागीय प्रक्रिया चल रही थी। इसी दौरान आचार संहिता लग गई। ऐसे में चुनाव आयोग को पत्र प्रेषित कर अनुमति मांगी है, ताकि चार्ज लेकर विवि का कार्य सुचारू रूप से आरंभ कराया जा सके।
>
> – प्रो. संजय सिंह कुलपति, बीबीएयू

### इस तरह से पूरी होगी विभागीय प्रक्रिया

पुनर्वास विवि के प्रो. यशवंत विरोदय कहते हैं कि कुलपति की नियुक्ति को लेकर प्रमुख सचिव के निर्देशन में एक समिति बनी है। इसमें नियुक्ति संबंधी पत्रावलियां भेजी जाती हैं। इन पत्रों को प्रमुख सचिव के माध्यम मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास भेजा जाता है। वहां से ये पत्र मुख्य चुनाव आयुक्त तक पहुंचता है। वहां से अनुमति मिलने के बाद कार्यभार ग्रहण की प्रक्रिया पूरी हो जाती है।

### कुलाधिपति को रिपोर्ट देने के लिए बैठक

विवि में कुलाधिपति को रिपोर्ट देने के लिए एक बैठक हुई। इसमें कार्यवाहक कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा मौजूद रहे। बताते हैं कि विभागाध्यक्षों के साथ मिलकर कई विषयों पर चर्चा की गई। रिपोर्ट शुक्रवार को प्रेषित की जाएगी। इसलिए सभी प्रपत्रों को देर शाम तक तैयार किया जाता रहा। हालांकि इस बैठक को चार्ज लेने के प्रकरण से विवि प्रशासन देर रात तक इंकार करता रहा।

> बीबीएयू के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने चुनाव आयोग को पत्र भेजा है, इसमें उन्होंने कुलाधिपति के आदेश का हवाला देते हुए विवि में बतौर कुलपति की नियुक्ति के लिए अनुमति मांगी है। आदेश होते ही चार्ज दिलाया जाएगा।
>
> – प्रो. हिमांशु शेखर झा, कार्यवाहक कुलपति, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

# आचार संहिता के बाद गैर मान्यता वाले स्कूलों के खिलाफ चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सभी खंड शिक्षा अधिकारियों की तय हुई थी जिम्मेदारी

अमृत विचार : गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ अचार संहिता हटते ही अभियान शुरू हो जायेगा। प्रत्येक ब्लॉक में विद्यालयों को पता लगाने की जिम्मेदारी खंड शिक्षा अधिकारियों की तय हुई है। इसके बाद भी किसी ब्लॉक में बिना मान्यता के विद्यालय चलता पाया गया तो इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मेदार माना जाएंगा।

इस संबंध में जारी आदेश के बाद जैसे ही बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने अभियान की योजना तैयार की वैसे ही आचार संहिता लग गई। लेकिन अब आचार संहिता हटते ही कार्रवाई शुरू हो जायेगी। वहीं खंड शिक्षा अधिकारियों ने यदि इस दौरान गलत सूचना दी तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती हैं।

### मान्यता के लिए सत्यापन बाद में

प्राइवेट विद्यालयों की मान्यता के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन चल रहे हैं। लेकिन इसका भौतिक सत्यापन अचार संहिता हटने के बाद होगा। इस बारे में अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा समय में चुनाव ड्यूटी को देखते हुए फिलहाल सत्यापन प्रक्रिया संभव नहीं है। ऐसे में अभी सिर्फ आवेदन लिए जा रहे हैं बाकी आगे की कार्रवाई बाद में की जायेगी।

# एकेटीयू के संस्थानों में लगेंगे इन्क्युबेशन सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय वन डिस्ट्रिक्ट, वन इन्क्युबेर की पहल कर रहा है। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया है कि इनोवेशन हब की अगुवाई में संबद्ध संस्थानों में 300 इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित किये जा रहे हैं।

शुक्रवार को इनोवेशन हब के साथ कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, झांसी, बरेली के करीब 150 संबद्ध संस्थानों के प्रतिनिधियों की ऑनलाइन मीटिंग होगी। मीटिंग में इन्क्युबेशन सेंटर को स्थापित करने की रूपरेखा पर चर्चा होगी। बता दें कि विश्वविद्यालय में 750 से अधिक कॉलेज संबद्ध हैं। इन संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित होने से छात्रों के साथ ही आमजन का भी फायदा होगा।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–टेन्डर निविदा सूचना संख्या एसएण्डटी/कान/ई–टेन्डर/08/2024

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई–टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं।

**निविदा सूचना सं० एवं कार्य का विवरण:** एस एण्ड टी/कान/ई–टेन्डर/08/2024: **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में गोंडा कचेहरी (फेज–2) घाघरा घाट एवं जरवल रोड स्टेशन पर एप्रूव्ड नवीनतम ऐसआईपी के अनुसार यार्ड से पास होने वाली तीसरी लाइन के सम्बन्ध में पूर्ण रूपेण सिग्नलिंग व्यवस्था एवं यू ऍफ़ ऐस बी आई के प्रावधान हेतु क्योसन मेक आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन संख्या RDSO/SPN/192/2019 VER-2 अथवा नवीनतम (नवीनतम संशोधन के साथ) इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के डिजाइन, प्रोग्रामिंग, इंस्टालेशन, सप्लाई टेस्टिंग एवं कमीशनिंग के सम्बन्ध में सिग्नल एवं दूरसंचार का एडिशन/अल्टरेशन कार्य **बयाना राशि (रू०) 405900.00 अनुमानित लागत (रू०) 51181889.64 स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 माह निविदा बन्द होने की तिथि: दिनांक 23.05.2024 को 15:00 बजे।**

**नोट:**– • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नही है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। • निविदा दाता के पास क्लास–III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई–निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

मु०सि०दू०इं०/निर्माण

मुजाधि/सिग्नल–04 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# प्रेरणा पोर्टल पर आ रही दिक्कत तो कैसे अपलोड हो डाटा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ गर्मियों की छुट्टियों में देना है बच्चों को यूनिफॉर्म का बजट

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग के प्रेरणा पोर्टल पर डाटा फीडिंग में दिक्कत आ रही है। शिक्षकों का कहना है कि सर्वर डाउन होने के चलते अभिभावकों और बच्चों का ब्योरा नहीं फीड हो पा रहा है। शिक्षकों ने बताया कि पोर्टल की दिक्कत दूर नहीं हुई तो डाटा फीडिंग में और ज्यादा समय लग सकता है। इस संबंध में निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि एनआईसी से सपंर्क किया गया है समस्या दूर होगी।

बता दें कि गर्मियों की छुट्टी में सभी अभिभावक अपने बच्चों को यूनिफॉर्म, स्कूल, बैग, जूता-मोजा व स्टेशनरी दिला सकें इसके लिए डीबीटी के जरिए अभिभावकों के खाते में बजट भेजने के निर्देश शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से दिए गए हैं। इसके लिए सभी अभिभावकों और बच्चों का डाटा आधार कार्ड के साथ पोर्टल पर समय से अपलोड करना होगा। यदि डाटा समय से अपलोड नहीं हो पाता है तो बच्चों को सुविधाएं मिलने में देरी होगी।

## आंदोलन में कवि इकबाल ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग ने दो व्याख्यानों का आयोजन किया। पहला व्याख्यान अल्लामा इकबाल पर आधारित रहा। वहीं दूसरे में शोध पद्धति पर चर्चा की गई।

विवि में आयोजित कार्यक्रम में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग के प्राचार्य डॉ. आमिर रियाज ने अल्लामा इकबाल के दार्शनिक विचारों एवं उनकी नज्मों का उल्लेखित किया। कहा कि इकबाल कवि के साथ प्रसिद्ध दार्शनिक भी थे। इकबाल के दर्शन में इश्क मजाजी एवं इश्क हजाजी को इहलोक प्रेम तथा परलोक के प्रेम के रूप में वर्णित किया। प्रो. राकेश चंद्रा ने शोध के प्रश्न, परिकल्पना, परिभाषा, प्रकार एवं प्रविधि पर चर्चा की। इस दौरान काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एनईपी के तहत पढ़िए एलएलएम व एमबीए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : पुनर्वास विवि इस बार एलएलएम, बीबीए और एमबीए में अतिरिक्त कक्षाओं की सुविधा देने जा रहा है। इसमें छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत अध्ययन कराया जाएगा।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में गुरुवार से शैक्षणिक सत्र में प्रवेश को लेकर आवेदन शुरू हो गए हैं। विवि की पहली प्राथमिकता एलएलएम, बीबीए और एमबीए को लेकर हैं। विवि के प्रवक्ता प्रो. यशवंत विरोदय बताते हैं कि प्रवेश पाने वाले छात्रों को अतिरिक्त कक्षाओं के साथ एनईपी के तहत अध्ययन कराया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित है। दिव्यांग छात्रों के लिए 50 फीसद आरक्षण की भी सुविधा है।

### स्नातक परीक्षाओं के लिए 30 जुलाई तक करें आवेदन

एमए में हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र विषयों में विवि ने 30 जुलाई तक आवेदन करने का अवसर दिया है। इसके साथ एमएससी (सांख्यिकी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी) में भी आवेदन किया जा सकता है। एमकॉम, एमबीए, एमसीए, एमएसडब्ल्यू, एमपीओ, एमटेक और एमएड भी इसी क्रम में शामिल हैं।

## पानी के दानी बनें कार्यक्रम की हुई शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : रवि चावला सेवा केंद्र द्वारा गर्मी से राहत देने के लिए पानी के दानी बनें कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत अस्पतालों में मरीज, गरीबों ,बेसहारा लोगों समेत सभी लोग जो इस तपती धूप में भी दिनभर काम करते हैं, ऐसे लोगों की प्यास बुझाने के लिए निशुल्क ठंडी पानी की बोतलों का वितरण किया गया।

संस्था के संयोजक अमित कुमार ने बताया कि गर्मी व धूप में लोगों का ठंडा पानी तलाशना पड़ता है। इसे ही ध्यान में रखते हुए रवि चावला सेवा केंद्र रोज जरूरतमंदों तक निशुल्क ठंडी पानी की बोतल पहुंचाएगा। इसके लिए जागरूक लोगों से पानी के दानी बनने की अपील की जा रही है।


अमृत विचार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम **गीता उर्फ राधा पत्नी राजेश कुमार उर्फ जादव, निवासी– ग्राम – घरकुंइया करनैलगंज, गोण्डा** है। मेरे उपरोक्त दोनों नाम है। अतः मुझे गीता उर्फ राधा के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मै **रीना कुमारी पत्नी स्व0 विजय प्रताप वर्मा, निवासी–482/80 मोहन मेकिंस गेट, इरादत नगर डालीगंज, लखनऊ** मैने अपने पुत्र विनायक कुमार का नाम बदलकर विनायक प्रताप वर्मा रख लिया है। अतः मेरे पुत्र का नाम विद्यालय अभिलेखों में विनायक कुमार के स्थान पर विनायक प्रताप वर्मा दर्ज किया जाय।

**सूचना**

पहले मेरा नाम KHUSHIYAA NIKHIL KORGAONKAR था अब मैने बदलकर अपना नाम KHUSHIYAN KORGAONKAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: NIKHIL ASHOK KORGAONKAR D/O RANJEETA BASRA R/O: LOTUS PANACHE, TOWER 12-1101, SECTOR-110, NOIDA, POST & MAHARISHI NAGAR, GAUTAM BUDH NAGAR, UP-201304.

**सूचना**

पहले मेरा नाम ALTAF था अब मैने बदलकर अपना नाम ALTAF ALI रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: SHAHADAT VILL- 203K/262, NAYI BASTI NABI ULLA ROAD, AMINABAD, LUCKNOW.**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे बेटे ध्रुव कुमार दूबे के सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल वर्ष 2022 के अंक प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम सुधा हो गया है। जबकि कक्षा 5 व कक्षा 8 के स्थानांतरण प्रमाण पत्र में सुधा दूबे है। यहां भी सुधा दूबे होना न्यायोचित है।– **सुधा दूबे पत्नी रवीन्द्र कुमार दूबे, निवासी– ग्राम – बरेहता,परगना चांदा,तहसील– लम्भुआ,जनपद सुल्तानपुर (उ.प्र.)**

**तलाश गुमशुदा**



नाम– **माजिद,** उम्र– **करीब 23 वर्ष**

**पिता– सकूर अली पुत्र जलालुद्दीन, निवासी– ग्राम– खामरिया कोतवाली निधासन जिला खीरी**

मेरा लड़का माजिद उम्र करीब 23 वर्ष जो दिनांक 08 जनवरी 2024 को अपने साथी सोनू गौतम पुत्र राम लखन, निवासी झउवापुरवा के साथ गुजरात मजदूरी करने गया था। जहाँ से मेरा लड़का गायब है काफी खोजबीन करने पर कोई पता नही चल पाया है। सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जाएगा।

**जिसका हुलिया :–** उम्र 23 वर्ष, कद 5 फिट 8 इंच, ऑख, नाक औसत, कान छिदा है बाली पहने है तथा पेन्ट शर्ट व जूता पहने है। मोबाइल नं0– 6361810727 है।

**सकूर अली पुत्र जलालुद्दीन, निवासी ग्राम खमरिया कोतवाली निघासन जिला खीरी। मो0– 9628811791, 7565992722**

**सूचना**

जरवल विकास खंड के ग्राम पंचायत धवरिया के प्राथमिक विद्यालय मे लगे पांच पेड़ यूकेलिप्टस का है जिसकी नीलामी दिनांक 04/05/2024समय 10 बजे तहसील मुख्यालय पर होगी जिसमे आप सभी लोग भाग ले सकते हैं जिसकी डुग्गी मुनादी भी कराई जा चुकी है

**सूचना**

मैने अपने पुत्र तौहीद अहमद व उसकी पत्नी अलफिशा के गलत आचरण और कारनामों से आजिज आकर सभी प्रकार के संबंध विच्छेद कर लिए है। साथ ही अपनी सभी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। तौहीद अहमद व उसकी पत्नी अलफिशा द्वारा भविष्य में किए गये सभी कार्यो के जिम्मेदार वह स्वंय होगे। **मोहम्मद सफी पुत्र स्वर्गीय रहीम बक्श पटेल नगर राजपुर, जनपद कानपुर देहात।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल श्रीमती प्रमिला अग्रवाल पत्नी श्री विजय कुमार अग्रवाल निवासी 108, चिंताहरण शिव मंदिर निकट भारतीय स्टेट बैंक सिविल लाइन हरदोई की सम्पत्ति स्थित मोहल्ला लाइनपुरवा, ग्राम नघेटा, परगना गोपामऊ, तहसील एवं जिला हरदोई, जिसका नगर पालिका नं. 103/5 है, जो पुराने भूखण्ड संख्या 38, 42 एवं नया संख्या 37, 39 है, के भाग पर निर्मित है, जिससे सम्बन्धित दस्ता. मूल बैनामा (chain deed) जो क्रमांक संख्या 6481 दिनांक 29/10/1988 पर उपनिबंधक हरदोई में पंजीकृत है। जो कि दिनांक 30.04.2024 को मेरे मुव्वकिल से गायब/गिर गये हैं। यदि किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्थान के पास दस्तावेज़ है या पाया गया है, तो कृपया वापस लौटाएं या इस संबंध में कोई रुचि या आपत्ति है, कृपया बी. एन. त्रिपाठी एडवोकेट को सूचित करें, पता सी–15, नेहरू विहार, कल्यानपुर, लखनऊ। मो0 9336127853


# फर्जी रजिस्ट्रियों के खेल में निबंधन विभाग के सारे दावे फेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एफआईआर के बाद फर्जी रजिस्ट्री के मामले ने पकड़ा तूल

▸▸ मोहर और हस्ताक्षर में अंतर विलेख पत्रों की गुणवत्ता भी अलग

अमृत विचार : फर्जी रजिस्ट्रियों के मामले में पल्ला झाड़ रहे निबंधन कार्यालय की गर्दन एक बैनामे में फंसती नजर आ रही है। एलडीए के भूखंड की एक रजिस्ट्री की नकल निकलवाने के दौरान इस बैनामे के सभी अभिलेख निबंधन कार्यालय में मिले। फर्जी रजिस्ट्रियों का मामला तब तूल पकड़ने लगा जब एक फर्जी रजिस्ट्री की एफआईआर विभूति खंड थाना में और चार वजीरगंज थाना में निबंधन विभाग ने दर्ज कराई। जो कार्यालय के कैश रजिस्टर (स्याहा) इंडेक्स में दर्ज नहीं है।

**गिरोह सक्रिय, मिलीभगत से हुए काम** : संपत्तियों की फर्जी रजिस्ट्री गिरोह के माध्यम से हुईं हैं। इसमें अधिकारी व कर्मचारी शामिल बताए जाते हैं। जो मिलकर संपत्तियों की बिक्री करता है या फिर कब्जा करता है। कहा, यह भी जाता है कार्यालय में जो रजिस्ट्री होती हैं वह फर्जी नहीं होती। जो स्टाम्प शुल्क आदि नियमानुसार प्रक्रिया के तहत होती हैं। लेकिन, क्रेता-विक्रेता व गवाह गलत जरूर खड़े किए जाते हैं। जिनकी पहचान नहीं हो पाती है। इनके फर्जी अभिलेखों की पुष्टि करना भी लाखों रजिस्ट्री में मुश्किल होता है। फर्जीवाड़ा खरीद-बिक्री, नकल निकालना, नामांतरण या एफआईआर होने पर ही पकड़ में आता है।




व्यापार मंडल के सदस्यों को शपथ दिलाते केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर। अमृत विचार

# डॉनी लाखन अध्यक्ष तो आरके यादव बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जनहित उद्योग व्यापार मंडल की जानकीपुरम इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 60 फिट रोड जानकीपुरम में आयोजित किया गया।

व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष केके अवस्थी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने डॉनी लाखन अध्यक्ष, आरके यादव महामंत्री, संतोष गुप्ता कोषाध्यक्ष को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके अलावा संजय त्रिपाठी, अनुपम अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अशोक कुमार शर्मा, ब्रजेश मौर्या, पंकज वर्मा, सुनील सिंह तोमर, शेखर गुप्ता, सोनू गुप्ता, विनोद कुमार संगठन मंत्री ने भी शपथ ली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, विशेष अतिथि विधायक डॉ नीरज बोरा ने दीपप्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री रमेश यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार यादव, राजन मल्होत्रा, राजेश गुप्ता, सुनील पांडेय, विनीत नरूला, सुनील सिंह समेत अन्य व्यापारीगण मौजूद रहे।

# लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति से मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




वाल्मीकि रंगशाला में पंख एक पहल फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोकगीत गातीं महिलाएं। अमृत विचार

▸▸ प्रशिक्षिका निधि श्रीवास्तव के निर्देशन में हुईं प्रस्तुतियां

अमृत विचार : पंख एक पहल फाउंडेशन ने गुरुवार की शाम संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में आठ दिवसीय प्रस्तुतिपरक कार्यशाला के बाद लोकनृत्य एवं लोकगायन की प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की रसमंच योजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत देवेंद्र मोहन व डॉ. मधु मोहन ने दीप प्रज्वलित कर की। रीना टंडन के साथ शिखा श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव, अनुमेहा गुप्ता, रश्मि उपाध्याय, वंदना शुक्ला, अलका चतुर्वेदी, अपर्णा सिंह, अनीता कुमारी, अल्पना श्रीवास्तव, सुषमा प्रकाश, पूर्णिमा धर्मेश, कविता सिंह, भारती श्रीवास्तव, मनीषा बिष्ट, शक्ति श्रीवास्तव, सरिता अग्रवाल, मधु श्रीवास्तव, सुमन शर्मा, डॉ. विनीता व संगीता श्रीवास्तव द्वारा गाये गीत छोड़ गए बेदर्दी हमका लेइ न गए गीत पर नृत्य प्रशिक्षिका निधि श्रीवास्तव के निर्देशन में नृत्य प्रस्तुत किये गए। अनामिका यादव, कशिश मेहरोत्रा, अनामिका यादव, देवकीनंदन शुक्ला, अभय सिंह और आकाश सैनी ने अपने नृत्य से दर्शकों को प्रभावित किया।

## अस्पताल के पर्चे पर मतदान की अपील

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अस्पताल के पर्चे पर मतदान करने की अपील की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी सरकारी अस्पतालों को निर्देश जारी किए गए हैं। शुक्रवार से इसे लागू करा दिया जाएगा। हालांकि बलरामपुर अस्पताल ने इसकी शुरुआत कर दी है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि सभी सीएचसी–पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पतालों में मतदान की अपील के संदेश वाली मुहर लगाने के निर्देश जारी किये गए हैं। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया इलाज के लिए बनाए जाने वाले पर्चे पर मतदान करने को लेकर खास संदेश छप कर आ रहा है। जिसमें लिखा है आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं, चुनाव का पर्व, देश का गर्व लोकसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य वोट जरूर दें।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– **ई–निविदा संख्या:** NER-LJN-2024-39; **कार्य का नाम:** गोरखपुर यांत्रिक कार्यशाला एवं स्टोर डिपो में सी.टी.आर.(एस) 9.699 ट्रैक कि.मी. टी.आर.आर.(एस) 1.141 ट्रैक कि.मी. एवं टी.एस.आर.(एस) 0.886 ट्रैक कि.मी. का कार्य।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹2,14,91,801.02; **अग्रिम धन(₹):** ₹2,57,500/-; **समापन अवधि:** 12 माह।

**1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2024-39 के लिए ई–निविदा दिनांक 24.05.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग

मुजाधि/डब्ल्यू–44 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :–

**मो. 9412151327, 7521001992**

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।

★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।

★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10, 9839163047 / 9956384848


## एक नजर

### जलकल विभाग के दो संघ आपस में भिड़े

**अमृत विचार, लखनऊः** जलकल नगर निगम नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ और जलकल-जलसंस्थान डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के पदाधिकारियों ने एक दूसरे पर अभद्र भाषा करने का आरोप लगाया है। दोनों संघों ने जलकल महाप्रबंधक को पत्र भेजकर विरोध जताया है। डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के उपाध्यक्ष भूल चंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि अतुल शर्मा नाम के व्यक्ति को विभाग में पदस्थ करने का दबाव बनाया जा रहा है। अतुल शर्मा की जलकल विभाग में मेसर्स हनुमन्त इन्टरप्राइजेज के नाम से फर्म रजिस्टर्ड है। ठेकेदार को जलकल विभाग में जलकल नगर निगम नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारी रखने के लिये दबाव बनाया जा रहा है। जलकल नगर निगम नियमित एवं आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने इन्दिरा नगर स्थित जोन सात कार्यालय में बैठक की। संयुक्त मोर्चा से अपना समर्थन वापस लेने के साथ जलकल प्रशासन से उचित कार्रवाई करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष नितिन त्रिवेदी ने आचार संहिता समाप्त होने के बाद प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

### वरिष्ठ लिपिक निलंबित बुकिंग क्लर्क को हटाया

**लखनऊ, अमृत विचार :** कैसरबाग बस अड्डे पर ठेके पर चल रही दुकानों में तय सामान के अलावा बेची जा रही वस्तुओं के मामले में वरिष्ठ लिपिक राजेश मिश्रा को निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा यहां के बुकिंग क्लर्क रामानंद सोनकर बस अड्डे से हटा कर क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय भेज दिया गया है। बस अड्डे पर मनमाने तरीके से सामान बेचने की शिकायत पर पिछले दिनों मुख्यालय के जीएम अशोक कुमार ने छापेमारी कर दुकानों में जांच की थी। बुधवार को उन्होंने कैसरबाग बस अड्डे पर भी की जानकारी ली। इस दौरान नियमों का पालन न कराने के मामले में वरिष्ठ लिपिक और बुकिंग क्लर्क के खिलाफ कार्रवाई की। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी के अनुसार नियमावली की शर्तों के अनुसार यहां के दुकानदार सामान बेच सकेंगे। उल्लंघन पर ठेका- अनुबंध दोनों ही निरस्त किया जाएगा।

# 225 करोड़ खर्च, 5 महीने काम फिर भी बिजली गुल

## भीषण गर्मी में मरम्मत के नाम पर 5 से 6 घंटे तक की जा रही कटौती, कई क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या से भी लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** बिजली की लाइनों, फीडर, ट्रांसफार्मरों आदि की मरम्मत में सिस गोमती और ट्रांसगोती क्षेत्रों में बिजली विभाग पांच महीने से मरम्मत का काम कर रहा है। मरम्मत पर अब तक 225 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इसके बावजूद इस भीषण गर्मी में मरम्मत के नाम पर प्रतिदिन कई-कई क्षेत्रों में 5 से 6 घंटे की कटौती की जा रही है, जबकि मरम्मत का यह काम 10 अप्रैल तक पूरा हो जाना चाहिए था।

बिजली विभाग पांच महीने से मरम्मत का काम करा रहा है। कई बार अधिकारियों ने सभी क्षेत्रों में काम पूरा होने का दावा किया, लेकिन कई क्षेत्रों की घनी आबादी में अभी भी तारों का मकड़जाल है। ढीले तार हवा चलने पर टकराते हैं, जिससे फाल्ट होता है। स्पार्किंग से ट्रांसफार्मर भी जल रहे हैं। लटकते तार के साथ जम्फर का जलना, पेटीफ्यूज की समस्या भी बनी है।



बिजली के खंभे पर मकड़जाल की तरह उलझे तार।

"शहर को चौबीस घंटे बिजली सप्लाई देने के लिए हम लोग प्रयासरत हैं। सभी जगह चार चरणों में काम कर रहे है। जल्दी ही सभी समस्याओं को दूर करके सुचारू बिजली सप्लाई की जा सकेगी।

-रजत जुनेजा, मुख्य अभियंता सिस गोमती

### किस क्षेत्र में किया कितना खर्च

- **सिस गोमती :** आरडीएसएस योजना के तहत सिस गोमती के क्षेत्रों मे अभी तक करीब 125 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जा चुकी है।
- **ट्रांसगोमती गोमती :** ट्रांसगोमती के कई इलाकों मे बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए 100 करोड़ से ऊपर की धनराशि को खर्च किया जा चुका है।

### इन इलाकों में घंटों बाधित रहती है बिजली

नादरगंज, सरोजनी नगर, आशियाना, चौक, बीकेटी, चिनहट, गोमती नगर, लाटूश रोड, अमीनाबाद, मोती नगर,चौपटिया, यहियागंज, हुसैनगंज, ऐशबाग, कैंपबेल रोड, अपट्रान, राजाजीपुरम, आलमबाग,अमौसी, तेलीबाग, कैंट, सदर, वृंदावन, फैजुल्लागंज, इंदिरानगर, विकासनगर, जानकीपुरम, गुडंबा में रोज तारों से होती स्पार्किंग के चलते बिजली जा रही है। कई जगहों पर जम्फर के जलने के साथ केबल में फॉल्ट की शिकायतें आ रही हैं।

### मरम्मत में ये कार्य पूरे होने का दावा

राजधानी के 28 लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिए शहर में 350 से अधिक पावर ट्रांसफार्मर और 900 ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इसके अलावा एक हजार केवीए क्षमता से लेकर 730 केवी, 400 केवी, 250 केवी और 63 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर रखें गये हैं। ग्रामीण इलाकों में कारपोरेशन ने दो हजार से अधिक 10 केवीए के ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं।

### कटौती और लो वोल्टेज के कारण पूरी नहीं हो रही नींद

सहादतगंज के अनूप कुमार ने कहा कि विभाग का मरम्मत का दावा केवल कागजों तक सीमित है। हमारे शाम होते ही बिजली की आवाजाही और लो वोल्टज की समस्या शुरू हो जाती है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज से रात में नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है। महानगर की वंदना दीक्षित ने कहा कि घंटो सप्लाई के बाधित होने से पानी की समस्या हो जाती है। उपकेंद्र में शिकायत के बाद भी समस्या का निदान नही किया जाता है। अनुरक्षण कार्य के नाम पर घंटों बिजली काटी जा रही है। कर्बला ढ़ाल अहिबरनपुर के अब्दुल्ला ने कहाकि लो वोल्टज के कारण कूलर ,एसी,फ्रिज नहीं चला पा रहे हैं। बिजनौर नादरगंज की अनीता ने कहा कि हमारे यहां तो आए दिन ट्रांसफार्मर फुंक जाता है। जिसके कारण इलाके में घंटों बिजली नहीं आती है। बच्चों को स्कूल भेजने में काफी समस्या आती है।

# मुख्य अभियंता ने किया उपकेंद्रों का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने गुरूवार को कई उपकेंद्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आईआईएम और गुडंबा उपकेंद्र का निरीक्षण करते हुए फीडरों के मेंटीनेंस सहित उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग हर महीने करने के लिए निर्देशित किया है। बकाये बिलों की वसूली के लिए क्षेत्र में अभियान चलाने के लिए कहा गया है। बिजली बाधित होने की दशा में कर्मचारियों को तय समय सीमा मे ही फॉल्ट को सही करने के लिए हिदायत दी है। प्रीपेड मीटरों के स्टॉक और नये कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को सात दिन के अंदर कनेक्शन जारी करने के आदेश भी दिए हैं।

# किसान आंदोलन के कारण कई ट्रेनों को बदले रूट से चलाया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के अम्बाला मंडल के शम्भू स्टेशन पर चल रहे किसान आंदोलन के कारण कई ट्रेनों बदले मार्ग से चलाया जाएगा। कई ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन और शार्ट ओरिजिनेशन किये जाने का फैसला लिया गया है।

गाजीपुर सिटी से 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 14611 गाजीपुर सिटी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी। 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते चलाई जायेगी। जयनगर से 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 04651 जयनगर-अमृतसर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते चलाई जायेगी। न्यू जलपाईगुड़ी से 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 04653 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी।



▸▸ गाजीपुर सिटी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस भी बदले मार्ग से चलेगी

3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंड़ीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी। जयनगर से 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 14659 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी। सहरसा से 3 मई को चलने वाली 14603 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 4 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 22551 दरभंगा-जलंधर सिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी।

जम्मूतवी से 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15654 जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 4 और 5 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 12204 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लुधियाना-धूरी जं.-जाखल के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 3 और 4 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 3 एवं 4 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लुधियाना-धूरी जं.-जाखल के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 12408 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जायेगी।

अमृतसर से 3 मई को चलने वाली 04612 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग लुधियाना-धूरी जं.-जाखल के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 4 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 14650 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। जम्मूतवी से 3 मई चलने वाली ट्रेन नंबर 12492 जम्मूतवी-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जायेगी।

अमृतसर से 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 04652 अमृतसर-जयनगर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। छपरा से 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 05049 छपरा-अमृतसर विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग अम्बाला कैंट-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिंद-सानेह वाल के रास्ते चलाई जायेगी। श्री माता वैष्णो देवी कटरा से 3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 04680 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-गुवाहाटी विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 4 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 05050 अमृतसर-छपरा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला कैंट के रास्ते चलाई जायेगी।

### शार्ट टर्मिनेशन और शार्ट ओरिजिनेशन

3 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15211 दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस अमृतसर के स्थान पर अम्बाला कैंट स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। अमृतसर से 3, 4 एवं 5 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 15212 अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस अमृतसर के स्थान पर अम्बाला कैंट स्टेशन से चलाई जायेगी। सरहिंद से 4 मई को चलने वाली ट्रेन नंबर 05566 सरहिंद-सहरसा विशेष गाड़ी सरहिंद के स्थान पर अम्बाला कैंट स्टेशन से चलाई जायेगी।

# दिल्ली से बिहार तीन और स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल चलेगी

▸▸ मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल

**अमृत विचारः** ग्रीष्मकालीन अवकाश में होने वाली भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन दिल्ली से बिहार के बीच तीन और स्पेशल ट्रेनें संचालित करने जा रहा है। ये ट्रेनें इटावा, कानपुर और सीतापुर होकर गुजरेंगी। इन ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

ट्रेन नंबर 04037 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल 04 मई को सहरसा से 7 बजे रवाना होकर मानसी जं., खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी जं., दलसिंह सराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, ऐशबाग रात्रि 10:25 बजे, दूसरे दिन कानपुर सेंट्रल, इटावा , टूण्डला, अलीगढ़ और गाजियाबाद से होते हुए नई दिल्ली सुबह 7 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 05219 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 04 एवं 11 मई प्रत्येक शनिवार को तथा 05251 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 08 एवं 15 मई प्रत्येक बुधवार को मुजफ्फरपुर से शाम 6 बजे प्रस्थान कर बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर, बस्ती, गोण्डा, सीतापुर, मुरादाबाद तथा गाजियाबाद से होकर आनन्द विहार टर्मिनस दोपहर 2:15 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 05220 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 05 एवं 12 मई, प्रत्येक रविवार तथा 05252 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 09 एवं 16 मई, प्रत्येक गुरुवार को आनन्द विहार टर्मिनस से शाम 4 बजे प्रस्थान कर मुजफ्फरपुर पूर्वान्ह 11 बजे पहुंचेगी।

### गर्मी में रेलवे ट्रैक के रखरखाव पर ज्यादा ध्यान दें : डीआरएम

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा ने गुरुवार को अन्य अधिकारियों के साथ बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जौनपुर (कॉर्ड लाइन) -जौनपुर सिटी-सुल्तानपुर-लखनऊ रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग से निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैक की संरक्षा को परखा। इस रेलखंड पर स्थित अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों दर्शननगर, शाहगंज, जौनपुर जं., जौनपुर सिटी स्टेशनों पर पहुंचकर यात्री सुविधाओं, परिचालन प्रणाली सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। स्टेशनों पर चल रहे कार्यों की प्रगति भी देखी। उत्तर भारत में पड़ने वाली भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ट्रैकों के अतिरिक्त रखरखाव की बात कही। साथ ही उन्होंने इस रेलखंड पर स्थित सभी स्टेशनों पर भोजन एवं समुचित मात्रा में पेयजल की उपलब्धता के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों से बात की। कई स्टेशन पर उन्होंने टीटीई रेस्ट रूट में खान-पान व्यवस्था देखी। निरीक्षण के समय में अपर मंडल रेल प्रबंधक, अयोध्या, सचिन वर्मा, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) नीरज श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी और रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

# रस अल खैमा के लिए हवाई सेवा शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लखनऊ और रस अल खैमा के बीच सीधी उड़ान का हुआ उद्घाटन

▸▸ 170 यात्रियों को लेकर पहली उड़ान रवाना, सप्ताह में तीन दिन संचालन

**अमृत विचारः** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रस अल खैमा के लिए गुरुवार से उड़ान सेवा शुरू हो गई। उड़ान एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से संचालित की जाएगी। हवाई अड्डे से जुड़ने वाला यह नौवा देश होगा।

लखनऊ हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि यह उड़ान मध्य-पूर्व देशों की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। रस अल खैमा लखनऊ से 9वां अंतरराष्ट्रीय गंतव्य है। साथ ही एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए एक नया मार्ग है। इस उड़ान के शामिल होने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या 19 से बढ़कर 21 हो गई है। गुरुवार को 170 यात्रियों के साथ पहली उड़ान सुबह 8:35 बजे लखनऊ से रवाना हुई और 10:55 बजे रस अल खैमा पहुंची। एयर इंडिया एक्सप्रेस लखनऊ से रस अल खैमा की उड़ान मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी। जबकि रस अल खैमा से लखनऊ की उड़ान 13:25 पर प्रस्थान करेगी और 17:15 बजे पर लखनऊ पहुंचेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस यह उड़ान मंगलवार, गुरुवार और रविवार को संचालित करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मार्च में लखनऊ से मध्य पूर्व के मस्कट और दम्मम के लिए उड़ानें शुरू की थीं।



चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रस अल खैमा के लिए हवाई सेवा शुरू होने से पहले केके काटते अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

# बस स्टेशनों के वाटर कूलर और एसी जल्द ठीक कराएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक ने नोडल अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचारः** गर्मी बढ़ गई है, फिर भी बस स्टेशनों पर यात्रियों को शीतल पेयजल न मिलने और एसी खराब होने की शिकायतें मिल रही हैं। शिकायतों को ध्यान में रखकर परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने गुरुवार को परिवहन निगम मुख्यालय में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें यात्रियों से जुड़ी सभी सुविधाएं तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

प्रबंध निदेशक ने कहा कि प्रधान प्रबंधक व क्षेत्रीय प्रबंधक अपने-क्षेत्रों के बस स्टेशनों का निरीक्षण करें। जो भी कमियां मिलें उनकी रिपोर्ट बनाकर हफ्तेभर में मुख्यालय भेजें। यात्रियों के लिए वाटर कूलर तत्काल दुरुस्त कराएं। शौचालयों की नियमित सफाई कराएं। प्रतीक्षालय (वेटिंग हॉल) दुरुस्त कराकर खुलवाए जाएं। ऑफ रोड बसों की समीक्षा भी करें।

सुविधा | बादशाह नगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को दी गई एप से टिकट बनाने की जानकारी

# ऑनलाइन बनवाएं टिकट, समय की बचत, फुटकर का झंझट नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के बादशाह नगर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मोबाइल एप से टिकट बनाने की जानकारी देने को कैंप लगाया गया। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में गुरुवार से यह कैंप शुरू हुआ।

20 मई तक चलने वाले इस कैंप में आज से यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) 'मोबाइल एप'के माध्यम से टिकट बनाने की जानकारी दी गई। इस एप के प्रयोग से यात्रियों को खासा फायदा होगा। समय के साथ ही फुटकर के लिए परेशान नहीं होना होगा। यह कैंप लखनऊ के बादशाह नगर स्टेशन के साथ गोंडा, बस्ती और गोरखपुर पर यात्रियों की जागरूकता के लिए आयोजित किए गए हैं।

बादशाहनगर स्टेशन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय जगतारा संगम ने यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) 'मोबाइल एप'कैंप की शुरुआत की कैंप में वाणिज्य कर्मियों ने यात्रियों को यूटीएस 'मोबाइल एप'डाउनलोड करने व टिकट बनाने के फायदे बताए। स्टेशन पर रेलकर्मियों ने यात्रियों को 'मोबाइल एप' के माध्यम से यात्रा टिकट प्राप्त करने में उनकी सहायता की। यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) मोबाइल 'ऐप' से उपयोगकर्ताओं को विभिन्न डिजिटल भुगतान विकल्पों जैसे आर-वॉलेट, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई और ई-वॉलेट का उपयोग करके अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा मिलती है। यूटीएस (अनारक्षित टिकट प्रणाली) 'मोबाइल एप'को 'प्ले स्टोर' से डाउनलोड कर सकते हैं। एक बार जब आप अपने नाम, मोबाइल नंबर और अन्य आवश्यक जानकारी का उपयोग करके 'ऐप' पर पंजीकरण कर लेते हैं, फिर आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी प्राप्त होगा और एक बार ओटीपी दर्ज करने के बाद खाते तक पहुंचने के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड आपके मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। यह ऐप दो भाषाओं हिंदी और अंग्रेजी में काम करेगा।



यात्रियों को जानकारी देते रेलकर्मी।

### यूटीएस मोबाइल एप के फायदे

- पेपरलेस होने से कागज की बचत होगी
- यात्रा टिकट के अलावा प्लेटफार्म टिकट व मासिक टिकट बनाने की सुविधा मिलेगी
- यात्रा आरम्भ करने के स्टेशन से 50 किलोमीटर के दायरे में टिकट बनाने की सुविधा होगी
- स्टेशन पर 'क्यू आर कोड' से पेपरलेस टिकट बनाने की सुविधा मिलेगी
- अनारक्षित टिकट बुक करने पर आर-वॉलेट के यूजर्स को रिचार्ज पर तीन प्रतिशत बोनस भी मिलता है

# डाइट की कमी से बच्चों की लंबाई पर पड़ता है असर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बच्चों को बचपन से सही डाइट नहीं मिले तो लंबाई पर असर पड़ता है। हालांकि लंबाई काफी हद तक अनुवांशिक पर भी आधारित होती है, लेकिन बच्चे को पौष्टिक आहार दिया जाए तो लंबाई, मोटाई और ओवरऑल हेल्थ अच्छी रहती है।

यह कहना है हॉलिस्टिक हेल्थ केयर क्लीनिक की डॉक्टर अर्चना श्रीवास्तव का। वह क्लीनिक की ओर से गुरुवार को बाल निकुंज इंटर कॉलेज की मोहिबुल्लापुर शाखा में डाइट और हाइजीन को लेकर लगाए गए शिविर में बच्चों और अभिभावकों को जानकारी दे रही थीं।

उन्होंने बताया अच्छे भोजन से इम्यूनिटी मजबूत होती है और बच्चे बीमारियों से दूर रहते हैं। अगर बच्चा जल्दी-जल्दी बीमार होता है तो इससे लंबाई पर भी असर पड़ता है। उन्होंने पौष्टिक चीजों से भरपूर भोजन करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने मौजूद छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर करीब 100 बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ रहने के सुझाव दिए गए। इस दौरान कॉलेज के प्रबंधक एचएन जायसवाल और राघवेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव मौजूद रहे।



बच्चों के साथ डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, कॉलेज प्रबंधक एचएन जायसवाल।

▸▸ स्कूल में लगे शिविर में डॉक्टर ने दी अभिभावकों को जानकारी

## एक नजर

### साइकिल चलाने घर से निकली नाबालिग लापता

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई क्षेत्र में साइकिल चलाने की बात बोल कर घर से निकली नाबालिग लापता हो गई। पिता ने अनहोनी की आशंका जता पुलिस से बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना अंतर्गत रहने वाले पीड़ित पिता ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया 29 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे 12 वर्षीया बेटी साइकिल लेकर घर से निकली थी। देर रात तक नहीं लौटने पर तलाश की, लेकिन नहीं मिली। उन्होंने सेक्टर 19 वृंदावन निवासी स्वप्निल नामक युवक पर बेटी को बहला फुसला कर ले जाने की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल नाबालिग की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है।

### गैंगस्टर के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने राजेश सिंह ने बताया फहद निवासी बड़ी पकडीया खदरा के खिलाफ दो दिन पहले गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद से आरोपी की तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना गुरुवार को आरोपी को बैरल नंबर दो के पास गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ कई थानों में चार मामले दर्ज हैं। बताया आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# सौ की रफ्तार में रील बनाते समय पेड़ से टकराई कार, एक की मौत, दो गंभीर

## टक्कर के बाद कार का इंजन 25 फीट दूर जा गिरा, कार पेड़ में फंसी

- घायलों का ट्रॉमा सेंटर में चल रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में मोहान रोड पर गुरुवार को 100 की रफ्तार में कार चलाते चालक रील बना रहा था। इसी दौरान बेकाबू कार पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि कार का इंजन 25 फीट दूर जा गिरा। हादसे में कार चालक व दो छात्र अंदर ही फंस गए। पुलिस ने मशक्कत से निकालकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां रील बनाने वाले की मौत हो गई। जबकि पार्षद पुत्र समेत दो का इलाज चल रहा है।

थाना अंतर्गत केवलहार निवासी राजू खां ने बताया कि समद (20) 11वीं कक्षा का छात्र था। गुरुवार को वह मां की दवा लेने मलिहाबाद के मोहल्ला बस्ती धनवंतराय के पार्षद मुन्नू खां के बेटे नवाज व मिर्जागंज के अरसलान के साथ कार से केवलहार जा रहा था। कार नवाज की थी। जिसे समद चला रहा था। कार कनकोहरी बाबा की मजार के पास पहुंची। इसी दौरान कार चलाते-चलाते समद ने मोबाइल से रील बनाना शुरू कर दिया। इससे 100 की रफ्तार में दौड़ रही कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। इंजन टूटकर दूर जा गिरा। इंस्पेक्टर मलिहाबाद सुरेश सिंह ने बताया परिजन ने लिखित में पोस्टमार्टम नहीं कराने का प्रार्थना-पत्र दिया था। इसके चलते शव उनके सुपुर्द कर दिया। जबकि अन्य दोनों घायलों का ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है।



दुर्घटना के बाद पेड़ में फंसी कार, इनसेट में मृतक। अमृत विचार

### लगभग 30 मिनट कार में फंसे रहे तीनों घायल

ग्रामीणों के मुताबिक घटना के बाद कार सवार तीन चीख पुकार मचाने लगे। यह देख उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। पुलिसकर्मियों ने आधे घंटे की मशक्कत कर उन्हें बाहर निकालकर सीएचसी मलिहाबाद भिजवाया, जहां डाक्टरों ने समद को मृत घोषित कर दिया। वहीं नवाज और अरसलान को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

### तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा

प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक हादसे के समय कार की रफ्तार सौ से अधिक थी। रील बनाते वक्त कार की रफ्तार को समद संभाल नहीं सका, जिससे कार सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। तेज रफ्तार जानलेवा बन गई। कार की रफ्तार कम होती तो हादसा न होता।

# सवारियों से लूटपाट करने वाले ई-रिक्शा गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सवारियों से लूट करने वाले ई-रिक्शा गिरोह का खुलासा ठाकुरगंज पुलिस ने गुरुवार को किया। इस गिरोह के सरगना ई-रिक्शा चालक सहित तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि इस गिरोह ने दो लूट की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने उनके पास से लूटा गया सामान और वारदात में प्रयोग किया गया ई-रिक्शा बरामद किया है।

डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार ने बताया कि ठाकुरगंज पुलिस ने बंधा रोड इलाके से बुधवार देर रात ई-रिक्शा चालक वजीरगंज निवासी हर्ष, कौशांबी निवासी जितेंद्र कुमार गुप्ता और कैसरबाग निवासी प्रिंस सोनकर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटे गए 6 मोबाइल फोन, दो चार्जर, दो बैग, 2760 रुपये, पासबुक, एक चाकू, कुछ कपड़े और घटना में प्रयोग किया गया ई-रिक्शा बरामद किया है।

डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार ने बताया कि इस गिरोह ने बहराइच के इस्हाक और चिनहट के अभिषेक कुमार के साथ वारदात को अंजाम दिया था। डीसीपी के मुताबिक बहराइच निवासी इस्हाक गुजरात में काम करते हैं। वह 21 अप्रैल की रात गुजरात से लखनऊ चारबाग पहुंचे। उनका बेटा दुबग्गा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती था। दुबग्गा जाने के लिए उन्होंने एक ई-रिक्शा चालक से बातचीत की तो उसने 150 रुपये मांगा। इस्हाक 150 रुपये देने के लिए राजी हो गए। ई-रिक्शा चालक ने उनको बैठा लिया। पहले से बैग लिए एक अन्य युवक मौजूद था। कुछ दूर जाने के बाद ई-रिक्शा चालक ने दूसरे युवक को बैठा। आरोपी इस्हाक को दुबग्गा न ले जाकर ठाकुरगंज गुलालाघाट ले गए। वहां पहुंचने के बाद मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद चाकू दिखाकर लूटपाट की। वहीं, 27 अप्रैल की रात चिनहट निवासी अभिषेक कुमार बिहार से चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे और चिनहट जाने के लिए ई-रिक्शा बुक किया। ई-रिक्शा चालक ने 50 रुपये किराया तय किया और अभिषेक को लेकर चला दिया। रास्ते में दो अन्य युवक बैठा और फिर सभी ने मिलकर उनको गुलालाघाट ले गए और लूटपाट की। बदमाश दोनों पीड़ितों से मोबाइल, रुपये और अन्य सामान लूट ले गए थे।



पुलिस की गिरफ्त में गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

- चारबाग रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा पर सवारियां बैठाकर सूनसान स्थान पर ले जाकर देते थे वारदात को अंजाम

### कई वारदातों को दिया अंजाम

डीसीपी पश्चिम ने बताया कि इस गिरोह द्वारा कई वारदात को अंजाम दिया। इस गिरोह के संबंध में पूरी डिटेल कमिश्नरेट पुलिस के सोशल मीडिया ग्रुप के अलावा अन्य जिलों के पुलिस के ग्रुप में डाली गई है। ताकि अन्य वारदात के पीड़ित पुलिस के संपर्क में आ सकें। पीड़ितों के आने के बाद उनके प्रार्थनापत्र के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# वर्कशॉप में साथियों ने नाबालिग के प्राइवेट पार्ट में डाला वैक्यूम क्लीनर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हवा भरने से युवक हुआ बेहोश परिजन ने ट्रामा में कराया भर्ती
- हुसैनगंज थाना क्षेत्र का मामला दोनों पक्षों ने कर लिया समझौता

**अमृत विचार:** हुसैनगंज इलाके में एक वाहन के शोरूम में साथियों ने मजाक में नाबालिग के प्राइवेट पार्ट में वैक्यूम क्लीनर डाल दिया। हवा भरने से नाबालिग बेहोश हुआ तो परिजन ने ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। मामले में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया। फिलहाल नाबालिग की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग एक शोरूम में दो माह से काम कर रहा था। शोरूम के वर्कशॉप में 29 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे चार साथियों ने नाबालिग के हाथ पैर पकड़ कर वैक्यूम क्लीनर प्राइवेट पार्ट में डाल दिया। इससे व बेहोश हो गया। इस पर साथियों ने सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने इंजेक्शन लगा घर भेज दिया था। घर पहुंचने पर दर्द हुआ तो नाबालिग के भाई लोकबंधु ले गए। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि नाबालिग का डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया। इसके बाद हालत में सुधार है। इंस्पेक्टर हुसैनगंज रामबाबू गुप्ता ने बताया परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र नहीं दिया गया। दोनों पक्षों में समझौता कर लिया गया।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के हाइडिल निवासी रजनीश सिंह ने न्यू गुड़ौरा निवासी अमित पाल, उसके भाई अरविंद पाल और चाचा राजू पाल पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रजनीश के मुताबिक वह लखनऊ एयरपोर्ट पर टैक्सी चलाता है। मंगलवार को एयरपोर्ट के टर्मिनल - 3 के पास अमित पाल से किसी का विवाद हो रहा था। अमित ने रजनीश पर विवाद का वीडियो बनाने का आरोप लगा गाली गलौज किया।

# कोचिंग सेंटर में लगी आग, दो घंटे में पाया काबू

- एमसीवी गिराते ही शार्ट सर्किट से लगी आग
- दारुल शफा स्थित विधायक आवास में भी लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरतगंज थाना अंतर्गत गुरुवार को राणाप्रताप मार्ग स्थित वाइएमसीएम बिल्डिंग के सेकेंड फ्लोर पर ग्रेविटी कोचिंग सेंटर के ऑफिस में आग गई। लपटें व धुआं निकलता देख आफिस के लोगों ने बाहर भाग कर जान बचाई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने तीन टैंकर पानी से आग पर काबू पाया।

एफएसओ हजरतगंज राम कुमार रावत ने बताया कि गुरुवार सुबह वाइएमसीए बिल्डिंग स्थित कोचिंग में आग लगने की सूचना मिलते ही तीन दमकल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पूरे फ्लोर पर धुआं भरा था। किसी तरह अंदर दाखिल हुए और धुआं कम करने के लिए खिड़कियों के कांच तोड़े गये। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी से काबू पाया जा सका। एफएसओ ने बताया कि सुबह आफिस खोलने के दौरान इलेक्ट्रिक एमसीवी गिराते ही स्पार्किंग के साथ पूरे आफिस में आग फैल गई। हादसे के समय आफिस में ज्यादा लोग मौजूद नहीं थे। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया।



कोचिंग सेंटर में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

### दारुलशफा के ओल्ड बी ब्लाक में लगी आग

दारुल शफा विधायक निवास-2 ओल्ड बी ब्लाक आवास संख्या 33 में गुरुवार सुबह आग लग गई। एफएसओ रामकुमार रावत ने बताया कि टीम के साथ तीन गाड़ियों के साथ पहुंचे थे। होज पाइप फैलाकर पंपिंग कर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद और दो गाड़ियों को और बुलाया गया। धुआं अधिक होने से दो कर्मियों को ब्रीदिंग आपरेटस सेट पहनाकर अंदर भेजा तब आग पर काबू पाया जा सका। जांच में पता चला कि आवास में अब्दुल सिद्दीकी रहते हैं। वायरिंग में शार्ट सर्किट से आग लगी थी।

### जंगल में लगी आग दमकल ने पाया काबू

वन विभाग मोहानरेंज हाजीपुर गांव के बबूरी के जंगल में आग लग गई थी। सरोजनीनगर फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों करीब ढाई घंटे में आग पर काबू पाया। एफएसओ सुमित कुमार सिंह ने बताया इसमें उन्नाव के हसनगंज से भी दो गाड़ियां मंगाई गईं थी।

# संदिग्ध हालात में अधेड़ की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भाई बोला- सीढ़ियों से गिरने से सिर में आई थी गंभीर चोट
- पीजीआई थाना अंतर्गत तेलीबाग के बलदेव विहार का मामला

**अमृत विचार:** पीजीआई क्षेत्र में संदिग्ध हालात में अधेड़ की मौत हो गई। परिजन सीढ़ी से गिरने से सिर में गंभीर चोट आने से मौत होने की बात कह रहे हैं। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल परिजन आरोप से इनकार कर रहे हैं।

मामला थाना अंतर्गत तेलीबाग के बलदेव विहार का है। यहां सत्य प्रकाश (52) मां भगवान देई और भाई राकेश के साथ रहते थे। जबकि उनकी पत्नी मुन्नी बच्चों के साथ आलमबाग में रहती हैं। भाई राकेश ने बताया कि सत्य प्रकाश बुधवार रात सीढ़ियों से गिर गये थे। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। आनन-फानन उन्हें पीजीआई के ट्रामा सेंटर पहुंचाया था। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने घर भेज दिया था। गुरुवार सुबह बिस्तर पर मृत मिले। पड़ोसियों का कहना था कि सत्य प्रकाश की पत्नी तीन दिन पहले यहां से आलमबाग गई थी। इंस्पेक्टर ने बताया सत्य प्रकाश के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे भी हैं।

### 20 वर्ष पूर्व अलग हो गई थी पत्नी

इंस्पेक्टर ने बताया कि सत्य प्रकाश के 20 वर्ष पहले बेटा हुआ था। इसके बाद से पत्नी मुन्नी देवी अलग रहने लगी थी। बीच- बीच मिलने आती थी। फिलहाल भाई ने तहरीर में सीढ़ियों से गिरने से मौत की बात कही है। कोई आरोप पर कार्रवाई की जाएगी।

### फंदे से लटका मिला महिला का शव



**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी थाना क्षेत्र में महिला का शव नए मकान में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। थाना अंतर्गत मंडौली निवासी संतोष गौतम का गोला कुआं के पास साही स्टेट कॉलोनी में नया मकान बना है। गुरुवार को वह बाग में पानी लगाने गया था। घर पर बच्चे और पत्नी सरोज कुमारी थी। बड़े बेटे विकास ने मां से खाना बनाने की बात बोल बाहर क्रिकेट खेलने लगा। कुछ देर बाद लौटा तो मां दरवाजे पर खिड़की में दुपट्टे के फंदे से लटकी मिलीं। सूचना पर संतोष पहुंचे तब तक पत्नी की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की। परिजन ने आत्महत्या का कारण पता होने से इनकार किया है। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# मकान बेचने का विज्ञापन देकर हजारों ठगे फिर भेजा जाली मैसेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हजरजगंज कोतवाली निवासी युवक से मकान का एड पोस्ट कर जालसाज ने ठगी कर फर्जी मैसेज भेज दिया। मामले में पीड़ित ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कसमंडा अपार्टमेंट में आशीष सोनी ने बताया इंटरनेट सर्फिंग में नादरगंज इलाके में एक मकान का विज्ञापन देखा। एड पर दिए गए नंबर पर उन्होंने कॉल की तो पता चला कि मकान चार भाइयों के नाम है। पीड़ित ने खुद को मकान का मालिक बताने वाले मो. आकिब और मो. इकराम से बात की। इसके बाद उसे नादरगंज बुला चारों भाइयों अकील, इकराम, आकिब और आसिफ से मिलवाया। मकान का सौदा 19.50 लाख में तय हुआ। तो पीड़ित ने 15 हजार एडवांस और बैंक की प्रोसेसिंग फीस के लिए 21 हजार दे दिए। लोन के बाद चारों भाइयों के नाम से चेक बन गई। तो आरोपियों ने बेचने से इंकार कर दिया। रुपये मांगे तो इकराम ने यूपीआई का जाली स्क्रीन शॉट बनाकर भेज दिया। पीड़ित ने अकाउंट चेक किया तो रुपए नहीं मिले। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच की आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# तीन प्लॉट की रजिस्ट्री करा वृद्धा के हड़पे 16.27 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता का दो महिलाओं से हुआ था सौदा
- कोर्ट के आदेश पर बिजनौर थाने में दो महिलाओं पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मोहान रोड पर दो महिलाओं ने अनपढ़ बुजुर्ग महिला से तीन प्लॉट खरीदने का सौदा 24.27 लाख में तय कर बैंक के फर्जी पेपर दिखाकर रजिस्ट्री करा ली। जबकि खाते में सिर्फ आठ लाख भेजे। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़िता ने कोर्ट में गुहार लगाई तब दानों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

मोहान रोड स्थित खुशहालगंज इलाके में रहने वाली 70 वर्षीय दुशाला ने बताया कि दो प्लॉट नवंबर 2023 में मीरा यादव को 9.91 लाख में और एक प्लॉट जमीला बानो को 14.36 लाख में बेचा था। तीनों प्लॉट के 24.27 लाख रुपये मिलने थे। रजिस्ट्री से एक दिन पहले मीरा और जमीला उनके घर आईं। कहा आप बुजुर्ग हैं, बार बार दौड़ने से एक ही दिन में रजिस्ट्री करा ली जाए। दोनों आरोपियों ने बैंक के कुछ पेपर दिखा तीनों प्लॉट के रुपए बैंक में जमा होने की बात कही। जाल में फंसी पीड़िता ने कार से रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे दोनों के नाम प्लाट बैनामा कर दिये। जब बैंक खाता दिखवाया तो 8 लाख ही ट्रांसफर मिले। 16.27 लाख की धोखाधड़ी की अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन कारवाई नहीं हुई। तब पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह राणा ने बताया मीरा यादव निवासी हसनगंज उन्नाव और जमीला खान निवासी डिप्टी खेड़ा पारा को नामजद किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### दंपति ने हड़पे 2.77 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** रियल एस्टेट कंपनी एमएस स्मार्ट सिटी ने आवासीय योजना में ईएमआई पर प्लॉट देने का झांसा देकर माया देवी से 2.77 लाख रुपए ठग लिए। करीब 75 प्रतिशत रकम देने के बाद पीड़िता साइट पर पहुंची तो निर्माण नहीं मिला। रुपए वापस मांगने पर धमकाया गया। कोर्ट के निर्देश पर बंथरा पुलिस ने दंपति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### 150 किलो लहन बरामद, एक गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत गुरुवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 द्वारा थाना माल अंतर्गत ग्राम रामनगर, बाजर गांव में संदिग्ध घरों, खेतों, बगीचों एवं तालाबों के किनारे जैसे संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। लगभग 15 लीटर अवैध कच्ची शराब और 150 किलो लहन मौके से बरामद हुआ। लहन को नष्ट करते हुए आबकारी अधिनियम की धाराओं में एक को गिरफ्तार किया गया। आबकारी टीम में प्रधान आबकारी सिपाही प्रद्युम्न श्रीवास्तव, सुधीर कुमार, रेश्मा आदि शामिल रहे।

### इंस्टा और एफबी अकाउंट हैक कर अपलोड किए पोर्न वीडियो

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिला के इंस्टा और एफबी अकाउंट को हैक करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला का नाम और फोटो बदल कई अनजान को फ्रेंड लिस्ट में एड कर मैसेंजर पर चैटिंग कर पोर्न वीडियो भेज दिये। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र साइबर क्राइम थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। एक अपार्टमेंट निवासी युवती ने बताया कि उसका इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अकाउंट है। कुछ दिन पहले रिश्तेदार ने कॉल कर बताया कि उनके इंस्टा और एफबी अकाउंट पर फोटो और नाम बदल दिया गया है। पीड़िता ने काफी प्रयास के बाद आईडी ओपन की। तो आईडी पर दो मोबाइल नंबर दर्ज मिले। इसके साथ ही अनजान को फ्रेंड लिस्ट से जोड़ा गया था। इसके अलावा चैटिंग के दौरान न्यूड फोटो और पोर्न वीडियो भी भेजे गए और व्हाट्सएप नंबर भी मांगे गए। पुलिस आरोपी की पहचान का प्रयास कर रही है।

### मारपीट में चेन व कान की बालियां गायब, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना थाना क्षेत्र में दो पक्षों में हुई मारपीट में युवती की चेन व कान की बालियां गायब हो गईं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार पर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना अंतर्गत बंगला बाजार निवासी सनोरमा रावत पत्नी महेश रावत ने बताया 25 अप्रैल को रिश्तेदार ने अमन के घर के सामने बाइक खड़ी कर दी थी। इस पर पड़ोसी राजेन्द्र एंव उनकी बेटी सोनाली गाली-गलौज करने लगे। पति महेश व बेटी मुस्कान ने विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों को पीट दिया। मारपीट में मुस्कान की चेन और कान की बालियां गिर गईं। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। इंस्पेक्टर ने बताया राजेंद्र, सोनाली, छोटू समेत चार को नामजद किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### आचार संहिता का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार



**अमृत विचार, काकोरी :** पारा थाना क्षेत्र में एफएसटी की टीम के द्वारा आदर्श आचार संहिता का उलंघन करने वाले अभियुक्त को कारतूस के गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी मजिस्ट्रेट उमेश पाल सिंह अवर अभियंता अभियंत्रण विभाग नगर निगम जोन 5 लखनऊ ने बुद्धेश्वर चौराहा पर चेकिंग के दौरान अभियुक्त भगत यादव (42) निवासी अजीटन खेड़ा थाना काकोरी को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे में ले एक रायफल 315 बोर सहित 28 जिंदा कारतूस 315 बोर सहित काली स्कॉर्पियो जिसका नंबर यूपी 32 एमके 6666 के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए अभियुक्त ने बताया कि यह शास्त्र लाइसेंस मेरे भतीजे अंकुश यादव का है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ धारा 144 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्व जिला जज से रुपये लेकर नहीं किया काम, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र का मामला, फ्लैट की खिड़कियां बदलवाने के लिए दिए थे रुपये

**अमृत विचार:** गोमतीनगर विस्तार क्षेत्र में रहने वाले पूर्व जिला जज से रुपये लेकर काम नहीं कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर सुधार कुमार अवस्थी ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

थाना अंतर्गत ग्रीनवुड अपार्टमेंट सेक्टर निवासी पूर्व जिला जज राजेंद्र सिंह वर्तमान में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सदस्य हैं। उनकी तरफ से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि उन्होंने 24 अक्तूबर को फ्लैट के दो कमरों की तीन खिड़कियां बदलवाने के लिए फ्रैबीकेटर जहीन जहूर खान को बुलाया था। जहीन ने काम में 33,750 रुपये खर्च होने की बात कही। इसके चलते उन्होंने जहीन जहूर को 24 से 28 अक्तूबर के बीच 34 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। लेकिन रुपये लेने के बाद भी आरोपी ने काम नहीं किया। जब भी काम के लिये संपर्क किया आरोपी टाल-मटोल करता रहा। उधर, हजरतगंज कोतवाली अंतर्गत कसमंडा अपार्टमेंट निवासी आशीष सोनी से मो. इकराम ने मकान बेचने के नाम 10 हजार रुपये हड़प लिये। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।


### ट्रैवेल एजेंसी संचालक से 14 लाख की ठगी, चार पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** कार बेचने के नाम पर जालसाजों ने ट्रैवेल एजेंसी संचालक से 14 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने हजरतगंज थाने में तहरीर दी। जिस पर कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट के आदेश पर हजरतगंज थाने में चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कटरा अबुतराब खां नक्खास निवासी रवि सिंह ट्रैवेल एजेंसी चलाते हैं। रवि के मुताबिक कारोबार के सिलसिले में उनकी मुलाकात सआदतगंज के रुस्तमनगर निवासी जरगाम अली उर्फ रिंकू, शक्ति भवन के पीछे नरही के मनीष टंडन, खंडारी चौक कैसरबाग के मो. कामिल और दारूलशफा के पास कार एक्सचेंज शोरूम संचालक विनय तलवार से होती रहती थी। रवि के मुताबिक चारों आरोपियों ने 2016 में इनोवा, मारुति स्विफ्ट और होंडा सिटी कार दिलाने का सौदा किया। इसके लिए 14 लाख रुपये लिए और कार नहीं दिया। रुपये लेने के बाद आरोपी हमेशा टालमटोल करते रहे। पुलिस तक मामला पहुंचा। आरोपियों ने रुपये वापस करने की हामी भी भरी, लेकिन इसके बाद भी नहीं दिया। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि चारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# चार लोगों से साइबर अपराधियों ने की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्र निवासी चार लोगों से साइबर अपराधियों ने लाखों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ितों ने प्रार्थना पत्र देकर संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



कृष्णानगर के कुंज विहार निवासी शिवांगी दीक्षित ने बताया कि बीते मंगलवार को अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने कहा कि वह फेडेक्स से बात कर रहा है। आपका कोरियर ईरान से मुंबई आ रहा था, उसे रोक लिया गया है। पीड़िता ने कहा कि कोई कोरियर नहीं मंगाया है। जालसाज ने कहा कि ऑनलाइन शिकायत दर्ज करनी होगी। आपके आधार और मोबाइल का इस्तेमाल हुआ है। कॉल ट्रांसफर के बाद स्काइप पर सारे पेपर सत्यापित करा पुलिस वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट देने के नाम पर 2 लाख खाते से निकाल लिए। उधर, मानकनगर निवासी मनोज कुमार से भी जाल साज ने 5,78,305 रुपये हड़प लिये। इधर सुशांत गोल्फ सिटी के अर्जुनगंज निवासी अनुपमा चौधरी से 46 हजार और नीलमथा हरिहरपुर निवासी सौरभ मिश्रा से 27 हजार की ठगी हो गयी।

## एक नजर

### कैसरगंज से सपा ने भगत राम मिश्रा को बनाया प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरगंज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने पूर्व भाजपा सांसद दद्दन मिश्रा के बड़े भाई भगत राम मिश्रा को अपना प्रत्याशी बनाया है। बहराइच जिले के रहने वाले भगत राम मिश्रा सपा में शामिल होने से पहले कांग्रेस पार्टी में थे। गुरुवार को लखनऊ सपा कार्यालय पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने भगत राम मिश्रा को सिंबल और फॉर्म भी सौंप दिया है। अब वह शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

### सामने आया तथ्यों को छिपाकर पेंशन जारी करने का मामला

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में तथ्यों को छिपाकर पेंशन जारी करने के प्रयास से जुड़ा मामला सामने आया है। इस संबंध में शासन से शिकायत की गई है। जिस पर अफसरों ने संज्ञान लेते हुए केजीएमयू को पत्र लिखकर मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। केजीएमयू के कुलपति कार्यालय में तैनात एक प्रशासनिक अधिकारी पर तथ्य छिपाकर पेंशन जारी करने के प्रयास किए जाने संबंधी शिकायत हुई। चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुसचिव ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ल ने 1 मई को केजीएमयू कुलसचिव को पत्र लिखकर प्रकारण की जांच करने को कहा है। इसी प्रकार जालौन स्थित कालपी निवासी राहुल शर्मा ने लारी कॉर्डियोलॉजी में मरीज विरेंद्र सिंह के इलाज संबंधी दस्तावेज को छिपाया। अनुसचिव ने कुलसचिव से सभी शिकायतों में नियमानुसार जांच करके कार्रवाई करने की बात कही है।

# पहली बार इकाना स्टेडियम में खेलेगी किंग खान की केकेआर

## घर में अंतिम मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी एलएसजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ 5 को एलएसजी के सामने होगी केकेआर की चुनौती

**अमृत विचार :** लखनऊ सुपर जांयट्स (एलएसजी) अपने घर में आईपीएल के इस सत्र का अंतिम मुकाबला 5 मई को खेलेगी। इकाना स्टेडियम में इस मुकाबले में उसके सामने बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की चुनौती होगी। केकेआर लखनऊ में पहली बार खेलेगी। इकाना स्टेडियम में होने वाले इस हाईवोल्टेज मुकाबले के लिए केकेआर के शानदार स्वागत की तैयारियां शुरू हो गई है। खेले जाने वाले मैच में अपनी टीम का सपोर्ट करने को बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के भी यहां आने की संभावना है।

**हिसाब बराबर करने का मौका :** एलएसजी की टीम लखनऊ में ही मौजूद हैं। आईपीएल में केकेआर के खिलाफ लखनऊ का प्रदर्शन शानदार रहा है। दोनों के बीच अब तक चार मैच खेले गए हैं, जिनमें तीन में लखनऊ ने जीत दर्ज की है। कोलकाता को सिर्फ एक जीत ही नसीब हुई है। आईपीएल के इस सत्र में कोलकाता ने लखनऊ को अपने घर में 8 विकेट से हराया था। लखनऊ के 161 रनों के जवाब में कोलकाता ने 15.4 ओवर में दो विकेट खोकर मैच जीत लिया था। इस मैच में साल्ट ने 89 रनों की तूफानी पारी खेल कर दर्शकों को रोमांचित किया। ऐसे में लखनऊ के पास अपने घर में इस हिसाब को चुकता करने का मौका होगा। कोलकाता टीम इस समय मुंबई में है। शुक्रवार को कोलकाता का मुंबई इंडियंस से मुकाबला होगा।

मैच के बाद कोलकाता की टीम शनिवार को लखनऊ पहुंचेगी। इकाना स्टेडियम में शनिवार की शाम कोलकाता टीम के अभ्यास करने की संभावना है। कोलकाता टीम की जर्सियां अभी से इकाना स्टेडियम के इर्द-गिर्द मिलनी शुरू हो गई है।

**घर में शानदार प्रदर्शन रहा लखनऊ का :** लखनऊ का प्रदर्शन घरेलू मैदान में शानदार रहा है। यहां खेले गए छह मुकाबलों में उसने चार में जीत दर्ज की है, ऐसे में टीम के हौसले बुलंद हैं। इन चार जीत में वह मुकाबले शामिल हैं जिन्हे शिकस्त देना आसान नहीं था। लखनऊ ने पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस, एक बार की चैंपियन गुजरात और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीम को मात दी है।

### कोलकाता के लिए खेलेंगे यूपी के रिंकू




उत्तर प्रदेश के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह के लिए इकाना स्टेडियम का घरेलू मैदान तैयार है। वह इस मैदान पर घरेलू क्रिकेट के कई मैच खेल चुके हैं। इकाना की पिचों पर खेलने का उन्हें खासा अनुभव है। रिंकू के चौके-छक्कों की बारिश में लखनऊ के क्रिकेट प्रेमी भीगने को बेताब हैं।

### खिलाड़ियों ने किया अभ्यास

भीषण गर्मी के चलते लखनऊ टीम का गुरुवार को प्रस्तावित अभ्यास रद कर दिया गया। अभ्यास के लिए देवदत्त पडिक्कल, यशठाकुर, अमित मिश्रा, कायल मायर्स सहित 15 खिलाड़ी जयपुरिया स्थित स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम गए। वहां खिलाड़ियों ने तीन घंटे अभ्यास किया।

## रजा अब्बास ने चटकाए सात विकेट ब्लेज विलो जीता

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच अब्बास रजा (8 ओवर, 1 मेडन, 15 रन, 7 विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी ने सीएमआर क्रिकेट कप (अंडर-16) के लिए खेले जा रहे लीग मुकाबले में 5 विकेट से जीत दर्ज की। एसएमआर क्रिकेट मैदान में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में डिवाइन क्रिकेट क्लब ने ब्लेज विलो को 5 विकेट से हरा दिया।



पहले बल्लेबाजी करते हुए डिवाइन क्लब ने 33 ओवर में सभी विकेट खोकर 159 रन बनाए। मो. फहाद ने 40 और सत्यम ने 48 रनों की पारी खेली। ब्लेज विलो की ओर से रजा अब्बास ने सात विकेट चटकाए। जवाब में ब्लेज विलो ने पांच विकेट खोकर जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य हासिल कर लिया और जीत दर्ज की। आर्यन यादव ने 43 और राघवेंद्र ने 33 रनों की पारी खेली। डिवाइन की ओर से पवन ने चार विकेट चटकाए।



अंतरराष्ट्रीय जूडो मैट्स के साथ इंडियन पैरा जूडो एकेडमी के दिव्यांग जूडोका। अमृत विचार

# अंतरराष्ट्रीय स्तर के जूडो मैट्स पर अभ्यास करेंगे दिव्यांग जूडोका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ इंडियन ऑयल ने इंडियन पैरा जूडो एकेडमी को प्रदान किए मैट्स

**अमृत विचार :** अब दिव्यांग खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के जूडो मैट्स पर अभ्यास कर सकेंगे। हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में संचालित की जा रही इंडियन पैरा जूडो एकेडमी को अंतरराष्ट्रीय जूडो मैट्स की सौगात मिली। इंडियन ऑयल ने सीएसआर के तहत एकेडमी को यह जूडो मैट्स प्रदान किए।

इस अवसर पर इंडियन ऑयल कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक राजेश सिंह, इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के संस्थापक चेयरमैन अवनीश कुमार अवस्थी मौजूद रहे। इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के महाप्रबंधक (ना.स-सीएसआर) अतुल कुमार और प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर इंडियन पैरा जूडो एकेडमी और लखनऊ में जूडो प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक एवं बालिकाओं को बेल्ट सार्टिफिकेट भी वितरण किये गये।

हाल ही में सम्पन्न हुए एशियन पैरा गेम्स में रजत एवं कांस्य पदक विजेता कपिल परमार व कु. कोकिला को भी पदक जीतने के लिए सम्मानित किया गया। अंत में अवनीश कुमार अवस्थी ने कार्यक्रम में शामिल सभी का धन्यवाद दिया।

### ट्रायल मैच में सीएएल रेड व पिंक की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएएल अंडर-19 ट्रायल मैच में गुरुवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में सीएएल रेड और दूसरे में सीएएल पिंक ने जीत दर्ज की। पहले मैच में सीएएल रेड ने सीएएल ब्लू को 55 रनों से हरा दिया। एनडीबीजी मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल रेड ने 38 .3 ओवर में सभी विकेट खोकर 200 रन बनाए। जवाब में सीएएल ब्लू की टीम 27 ओवर में 145 रन ही जोड़ सकी। दूसरे मुकाबले में सीएएल पिंक ने सीएएल व्हाइट को एक विकेट से हराया। बाला जी ग्राउंड पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल व्हाइट ने 45 ओवर में 3 विकेट खोकर 240 रन बनाए। जवाब में सीएएल पिंक की टीम 40 .5 ओवर में 9 विकेट खोकर 242 रन बना लिए और जीत हासिल की।



राधा स्वामी सत्संग व्यास के मुखिया बाबा गुरिंदर सिंह से आशीर्वाद लेने पहुंचे राजनाथ सिंह, साथ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा। अमृत विचार

## बाबा गुरिंदर सिंह से आशीर्वाद लेने पहुंचे राजनाथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार की सुबह राधा स्वामी सत्संग व्यास के आध्यात्मिक प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। राजनाथ सिंह सुबह 10 बजे कैंट स्थित राधा स्वामी सत्संग में पहुंचे जहां, बाबा गुरिंदर सिंह से मुलाकात की। राजनाथ सिंह ने कुछ देर सत्संग में बैठकर बाबा का सत्संग भी सुना। सत्संग में बाबा ने कहा कि कर्मों का हिसाब तो अटल है, कर्म न किसी के ले सकते हैं और न किसी को दे सकते हैं। कर्मों का हिसाब तो सबको देना पड़ेगा। रक्षामंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, एमएलसी मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, केपी सिंह, दिवाकर त्रिपाठी, डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, प्रवीण गर्ग, अशोक मोतियानी, अनिल बजाज और चेतन मल्होत्रा सत्संग और दर्शन कार्यक्रम में शामिल हुए। सत्संग व्यास समिति से मिली जानकारी के अनुसार, प्रत्येक रविवार को देश में छह हजार स्थानों पर एक निश्चित समय पर सुबह सत्संग होता है। मेजर सेंटर व व्यास में बाबा के सत्संग में अक्सर पांच लाख से ज्यादा अनुयायी सत्संग सुनने व दर्शन करने आते हैं।

# सर्वर फेल, घंटों लाइन के बाद आरटीओ से लौट रहे आवेदक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिवहन अधिकारियों की लिखित शिकायतों के बाद भी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ कार्यालय का सर्वर दुरुस्त नहीं हो पा रहा है। गुरुवार को फिर सर्वर डाउन होने से आवेदक लाइन में लगे डीएल बनवाने आए आवेदक पसीना पसीना होते रहे। कुछ का काम हो पाया और अन्य को दूसरे दिन आने की बात कहकर लौटा दिया गया।

सारथी भवन के विभिन्न काउंटरों पर गुरुवार को आवेदकों की लंबी लाइनें लगी थीं। सर्वर की कनेक्टिविटी काफी धीमी होने से आवेदकों के प्रपत्र डाउनलोड नहीं हो पाए। दोपहर एक बजे सर्वर पूरी तरह से ठप हो गया। लंबी लाइन देख कई आवेदक वापस हो गए। बता दें कि आवेदक आए दिन आरटीओ कार्यालय के सर्वर डाउन होने की समस्या से परेशान होते हैं।



▸▸ महीने में 10 से 12 दिन डाउन रहता है सर्वर

एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी ने बताया कि सर्वर बदलने के लिए दर्जनों पत्र मुख्यालय को लिखे जा चुके हैं। सुधार की दिशा में अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। औसतन एक माह में कम से कम 10 से 12 दिन सर्वर डाउन होता है या फिर इतना धीमा चलता है कि काम संभव ही नहीं हो पाता है।



पूर्व मंत्री राजकिशोर और ब्रज किशोर सिंह डिंपल व उनके समर्थकों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

# पूर्व मंत्री राजकिशोर सिंह भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गृहमंत्री अमित शाह से राजकिशोर ने की मुलाकात

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बीच पूर्व मंत्री राजकिशोर सिंह गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

लखनऊ पार्टी कार्यालय में उप्र. भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में राजकिशोर सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली। इसके बाद राजकिशोर ने राजधानी आए गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। राजकिशोर सिंह को सपा में शिवपाल सिंह यादव का करीबी माना जाता था। बीते साल से ही उनके भाजपा में आने की चर्चा थी। राजकिशोर सिंह इससे पहले बसपा में रह चुके हैं। सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं।

राजकिशोर सिंह के साथ सपा सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री ब्रजकिशोर सिंह डिंपल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप सिंह शानू, जिला पंचायत सदस्य सदस्य जटाशंकर सिंह समेत अन्य शामिल रहे।

## जनसभाएं कर राजनाथ के लिए मांगेंगे वोट

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के चुनावी प्रचार के लिए युवा, महिला, पिछड़ा, अनुसूचित, अल्पसंख्यक और किसान मोर्चा जनसभाएं करेगा।

भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि 4 मई को उत्तर विधानसभा के अंतर्गत खदरा चुंगी, महिला मोर्चा 5 मई को पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत राज स्टेट, अनुसूचित मोर्चा 7 मई को मध्य विधानसभा के अंतर्गत तिलक नगर स्थित छोटा रामलीला मैदान, किसान मोर्चा 8 मई को पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत मायापुरी कॉलोनी, पिछड़ा मोर्चा 9 मई को पूर्व विधासभा के अंतर्गत सेलिब्रेशन हॉल और युवा मोर्चा 12 मई को इको गार्डन में जनसभाएं करेगा।



गुरुद्वारा मानसरोवर में श्री गुरु सिंह सभा की ओर से गुरुवार को गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर सुखमनी साहिब का पाठ करते बच्चे।

## गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर आयोजन शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एलडीए कालोनी कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में श्री गुरु सिंह सभा की ओर से गुरुवार को गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर 40 दिवसीय सुखमनी साहिब का पाठ शुरू हुआ।

गुरुद्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि गुरुद्वारा मानसरोवर में आज दो मई को शुरू हुआ आयोजन गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व 10 जून तक निरंतर चलेगा। सुबह 4 बजे गुरबानी के पाठ और शबद कीर्तन के साथ 40 दिवसीय दीवान की शुरुआत हुई। कीर्तन गायन और गुरु की कथा में लोगों ने पूरी श्रद्धा के साथ भाग लिया। रोजाना सुबह चार बजे से 10 बजे तक यह आयोजन चलेगा।

# झकझोर देने वाली कहानी है नाटक दफ्न करो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतेन्दु नाट्य अकादमी के थ्रस्ट थियेटर में गुरुवार को अकादमी के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने नाटक दफ्न करो का मंचन किया। अमरीकी नाटककार इरविन शॉ द्वारा लिखित और वेदा राकेश द्वारा अनुदित नाटक दफ्न करो का निर्देशन सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ ने किया।

नाटक दफ्न करो कोई आम नाटक नहीं है। दिलों को झकझोर देने वाला नाटक है। इस नाटक में मंच पर दो देशों के बीच चल रहे युद्ध का माहौल उभरता है। दो देशों के युद्ध में शहीद होने वाले सैनिकों पर पहले भी कई नाटक हुए लेकिन यह नाटक दूसरे नाटकों से अलग दिखाई देता है। युद्ध के पीछे छुपी सच्चाई पर यह नाटक बड़ी गहराई से पड़ताल करता दिखाई देता है।

नाटक में अक्षय कुमार मेश्राम, सत्यांश पटेल, नवीन पाटीदार, विवेक राणा, पुनीत शुक्ला, देवांश प्रसाद, प्रदीप यादव, राहुल सेन, प्रियांक कठेरिया, योगेश कुमार तपस्वी, संगम कुमार कनौजिया, विकास गौतम, दीपचंद गुप्ता, संजय शर्मा, पंकज सत्यार्थी, आयुष गुप्ता, ज्योति धामी, यशा श्रीवास्तव, मयूरी त्रिवेदी, शालिनी चौहान और परवीन सुल्ताना ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।



भारतेन्दु नाट्य अकादमी के थ्रस्ट थियेटर में नाटक दफ्न करो का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# जमीन से जुड़ी हैं लोक और जनजातीय कलाएं : जय कृष्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर के वास्तुकला एवं योजना संकाय में गुरुवार को तीन दिवसीय लोक व जनजातीय कला शिविर शुरू हुआ। शिविर का उद्घाटन करते हुए कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्राचार्य जय कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि लोक और जनजातीय कलाएं जमीन से जुड़ी कलाएं हैं। यह किसी भी राष्ट्र की पहचान ही नहीं अभिमान भी होती हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में भौगोलिक विविधताएं लोक कथाओं के असीम विस्तार से हमें सम्पन्न करती हैं, लेकिन आधुनिकीकरण से बदलती जीवन शैली और प्रकृति से बढ़ती दूरियां हमारी लोक कलाओं के उन्नयन में बाधक साबित हो रही हैं।

संकाय की डीन डॉ. वंदना सहगल और उनकी कलाकारों की टीम ने कहा कि यह तीन दिवसीय कार्यशाला लोक और जनजातीय कलाकारों को बढ़ावा देने के साथ-साथ आवश्यक सामाजिक चेतना जाग्रत करने में सहायक होगी।



वास्तुकला एवं योजना संकाय में तीन दिवसीय लोक कला शिविर में विभागाध्यक्ष प्रो. रितु गुलाटी व मुख्य अतिथि जय कृष्ण अग्रवाल द्वारा सम्मानित होते माधव तिवारी।

▸▸ तीन दिवसीय लोक व जनजातीय कला शिविर शुरू

वास्तुकला संकाय की विभागाध्यक्ष प्रो. ऋतु गुलाटी ने कहा कि जब हम विदेशों में घूमने जाते हैं तो वहां उनकी कला व कलाकारों के संरक्षण का प्रयास देखते हैं। हमें भी ऐसा ही सार्थक प्रयास करना चाहिए।

शिविर के कोऑर्डिनेटर धीरज यादव (उत्तर प्रदेश) और बिनोय पॉल (असम) ने बताया कि इस शिविर में देश के चार प्रदेशों नार्थईस्ट, पश्चिम बंगाल, राजस्थान व उत्तर प्रदेश से कई सुप्रसिद्ध लोक एवं जनजातीय कला के ग्यारह कलाकार शामिल हैं। यह सभी कलाकार 4 मई तक अपनी-अपनी विधा में काम करेंगे।

## यूपी रेरा शिकायत के बाद आवंटी को दुकान पर दिलाएगा कब्जा


**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) एक आवंटी को ब्याज सहित दुकान पर कब्जा दिलायेगा। प्रोमोटर 'मेसर्स गौर संस हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि.' की परियोजना में एक आवंटी प्रियंका सिंह ने गौतमबुद्ध नगर स्थित गौर सिटी मॉल परियोजना में जुलाई 2019 में एक दुकान बुक कराई थी। लगभग 12 लाख 93 हजार रुपये की लागत वाले यूनिट के लिए आवंटी द्वारा एग्रीमेन्ट फॉर सेल के अनुसार शत प्रतिशत राशि का भुगतान किया जा चुका था। आवंटी को सितम्बर 2019 तक कब्जा प्राप्त होना था। आवंटी ने कब्जा न मिलने पर 2022 में उप्र रेरा कंसिलिएशन फोरम में शिकायत दर्ज करायी थी।

# बांसुरी वादन के साथ ही राग की जटिलताएं और बारीकियां भी सिखा गए राजेन्द्र प्रसन्ना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में गुरुवार को स्पिक मैकेय का लखनऊ चैप्टर शुरू हुआ। इस मौके पर संगीत जगत के प्रतिष्ठित कलाकार पं. राजेन्द्र प्रसन्ना ने अपने बांसुरी वादन से लोगों को मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के कला मंडपम प्रेक्षागृह में किया गया था।

पं. राजेन्द्र प्रसन्ना ने आलाप और जोड़ से अपना बांसुरी वादन शुरू किया। बाद में उन्होंने विलंबित एक ताल में बंदिश प्रस्तुत की। राजेन्द्र प्रसन्ना ने यहां श्रीराग जैसा जटिल राग बांसुरी पर प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रभावित किया बल्कि उन्होंने विद्यार्थियों को इस राग की बारीकियां और जटिलताएं दोनों समझाईं। उन्होंने बांसुरी वादन की तकनीक पर भी बात की। उनके साथ उनके शिष्य सम्यक पाराशरी ने बांसुरी पर और पं. ललित कुमार ने तबले पर संगत की।



भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में बांसुरी वादन करते पं. राजेन्द्र प्रसन्ना, तबले पर साथ देते पं. ललित कुमार। अमृत विचार

## एक नजर

### पति पर अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप

**अमृत विचार, ऊंचाहार, रायबरेली :** निजी संबंधों के दौरान पति पर अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया गया है। इससे आक्रोशित पत्नी ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के दर्जी मुहल्ले की रहने वाली युवती की शादी भदोही बाजार निवासी युवक से हुई थी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके दो बच्चे हैं। उसका आरोप है कि निजी संबंधों के दौरान उसके पति ने उसकी कई अश्लील वीडियो बना लिया है। इसके बाद से वह उसे प्रताड़ित करने लगा। वह विगत काफी समय से अपने मायके में है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसके पति ने फेक आईडी बनाकर उसका अश्लील वीडियो वायरल कर दिया है। यहीं नहीं उसने महिला के परिजनों और रिश्तेदारों को भी यह वीडियो व्हाट्सएप पर भेज दिया है जिससे उसकी काफी बदनामी हो रही है। पीड़ित महिला ने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। न्याय न मिलने पर उसने आत्महत्या करने की भी चेतावनी दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उसका शिकायती पत्र अभी नहीं मिला है।

# रोड शो के लिए राहुल का इंतजार, कार्यकर्ता तैयार

## नामांकन का आखिरी दिन आज, अमेठी-रायबरेली दोनों सीटों पर कांग्रेस देगी टक्कर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश की सबसे हॉट सीट अमेठी से शुक्रवार को पर्दा उठ जाएगा। सूत्रों के अनुसार नामांकन के अंतिम तिथि 3 मई होने के कारण चर्चा है कि राहुल गांधी आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह के अनुसार नामांकन के लिए केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में तैयारियां पूरी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि नामांकन में गांधी परिवार के सदस्य व कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के मौजूदगी में राहुल गांधी इस बार सादगी के साथ अपना नामांकन करेंगे। अमेठी व रायबरेली से गांधी परिवार से नामांकन के लिए देर रात दिल्ली से अधिवक्ताओं की टीम रायबरेली पहुंच गई है। इसमें वरिष्ठ अधिवक्ता केसी कौशिक भी हैं। इस बीच खबर है कि रायबरेली में प्रियंका गांधी के भी पोस्टर लग गए हैं। कयास है कि वहां से प्रियंका को चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है। दूसरी तरफ अमेठी में शुक्रवार को कांग्रेस को बड़े रोडशो की इजाजत मिल गई है। माना जा रहा है कि राहुल गांधी ही अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार होंगे और वही रोडशो भी करेंगे। अमेठी में कांग्रेस ने 151 वाहनों की रैली निकालने की इजाजत ली है। इसमें 100 मोटर साइकल, 50 चार पहिया वाहन और एक डीसीएम शामिल है। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी रूपरेखा तय की गई है। उधर, रायबरेली में बीजेपी ने दिनेश प्रताप सिंह को फिर कैंडिडेट बनाया है। 2019 लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी ने उनको इस सीट पर हराया था।

### राहुल व प्रियंका के नामांकन को लेकर दिन भर रही गहमागहमी




**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने व नामांकन को लेकर सारा दिन गहमागहमी रही। राहुल गांधी के अमेठी से नामांकन के लिए ऑनलाइन नामांकन पत्र लिये जाने की चर्चा होती रही। प्रदेश कांग्रेस के नेता इस पर कुछ भी बोलने से कतराते रहे। वे गुरुवार की रात में दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा हो जाने की बात कहते रहे। टिकट को लेकर संशय के बीच नई दिल्ली में कांग्रेस के नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश का कहना था कि वे चाहते हैं कि अमेठी से राहुल व रायबरेली से प्रियंका चुनाव लड़ें। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के सांसद प्रतिनिधि और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव किशोरी लाल शर्मा का कहना था कि नामांकन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई। उन्होंने इस ओर भी इशारा किया कि अमेठी और रायबरेली को गांधी परिवार का ही सहारा है।

### सपा जिलाध्यक्ष ने राहुल को बनाया प्रत्याशी

कांग्रेस पार्टी की घोषणा से पूर्व ही अमेठी में सपा जिलाध्यक्ष ने राहुल गांधी को अमेठी लोकसभा सीट से प्रत्याशी होने की घोषणा कर दी। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी के नामांकन की पोस्ट डाली। इसमें कहा गया कि राहुल गांधी तीन मई की सुबह 10 बजे नामांकन करेंगे। सपा नेता ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से नामांकन में पहुंचने की अपील की।

### बसपा प्रत्याशी नन्हे सिंह सहित 6 ने किया नामांकन

लोकसभा अमेठी सीट से गुरुवार तक भाजपा, बसपा व विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी सहित निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलाकर 18 उम्मीदवारों द्वारा 23 सेट में नामांकन दाखिल किया गया है। वहीं राहुल गांधी के नामांकन के लिए गुरुवार को ऑनलाइन नामांकन पत्र खरीदने की प्रदेशभर में चर्चा रही। गुरुवार को बसपा से प्रत्याशी बनाए गए नन्हे सिंह ने दो सेट में अपना नामांकन दाखिल किया तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों में जयसिंह, तनवीर अहमद, राजेश बहादुर सिंह ने एक-एक सेट में अपना नामांकन दाखिल किए हैं। राष्ट्रीय मानव सम्मान पार्टी से सुरेश कुमार मौर्या ने एक सेट में अपना नामांकन दाखिल किया है तो वही राष्ट्रीय नारायण वादी विकास पार्टी से मोहम्मद हसन लहरी ने तीन सेटों में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया हैं। वहीं गुरुवार को तीन निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन पत्र खरीदा गया है।

### राहुल गांधी के मामले में सुनवाई 14 को

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव के दौरान बैंगलोर में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेस वार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल के मामले में गुरुवार को बचाव पक्ष ने राहुल गांधी की हाजिरी माफी दी। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट का प्रभार अभी किसी न्यायिक अधिकारी को न मिलने के कारण मामले में राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 14 मई की तारीख नियत की गई है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें गुरुवार को उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी।

# एडीजी एसटीएफ लखनऊ बार के पदाधिकारियों को तामील कराएं नोटिस

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **हाईकोर्ट का आदेश, बार के अध्यक्ष, महासचिव व चुनाव अधिकारी को किया तलब**



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अवमानना के एक मामले में एडीजी, एसटीएफ को आदेश दिया है कि वह लखनऊ बार एसोसिएशन के महासचिव व चुनाव अधिकारी को नोटिस का तामीला सुनिश्चित करें। इसी के साथ न्यायालय ने अध्यक्ष सुरेश कुमार पाण्डेय, महासचिव कुलदीप नारायन मिश्रा व कथित मुख्य चुनाव अधिकारी अरविन्द कुमार को तलब भी कर लिया है। न्यायालय ने उक्त तीनों पदाधिकारियों को 16 मई 2024 को साढ़े 11 बजे कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने बार के पूर्व मंत्री रमेश प्रसाद तिवारी व अन्य की याचिका पर पारित किया। याचिका में पिछले वर्ष नवंबर माह में रिट कोर्ट द्वारा पारित आदेश का हवाला दिया गया है जिसमें रिट कोर्ट ने जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों को आदेश दिया था कि लखनऊ बार एसोसिएशन व इसके पदाधिकारियों तथा सदस्यों को कोई मान्यता न दी जाए। न्यायालय ने यह आदेश कलेक्ट्रेट स्थित लखनऊ बार एसोसिएशन का चुनाव न कराने पर नाराजगी प्रकट करते हुए दिया था।

वर्तमान अवमानना याचिका में कहा गया है कि रिट कोर्ट के आदेश के बावजूद लखनऊ बार एसोसिएशन द्वारा पारित प्रस्तावों को जिलाधिकारी व उप-जिलाधिकारी मान्यता दे रहे हैं जिसके तहत बार द्वारा न्यायिक कार्यों से विरत रहने के प्रस्ताव भी शामिल हैं। इस पर न्यायालय ने बार के पदाधिकारियों को तलब कर लिया। हालांकि अध्यक्ष की ओर से अधिवक्ता के उपस्थित होने के कारण नोटिस का तामीला सिर्फ महासचिव व मुख्य चुनाव अधिकारी को कराने का आदेश एडीजी, एसटीएफ को दिया है।

# इलेक्ट्रानिक सामान की दुकान से हो रहा था नकली नोट का कारोबार, गिरफ्तार

## दुबग्गा पुलिस ने तमिलनाडु के रहने वाले दो आरोपियों को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** दुबग्गा पुलिस ने इलाके के महिपतमऊ गांव में इलेक्ट्रानिक सामान की दुकान खोलकर नकली नोट का कारोबार करने वाले गिरोह का खुलासा किया। गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार किया। दोनों तमिलनाडु के रहने वाले हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने नकली नोट व अन्य सामान बरामद किया है। इस गिरोह के सरगना की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है।

डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में तमिलनाडु के थिरुचित्रलंबलम सेट्टियार स्ट्रीट निवासी विजय सौरीराजन और एम गनेशन शामिल हैं। आरोपी अलग-अलग इलाकों में दुकान खोलकर फर्नीचर, इलेक्ट्रानिक, बर्तन, मोबाईल समेत अन्य घरेलू सामान कम दाम पर बेचने का झांसा स्थानीय लोगों को देते थे। इसके बाद उनसे एडवांस में रुपये लेकर उनको रसीद पकड़ा देते थे। सामान की डिलीवरी घर पर करने की बात कह ग्राहक को भेज देते थे। 15 दिन बाद सामान की डिलीवरी करते थे। अगर किसी ग्राहक ने सामान वापस किया तो उसे भी नकली नोट ही देते थे।



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए जालसाज। अमृत विचार

- **नकली नोट, इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद, सरगना की तलाश में टीम दे रही दबिश**

**रुपये जुटाते, दुकान बंदकर हो जाते थे फरार :** डीसीपी पश्चिमी के मुताबिक स्थानीय लोगों को भरोसे में लेने के लिए जालसाजों ने तरकीब निकाली थी। इसके लिए वह ग्राहकों को सामान की कीमत लेने के साथ ही रसीद पकड़ाते थे। कई ग्राहकों को किस्तों में रुपये जमा करने का लालच देते। उनको भी रकम लेने के साथ ही रसीद देते थे। जब सामान लेने ग्राहक पहुंचता तो कीमत अदा करने के बाद बचे हुए रुपये लौटाने के लिए नकली नोट पकड़ाते थे। जब ज्यादा रुपये जुट जाते थे तो दुकान बंद कर दूसरे राज्य निकल जाते थे। पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि इस गिरोह ने अब तक 30 लोगों के साथ ठगी की है।

**सरगना की तलाश में दबिश :** इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव कुमार ने बताया कि गिरोह का सरगना मुर्गन हैं। दोनों को सिर्फ उसका नाम मालूम है। मुर्गन कहां रहता है। इसके बारे में जानकारी नहीं है। उससे सिर्फ मोबाइल के जरिए संपर्क होता था। मुर्गन ही दोनों को पूरा सेटअप तैयार कर देता है। नकली नोट भी वही उपलब्ध कराता था। गिरोह के सरगना की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। वहीं, आरोपियों के पास से बरामद 500 ओर 100 रुपये के नोट को जांच के लिए फोरेसिंक लैब भेजा जाएगा।

### किराए पर लेते थे दुकान और मकान

इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव कुमार ने बताया कि आरोपी दुकान और मकान आसपास किराए पर लेते थे। लेकिन उसमें रहते नहीं थे। इसे सिर्फ दस्तावेज मंगाने का स्थान बना रखा था। रहने के लिए चारबाग और आलमबाग इलाके में सस्ते गेस्ट हाउस और होटलों का प्रयोग करते थे। देर शाम को दुकान बंद कर दोनों आरोपी होटल में चले आते थे। यहां तक बातचीत करने के लिए मोबाइल फोन का प्रयोग करते थे। वह भी फर्जी नाम व पते पर रहता था। इस नंबर से परिवार से बातचीत नहीं करते थे। सिर्फ ग्राहकों के लिए प्रयोग करते थे। आरोपियों के पास से एक सिरीज के 500 और 100 रुपये नकली नोट, मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेज बरामद किया है।

### चोरी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मिनी सचिवालय गोविंदपुर में हुई चोरी को एक पखवाड़ा से अधिक बीतने को है किन्तु पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। गौरतलब हो कि एक पखवाड़ा पूर्व बेखौफ चोर ने मिनी सचिवालय गोविंदपुर में तीसरी बार चोरी की घटना को अंजाम देकर एलईडी पार कर दी थी। बीती 15 अप्रैल की सुबह ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह को जानकारी मिली कि मिनी सचिवालय के कमरे का ताला टूटा है। कमरे में एलईडी लगी थी उसी कमरे का ताला टूटा था। कमरे से एलईडी गायब थी। इसके पहले भी दो बार इसी मिनी सचिवालय में चोरी हो चुकी है। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान ने शिवगढ़ पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो उनको वहां से सीसीटीवी फुटेज में चोरी करते समय का वीडियो मिला। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा युवक पहचाना जा सकता है। चोरी की वारदात को एक पखवाड़ा से अधिक समय बीत गया है। अभी तक चोरी करने वाले युवक तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है और न ही चोरी का खुलासा हो पाया है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल से ने बताया कि चोर की पहचान हो चुकी है। जल्द ही इस चोरी का खुलासा किया जाएगा और चोरी करने वाला को जेल भेजा जाएगा।

### जंगली जानवर के हमले से छह बकरियां मरीं

**डलमऊ, रायबरेली :** संदिग्ध परिस्थितियों में किसी जंगली जानवर के हमले से लगभग एक दर्जन बकरियां गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई है। डलमऊ तहसील क्षेत्र के पूरे लोधन उबरनी गांव में गुरुवार की बीती रात को दरवाजे पर बजरंगी की लगभग एक दर्जन बकरियां बंधी हुई थी। लेकिन किसी जंगली जानवर ने हमला करके बकरियों को घायल कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। सुबह जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल राजेंद्र तिवारी ने मामले की जांच पड़ताल की है। लेखपाल ने दी गई रिपोर्ट में बताया कि किसी जंगली जानवर के हमले से बकरियां घायल हुई थी, जिससे उनकी मौत हुई है। जांच रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी जा रही है।

### डेंगू से निपटने के मामले में सरकार से मांगा जवाब

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने डेंगू व अन्य वेक्टर जनित रोगों से निपटने के लिए राज्य सरकार की तैयारियों के सम्बंध में जवाब देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 13 मई को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला ने फरीद अली सिद्दीकी की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। न्यायालय ने पूर्व के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि लखनऊ की मंडलायुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन होना था जो शहर का निरीक्षण करती और डेंगू तथा अन्य वेक्टर जनित रोगों से निपटने के उपायों पर काम करती। इस पर नगर निगम के अधिवक्ता द्वारा बताया गया कि कमेटी का गठन हो चुका है, हालांकि राज्य सरकार की ओर से इस तरह की जानकारी हलफनामे पर नहीं दी गई थी, जिससे हाईकोर्ट ने नाखुशी भी जाहिर की।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES
JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

FACULTY OF MEDICAL SCIENCES
(All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF DENTAL SCIENCES
All Specialties)
FACULTY OF PHARMACY
FACULTY OF NURSING
M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
HUMANITIES AND JOURNALISM
English

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

# एलडीए के तत्कालीन संपत्ति अधिकारी समेत तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **अफसर से मिलीभगत कर फर्जी बैनामा कराकर हड़पे 50 लाख रुपये**
- **कोर्ट के आदेश पर विभूतिखंड थाने में दर्ज किया गया मामला**

**अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर विभूतिखंड थाने में वर्ष 2001 में एलडीए के तत्कालीन संपत्ति अधिकारी समेत तीन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने एलडीएम के अफसर से मिलीभगत कर पहले से ही बिक्री प्लाट उसे बेच 50 लाख रुपये हड़प लिये।

विभूतिखंड थाने में त्रिवेणी नगर निवासी शिवानी सिंह पुत्री महाराज सिंह ने तहरीर दी। बताया गोमती नगर के विक्रांत खंड में राज कुमार निवासी परशुरामपुर और मुकेश कुमार निवासी मल्हौर से वर्ष 2001 में मुलाकात हुई थी। दोनों से लखनऊ विकास प्राधिकरण के एक प्लाट का सौदा तय हुआ था। जिसकी कीमत 90 लाख बताई थी। झांसे में आकर उसने 50 लाख रुपये दे दिये। उपनिबंधक द्वितीय सा्दर के यहां बैनामा भी करा दिया गया।

भवन निर्माण के लिये जब उसने लखनऊ विकास प्राधिकरण में नक्शा पास कराने आवेदन किया तो 17 फरवरी 2024 को मुकेश कुमार ने उसे बताया कि प्लाट पर कुछ लोग निर्माण कर रहे हैं। पीड़िता विभूतिखंड थाने पहुंची तो पुलिस



ने निर्माण रुकवा दिया। वह दोबारा पहुंची तो प्लाट में लोग निर्माण करा रहे थे। पूछने पर पता चला कि अजय सिंह नामक व्यक्ति मालिकाना हक बता रहा है। उसने प्राथमिकी दर्ज कराई। विवेचक ने जांच में बताया कि आरोपियों ने प्लाट के जो कागजात दिखाये थे वह 2001 का विकास प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया फर्जी था। उसने स्थानीय पुलिस से शिकायत की तो सुनवाई नहीं हुई। तब कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकेश कुमार निवासी नन्दपुर सलाहौर, राज कुमार निवासी परशुरामपुर, जनपद आजमगढ़ और लखनऊ विकास प्राधिकरण तत्कालीन संपत्ति अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# शराब के शौकीनों ने बढ़ाया 107 करोड़ का राजस्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शराब के शौकीनों ने शराब की खपत बढ़ा दी है। एक वर्ष में आबकारी विभाग ने राजस्व को मोटा मुनाफा दिया है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस बार करीब 107 करोड़ की अधिक कमाई हुई है। इसकी वजह शराब के शौकीनों के मयखानों की तरफ कदम बढ़ने हैं।

शहर में शराब, बीयर और देशी शराब की बिक्री में बढ़ोत्तरी हुई है और इसका मुख्य कारण लोग अब ज्यादा शराब पीने लगे हैं। पहले शराब पीने की जगह लोग ढूंढते थे लेकिन अब शहर में अनेक बार खुल गए है जो लोगो की सुविधा के अनुसार सर्विस दे रहें है। अगर दुकानें रात 10 बजे बंद हो जाती हैं तो शराब पीने के शौकीन इन बार में जाकर रात के एक बजे तक पीने का मजा लेते हैं। पहले हरियाणा की शराब गुपचुप तरीके से बिकती थी जिस पर बहुत हद तक आबकारी विभाग ने शिकंजा कसा है। यह भी एक वजह है शराब की बिक्री से राजस्व को लाभ मिलने का। अगर बात आंकड़े की करें तो जहां एक वर्ष 2022-23 में शराब की बिक्री 2477.84 करोड़ थी। वहीं 2023-24 में शराब की बिक्री 2584.70 करोड़ रूपए रही। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि शराब पीने वालो की संख्या में इजाफा हुआ है। एक वर्ष में लोग लगभग 107 करोड़ की शराब पी गए हैं। त्योहारों पर शराब की बिक्री अधिक हो जाती है।

> पहले की अपेक्षा शराब की बिक्री और पीने वाले दोनों बढ़े है। आबकारी विभाग ने अभियान चलाकर अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे लोगो के खिलाफ कार्रवाई भी की है जिसका असर है कि राजस्व बढ़ा है। त्योहारों पर बिक्री अधिक बढ़ जाती है। – **राकेश कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी**

- **त्योहारों पर होती है शराब की ज्यादा बिक्री**

# जम्मू-कश्मीर में एक संविधान-एक विधान लागू किया गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में अभूतपूर्व काम हुए हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35 ए को हटाकर एक संविधान-एक विधान लागू किया गया।

उक्त बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पंकज सिंह ने नुक्कड़ सभा में कहीं। उन्होंने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। पिछले दस वर्षों में आतंकी घटनाएं नहीं हुई हैं। लखनऊ में दस वर्षों में रक्षामंत्री ने कई विकास कार्य किए हैं। उन्होंने राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। विधायक पंकज सिंह ने बटर पैलेस कालोनी, लेबर कॉलोनी और बाजार खाला चौराहा चित्रा टावर में नुक्कड़ सभाओं में सभाएं कीं। भाजपा नेता नीरज सिंह ने अलीगंज और ठाकुरगंज चौराहा में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि लखनऊ के लोगों का स्नेह और आशीर्वाद हमेशा दोगुना होकर मिला है। इस बार भी 2019 की अपेक्षा ज्यादा मिलेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ शहर को मेट्रोपॉलिटन सिटी बनने के लिए कार्यरत हैं। 54 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाएं का कार्य लखनऊ के विकास कार्यों से जोड़ा गया है। उन्होंने रक्षामंत्री को पांच लाख से अधिक वोटों से विजयी बनाने की अपील की।



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते भाजपा नेता नीरज सिंह। अमृत विचार

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# बरेली में कमल खिलेगा या साइकिल भरेगी रफ्तार

## बीते दो चुनावों में भाजपा का वोट 2%, सपा का 10% बढ़ा

### कांटे की लड़ाई में भाजपा को अपना पुराना गढ़ बचाने और सपा के सामने किला फतह करने की चुनौती

### भाजपा-सपा के बीच सीधे मुकाबले से दिलचस्प हुई लड़ाई, पार्टियों को बेचैन कर रही वोटर की खामोशी

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** झुमके-सुरमे के बाद अब नाथ नगरी के रूप में पहचान बना रही बरेली की सियासत इस बार क्या गुल खिलाएगी, यह पक्के तौर पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। मतदान की बेला करीब आने के साथ ही लोकसभा सीट पर तेजी से बन और बिगड़ रहे सियासी समीकरण इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार का चुनावी रण किसी भी तरफ करवट ले सकता है। सवाल एक ही है कि बरेली में फिर से कमल खिलेगा या इस बार साइकिल रफ्तार भरेगी। मतदाताओं की खामोशी ने राजनीतिक दलों की बेचैनी बढ़ा रखी है।

#### आठ बार संसद पहुंचे संतोष गंगवार

- बरेली संसदीय सीट भाजपा का मजबूत किला है। 1989 में पहली बार यहां से एक लाख 95 हजार वोट पाकर सांसद बनने वाले संतोष गंगवार के नाम आठ बार संसद पहुंचने का रिकॉर्ड है। 2004 तक वह लगातार छह बार सांसद बने, लेकिन 2009 के चुनाव में कांग्रेस से मैदान में उतरे प्रवीन सिंह ऐरन से शिकस्त मिली। लेकिन पांच साल बाद हालात फिर से बदले। 2014 के चुनाव में मोदी लहर में संतोष गंगवार ने फिर से बरेली में कमल खिला दिया। 2019 के चुनाव में संतोष गंगवार पांच लाख 65 हजार 270 वोट पाकर सांसद चुने गए।




#### भाजपा ने इस बार छत्रपाल गंगवार को उतारा

2024 के चुनावी समर में संतोष गंगवार ने नौवीं बार सांसद बनने का ख्वाब संजोया था। टिकट पाने के लिए पूरी जोर आजमाइश भी की। आखिर तक कहते भी रहे कि चुनाव लड़ेंगे, मगर टिकट कटने से ख्वाब अधूरा रह गया। इसके साथ ही भाजपा के लिए मुश्किल भी बढ़ गई क्योंकि पार्टी ने इस बार पूर्व विधायक रहे छत्रपाल गंगवार पर दांव लगाया है।



#### गठबंधन ने प्रवीन सिंह ऐरन पर लगाया दांव

सपा-कांग्रेस से गठबंधन से पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन चुनावी रण में हैं। पर्चा खारिज होने के बाद से बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार चुनावी मैदान से बाहर हो गए हैं। वैसे तो बरेली संसदीय सीट पर 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है, मगर मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच ही है। बाकी छोटे दल और निर्दलीय उम्मीदवार वोट कटवा के रूप में काम करेंगे, लेकिन इससे भाजपा-सपा प्रत्याशियों को बहुत नुकसान होने की संभावना कम है।




#### विधानसभा वार मतदाता

| | |
|---|---|
| बरेली शहर | 461394 |
| बरेली कैंट | 380757 |
| मीरगंज | 347696 |
| भोजीपुरा | 388864 |
| नवाबगंज | 343566 |

#### निर्णायक भूमिका में मुस्लिम-कुर्मी वोटर

- बरेली संसदीय सीट पर 19 लाख 29 हजार से ज्यादा मतदाता हैं। लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं मीरगंज, भोजीपुरा, नवाबगंज, बरेली शहर और कैंट बरेली आती हैं। जातिगत आंकड़ों के लिहाज से मुस्लिम और कुर्मी मतदाता निर्णायक साबित होते हैं। करीब पौने छह लाख मुस्लिम और यादव वोटर सपा का कैडर वोट माना जाता है।

#### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | संतोष गंगवार | 5,65,270 | 52.91 |
| सपा | भगवत शरण गंगवार | 3,97,988 | 37.25 |
| कांग्रेस | प्रवीण सिंह एरन | 74,206 | 6.95 |

#### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | संतोष गंगवार | 5,18,258 | 50.91 |
| सपा | आयशा इस्लाम | 2,77,573 | 27.27 |
| बसपा | उमेश गौतम | 1,06,049 | 10.42 |
| कांग्रेस | प्रवीण सिंह एरन | 84,213 | 8.27 |

#### नाराजगी दूर करने का हर प्रयास, रह न जाए फांस



- अपना पुराना गढ़ बचाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत लगा रखी है। ऐसा इसलिए क्योंकि आठ बार के सांसद संतोष गंगवार का टिकट कटने से उनके समर्थकों और बिरादरी के लोगों में नाराजगी है। पार्टी लगातार इस नाराजगी को दूर करने का भरसक प्रयास कर रही है। सार्वजनिक तौर पर सांसद संतोष गंगवार की तारीफ कर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक ने प्रचार के दौरान उनका सियासी कद बढ़ाने की कोशिश की है, लेकिन बड़ा सवाल है कि क्या इससे संतोष समर्थक और बिरादरी का पूरा वोट भाजपा हासिल कर पाएगी। भाजपा को जिताने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा कर चुके हैं। दूसरी तरफ गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन भी लगातार चुनावी हवा बनाने में लगे हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि भाजपा अपना गढ़ बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई में है, जबकि गठबंधन प्रत्याशी भाजपा के पुराने किले को ध्वस्त करने के लिए मतदाताओं को रिझाने की हर कोशिश में लगे हैं।

#### स्थानीय मुद्दे गुम, राष्ट्रवाद, आतंकवाद, महंगाई-बेरोजगारी पर घेराबंदी

- भाजपा प्रदेश में पिछले सात साल और केंद्र सरकार द्वारा 10 साल में कराए गए विकास कार्यों, योजनाओं, आतंकवाद, राष्ट्रवाद, नक्सलवाद, माफियावाद, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, राम मंदिर के मुद्दे को लेकर मुखर है। जिले में अब तक हुई जनसभाओं में पार्टी के स्टार प्रचारकों ने इन मुद्दों को जोर शोर से उठाकर जनता को साधने की पुरजोर कोशिश की है। उधर, सपा-कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई के मुद्दे को लेकर सरकार की घेराबंदी कर रही है। चुनाव में स्थानीय मुद्दे गुम से हो गए हैं। अब तक किसी भी दल की ओर से बरेली के स्थानीय मुद्दों पर बात नहीं की गई है। इस चुनाव में कोई ऐसा स्थानीय मुद्दा भी तैयार नहीं हो सका है, जिससे यह तय हो सके चुनावी बयार का रुख किधर है। मतदाताओं की खामोशी और भी चुभ रही है। अब जब मतदान की तारीख करीब आ रही है तो चुनाव ध्रुवीकरण की ओर घूमता नजर आ रहा है।

## घोसी में माहौल बनाएगा मुख्तार अंसारी का परिवार



विनय जायसवाल, मऊ

गाजीपुर से बसपा के टिकट पर जीते अफजाल अंसारी अब समाजवादी पार्टी के टिकट पर गाजीपुर से उम्मीदवार हैं। हालांकि गैंगस्टर एक्ट में हुई सजा के मामले में अभी हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। फैसला उनके पक्ष में आता है तो ठीक अन्यथा उनकी बेटी गाजीपुर से चुनाव लड़ेंगी। इसकी घोषणा अफजाल अंसारी कर चुके हैं। छोटे भाई मुख्तार अंसारी की मौत को हत्या बताने वाले अफजाल अंसारी सपा को मुख्तार की कमी नहीं खलने देना चाहते हैं। इसलिए वे गाजीपुर के साथ ही आसपास की सीटों पर भी सपा के पक्ष में माहौल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्तार की मौत बीमारी से नहीं बल्कि उसकी हत्या हुई यह प्रचारित करने का कार्य घोसी सीट पर भी किया जाएगा और आजमगढ़, लालगंज सीट पर भी। अफजाल के साथ ही उनकी बेटी भी इन सीटों पर पिता के साथ प्रचार करेंगी। मुख्तार अंसारी भले ही जेल में रहा हो उसके फरमान पर यहां के मुस्लिम मतदाता प्रत्याशी तय करते रहे हैं। यह पहला चुनाव है जब मुख्तार की गैर मौजूदगी में कोई चुनाव होने जा रहा है। 17 बार घोसी लोकसभा सीट पर चुनाव हुआ है। 1989 से 1998 तक कल्पनाथ राय इस सीट पर लगातार जीते। 1999 में बसपा के बालकृष्ण चौहान यहां से सांसद बने थे। हालांकि बसपा ने इस बार भी उन्हें उम्मीदवार बनाया है। सपा ने राजीव राय को मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में सपा का बसपा से गठबंधन था तब बसपा के अतुल राय यहां से जीते थे। भाजपा ने यह सीट अपनी सहयोगी सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी को दी है।

## दंगे के मास्टरमाइंड की 19 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

संवाददाता, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** कानपुर में नई सड़क दंगे के मास्टरमाइंड और गैंगस्टर के आरोपी मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा उर्फ बाबा बिरयानी वाले के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार सुबह बजरिया थाना पुलिस उन्नाव जिले के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कटरी पीपरखेड़ा इलाके पहुंची। जहां आरोपी मुख्तार और उसके बेटों की लगभग 19 करोड़ से अधिक संपत्ति को डुगडुगी पिटवाकर कुर्क करने की कार्रवाई की। पुलिस ने कुर्क की गई भूमि पर सरकारी बोर्ड लगाकर खरीद फरोख्त पर रोक लगा दी है।

नई सड़क पर हुई हिंसा के मास्टरमाइंड और गैंगस्टर एक्ट के आरोपी बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा की उन्नाव जिले के गंगाघाट में लगभग 19 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति पड़ी थी। जिसे कुर्क करने के लिए बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ गुरुवार को गंगाघाट क्षेत्र के कटरी पीपरखेड़ा पहुंचे। उन्होंने राजस्व कर्मियों से पहले नापजोख कराई। इसके बाद आरोपी और उसके परिजनों की लगभग 19 करोड़ से अधिक की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की। उक्त भूमि पर सरकारी बोर्ड लगवाए। जिस पर लिखा था कि इस जमीन को खरीदना-बेचना अपराध है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि मुख्तार नई सड़क दंगे का मास्टरमाइंड था। उसकी और भाई की आतंक से अर्जित की गई संपत्ति उन्नाव जिले के ग्राम हड़हा, तहसील सदर के कटरी पीपरखेड़ा में स्थित है।



डुगडुगी बजवाकर कुर्की की कार्रवाई करती पुलिस। अमृत विचार

## ट्रेनों की साफ-सफाई को हो रहे बेहतर इंतजाम

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए ट्रेनों को स्वच्छ बनाये रखने एवं कोचों की साफ-सफाई तथा ग्रीष्मकाल में ट्रेनों में पानी की उपलब्धता के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाये गये हैं। इसके लिये इस रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट एवं क्विक वाटरिंग सिस्टम स्थापित किये गये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे पर औड़िहार, छपरा, बनारस, गोमती नगर एवं सी.बी. गंज सहित कुल पांच स्टेशनों पर ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट स्थापित किये गये हैं। ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट द्वारा 24 कोचों की ट्रेन के यानों के बाहरी सतह पर जमी धूल एवं गंदगी मात्र 15 मिनट में साफ हो जाती है तथा शौचालय के निचले हिस्से की भी सफाई कर उसे संक्रमण मुक्त बनाया जाता है। इसके अतिरिक्त ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट परंपरागत धुलाई की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत पानी का उपयोग करता है, जिससे ट्रेन की धुलाई में लगभग 80 प्रतिशत पानी की बचत होती है।

## हाईवे किनारे झाड़ियों में जलता मिला शव

**सोहावल, अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे रौनाही थाना क्षेत्र में जुबेरगंज पशु बाजार के पास गुरुवार को दिनदहाड़े एक युवक का शव झड़ियों में जलता हुआ मिला। इससे क्षेत्र में हलचल है। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। क्षेत्रीय लोग साक्ष्य छिपाने के लिए साजिश के तहत शव को जलाने की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने मौत की वजह की जानकारी के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जाँच शुरू कर दी है। हाईवे किनारे से गुरुवार दोपहर बाद गुजर रहे स्थानीय राहगीरों ने जुबेरगंज पशु बाजार से मुख्य सड़क से चंद कदम दूर स्थित झाड़-झंखाड़ में एक युवक का शव जलते देखा। मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी। चौकी प्रभारी अनुराग पाठक के साथ इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। झाड़-झंखाड़ में लगी आग पर काबू पा कर शव को किनारे रखवाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि शव सड़क किनारे गड्ढे में पड़ा था और घासफूस व झाडी में आग लगी हुई थी। शव के जलने से निकली बदबू पर नजदीक से जाकर देखने पर मामले की जानकारी हुई।



हाईवे किनारे घटनास्थल के पास जलता खर-पतवार।

## एमपी के राज्यपाल ने किये रामलला के दर्शन

संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार:** मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल गुरुवार को लखनऊ से सड़क मार्ग से अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद सीधे अयोध्या धाम पहुंच हनुमानगढ़ी और कनक भवन में दर्शन पूजन किया। सरयू जल का आचमन किया। राम मंदिर में रामलला के दर्शन कर अभिभूत हुए।



कनक भवन से दर्शन कर बाहर निकलते मध्य प्रदेश के राज्यपाल। अमृत विचार

## पुलिस मुठभेड़ में इनामी गो तस्कर और साथी गिरफ्तार

**संवाददाता, कानपुर देहात :** चेकिंग के दौरान बाइक सवार इनामी गो तस्करों ने अकबरपुर कोतवाली पुलिस पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ में एक गो तस्कर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक साथी भागने में सफल रहा। इनके पास से तमंचा, कारतूस, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ आलमचंद्रपुर नहर बंबा के पास बुधवार रात चेकिंग कर रहे थे, तभी तीन लोग एक बाइक से आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

## ट्रेनिंग में गैरहाजिर 41 कर्मियों पर एफआईआर के दिए आदेश

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने 18 व 22 अप्रैल को प्रशिक्षण में बिना पूर्व सूचना गैरहाजिर रहने वाले पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम पर एफआईआर दर्ज करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए हैं। निर्वाचन संपन्न कराने के लिए कई विभागों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में लगाई गई है। प्रशिक्षण विगत 18 व 22 अप्रैल को दो पालियों में दिया गया। अनुपस्थित कार्मिकों को पुन: प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने को 22 को द्वितीय पाली में प्रतिभाग किए जाने का निर्देश दिया गया परंतु 41 कर्मी बिना किसी पूर्व सूचना के गैरहाजिर रहे। डीएम ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन न करने और प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने और प्रशिक्षण से विरत रहने के विषय में स्पष्टीकरण मांगे जाने पर स्पष्टीकरण प्राप्त न होने पर 15 विभागाध्यक्षों को सम्बन्धित कार्मिकों के विरुद्ध निर्वाचन कार्य में बाधा पहुंचाने व प्रशिक्षण में जानबूझकर उपस्थित रहने के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

## आईएएस बता राज्य कर अधिकारी से रचाई शादी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** राज्य कर अधिकारी को फेसबुक पर एक युवती से प्यार हो गया। बातचीत में युवती ने खुद को अविवाहित व आईएएस बताया। इसी बीच दोनों ने मंदिर में शादी कर ली। शादी के कुछ दिन बाद वह पैसे लेकर फरार हो गई। राज्य कर अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने युवती के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में कोतवाली नगर में बुधवार देर रात केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार मैनपुरी जिले के बिछवा थाना क्षेत्र के हेमपुरा गांव निवासी नोबिल कुमार आगरा में राज्य कर अधिकारी है। उन्होंने आगरा पुलिस उपायुक्त को तहरीर देते हुए बताया कि फेसबुक के माध्यम से कल्पना से जान पहचान हुई। बाद में उसने खुद को अविवाहित बताते हुए आईएएस अधिकारी अंडर कवर बताया। पोस्टिंग के बारे में पूछने पर बताया कि यह गोपनीय है, समय आने पर बता देगी। दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई तो आर्य मंदिर में शादी कर ली। शादी में कल्पना ने अपना पता सुलतानपुर जिले की नगर पंचायत दोस्तपुर के बभनिया पूरब लिखाया था। शादी के कुछ दिन बाद कल्पना कहीं चली गई और पैसे की मांग करती रही, जिसे मैं देता रहा। बाद में पता चला कि कल्पना की शादी लखनऊ निवासी मनोज कुमार से पहले ही हो चुकी है। तलाक का मामला कोर्ट में भी विचाराधीन है। बताया जा रहा है कि कल्पना ने खुद को हाथरस का एसडीएम बताते हुए किसी एडिशनल एसपी दिलीप को भी प्रेम जाल में फांस धन उगाही की थी। आगरा पुलिस ने राज्य कर अधिकारी की शिकायत पर युवती के खिलाफ धोखाधड़ी साहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सुलतानपुर पुलिस को मामले को ट्रांसफर कर दिया था। नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया युवती के खिलाफ यहां भी कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मोदी की गारंटी दिलाएगी जीत या चक्रव्यूह में फंस जाएंगी साध्वी

### केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति हैट्रिक लगाने के लिए कर रही हैं प्रयास, सपा- बसपा उम्मीदवार कुर्मी जाति के हैं, इसे मुफीद मान रहे भाजपाई

महेश सिंह, फतेहपुर

**अमृत विचार।** दोआबा की धरती पर इस बार लोकसभा चुनाव में लगातार तीन बार जीतने का इतिहास बनेगा या किसी नए चेहरे को दिल्ली पहुंचने का मौका मिलेगा यह तो मतगणन के बाद पता चलेगा। फिलहाल यहां लड़ाई कांटे की हो गई है। बसपा ने पहले से ही कुर्मी जाति से आने वाले डॉ. मनीष सचान को उम्मीदवार बना रखा था अब सपा ने भी इसी जाति के नरेश उत्तम पटेल को मैदान में उतार दिया है। नरेश उत्तम पटेल समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्हें अखिलेश यादव के पीडीए से जुड़ी जातियों पर भरोसा है तो केंद्र सरकार में मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को भी मोदी की गारंटी पर विश्वास है। सपा और बसपा से कुर्मी जाति के उम्मीदवार मैदान में आने को भाजपाई साध्वी के लिए मुफीद मान रहे हैं। उन्हें लगता है कि वोटों के बंटवारे में यह सीट आसानी से निकल जाएगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति खुद के कराए हुए विकास कार्यों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को भुनाने में लगी हैं। वह एक स्वर में अपनी उपलब्धियों को गिनातीं हैं और यह भी बताना नहीं भूलतीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनवाया और वहां पर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की। संविधान बदलने के विरोधी दलों के दावों पर वह सफाई भी देतीं हैं और कहतीं हैं कि विरोधी दल मतदाताओं को गुमराह कर रहे हैं। साध्वी रात-दिन क्षेत्र का भ्रमण कर रही हैं। सुबह होते ही क्षेत्र में जनसंपर्क के लिए निकल रहीं और देर रात लौट रहीं हैं। इसी तरह बसपा के डॉ. मनीष सचान भी बसपा की सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति का बखान कर वोट मांग रहे हैं। सपा में अब उहापोह की स्थिति खत्म हो गई है।

देर से ही सही सपा ने नरेश उत्तम पटेल को प्रत्याशी बनाकर मतदाताओं और नेताओं को एकजुट रखने का प्रयास किया है। साथ ही कुर्मी मतदाताओं को भी साधने की कोशिश की है। सपा को उम्मीद है कि सत्ता से नाराज लोग उसे वोट तो करेंगे ही अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के दम पर इस चुनाव को पार्टी जीत लेगी।



डॉ. मनीष सचान।



साध्वी निरंजन ज्योति।



नरेश उत्तम।

#### भाजपा में अंतरकलह की कहानी भी है

- भाजपा में अंतरकलह भी साफ दिखती है। दो बड़े नेता ऐसे हैं जो खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं लेकिन उनकी नाराजगी का असर समर्थकों से बातचीत में सामने दिख जाता है। हालांकि साध्वी निरंजन ज्योति हर किसी को साथ लेकर चलने की कोशिश में लगी हुई हैं। जो नाराज हैं उन्हें भी मनाने का प्रयास चल रहा है। सपा से पूर्व सांसद अशोक कुमार पटेल टिकट के प्रबल दावेदार थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। ऐसे में उनके नाराज होने की बात कही जा रही है पर अभी तक ऐसा कुछ सामने नहीं आया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को टिकट मिलने के बाद तो किसी अंतरकलह की बात यहां बेमानी नजर आ रही है। 1998 के चुनाव में बीजेपी ने यहां से जीत दर्ज की थी। तब अशोक कुमार पटेल जीते थे। इसके बाद 1999 वे लगातार दूसरी बार भी भाजपा से जीते थे।

#### तीन चुनावों में दूसरे नंबर पर रही बसपा

- इस संसदीय सीट पर बसपा दो बार जीत चुकी है। पहली बार 1996 में विश्वंभर प्रसाद निषाद और दूसरी बार 2004 में महेंद्र प्रसाद निषाद यहां से सांसद बने थे। 2009, 2014 और और 2019 के चुनाव में तो बसपा दूसरे नंबर पर रही। ऐसे में पार्टी को लगता है कि अगर वह अपने परंपरागत मतदाताओं को एकजुट करने में सफल हुई और दूसरे दलों के वोट में सेंधमारी कर पाई तो उसके उम्मीदवार डॉ. मनीष सचान की जीत पक्की है। सपा ने 2009 में इस सीट को जीता था। तब राकेश सचान ने यहां बसपा के उम्मीदवार को हराया था। भाजपा को इस चुनाव में तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। अब राकेश सचान भाजपा में हैं और प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। उनका प्रभाव भी यहां के सजातीय मतदाताओं में है। इसे भी भाजपा अपने लिए मुफीद मानती है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से काटा गया जंगल पुनः हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटु-वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

## संपादकीय

# कर्नाटक की गूंज

कर्नाटक में सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर भाजपा और जेडीएस संकट में हैं। आशंका है कि इस मामले की गूंज चुनाव के शेष चरणों में पूरे देश में सुनाई देगी। प्रज्वल और उनके पिता एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के विरुद्ध पुलिस ने उनकी एक घरेलू सहायिका की शिकायत के बाद यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया। प्रज्वल जेडीएस प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। माना जा रहा है कि वह इस समय जर्मनी में हैं। जेडीएस ने हासन से सांसद रेवन्ना को पहले ही पार्टी से निलंबित कर दिया है। जेडीएस राज्य में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। यौन शोषण के इन आरोपों से निपटने में भाजपा असहज महसूस कर रही है और उसने इस मामले से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी के कुछ नेताओं ने कहा कि वे सहयोगी दल के उम्मीदवार के चयन को लेकर असहज थे, क्योंकि पार्टी का आंतरिक मामला है लेकिन चिंता है कि यह प्रकरण कर्नाटक में पार्टी की संभावनाओं के साथ-साथ महिला मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है। सवाल कर्नाटक राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी है कि जब यौन-शोषण के अश्लील वीडियो सार्वजनिक हो चुके थे, तो प्रज्वल को हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों नहीं की गई? उसे तब तक हिरासत में रखा जाना चाहिए था, जब तक अधिकतर पीड़िताओं के पक्ष दर्ज नहीं होते।

कर्नाटक महिला आयोग ने इसे 'सबसे बड़ा सैक्स स्कैंडल' करार दिया है। राजनेता सार्वजनिक मंचों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बातें करते हैं, मगर जब उन्हीं के बीच ऐसा कोई व्यक्ति नजर आता है तो उसे बचाने का प्रयास करने लगते हैं। कमोबेश ऐसे मामलों में आपस में रक्षा करते हैं। लगातार सवाल उठते रहेंगे कि रेवन्ना की विदेश भागने में किसने मदद की? विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि निलंबित जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जर्मनी यात्रा के संबंध में हमसे कोई राजनीतिक मंजूरी न तो मांगी गई और न ही यह जारी की गई। राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी वीजा की आवश्यकता नहीं है। सवाल है कि क्या मंत्रालय उनका पासपोर्ट रद करने पर विचार कर सकता है। परंतु सवाल का सीधा जवाब मंत्रालय की ओर से नहीं मिला है। देखना दिलचस्प होगा कि केंद्र और राज्य सरकार किस तरह मामले की निष्पक्ष जांच कराती हैं और रेवन्ना को वापस लाकर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करती हैं।

# महंगी पड़ सकती है ग्लेशियर के प्रति लापरवाही



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ग्लोबल वार्मिंग या धरती का गरम होना, कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन और शीतलीकरण का काम कर रहे ग्लेशियरों पर आ रहे भयंकर संकट व उसके कारण समूची धरती के अस्तित्व के खतरे की बातें अब महज कुछ पर्यावरण-विशेषज्ञों तक सीमित नहीं रह गई हैं।

बीते दिनों भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सेटेलाइट इमेज जारी कर बताया कि किस तरह हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और इसके चलते कई ग्लेशियर झीलों का आकार दोगुने से बढ़ा है। इस रिपोर्ट को पढ़ते ही याद आया कि इस तरह 6 फरवरी 2021 की सुबह ग्लेशियर का एक हिस्सा टूट कर तेजी से नीचे फिसलकर ऋषि गंगा नदी में गिर था।

विशाल हिमखंड के गिरने से नदी के जल-स्तर में अचानक उछाल आया और रैणी गांव के पास चल रहे छोटे से बिजली संयंत्र में देखते ही देखते तबाही थी। उसका असर वहीं पांच किलोमीटर दायरे में बहने वाली धौली गंगा पर पड़ा व वहां निर्माणाधीन एनटीपीसी का पूरा प्रोजेक्ट तबाह हो गया था। रास्ते के कई पुल टूट गए और कई गांवों का संपर्क समाप्त हो गया। उस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया था कि हमें अभी अपने जल-प्राण कहलाने वाले ग्लेशियरों के बारे में सतत अध्ययन और नियमित आकलन की बेहद जरूरत है। हिमालय की हिमाच्छादित चोटियों पर बर्फ के वे विशाल पिंड जो कि कम से कम तीन फुट मोटे व दो किलोमीटर तक लंबे हों, हिमनद, हिमानी या ग्लेशियर कहलाते हैं। ये अपने ही भार के कारण नीचे की ओर सरकते रहते हैं। जिस तरह नदी में पानी ढलान की ओर बहता है, वैसे ही हिमनद भी नीचे की ओर खिसकते हैं। इनकी गति बेहद धीमी होती है, चौबीस घंटे में बमुश्किल चार या पांच इंच। धरती पर जहां बर्फ पिघलने की तुलना में हिम-प्रपात ज्यादा होता है, वहीं ग्लेशियर निर्मित होते हैं। सनद रहे कि हिमालय क्षेत्र में कोई 18065 ग्लेशियर हैं और इनमें से कोई भी तीन किलोमीटर से कम का नहीं है।

हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियर के बारे में यह भी गौर करने वाली बात है कि यहां साल में तीन सौ दिन, हर दिन कम से कम आठ घंटे तेज धूप रहती है। जाहिर है कि थोड़ी-बहुत गर्मी में यह हिमनद पिघलने से रहे। इसरो की ताजा रिपोर्ट देश के लिए बेहद भयावह है, क्योंकि हमारे देश की जीवन रेखा कहलाने वाली

> चिंता की बात यह है कि जिन 676 झीलों का विस्तार हुआ है, उनमें से 130 भारत की सीमा में हैं। यह भी विचारणीय है कि हिमखंड पिघलकर बन रही 14 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर हैं, जबकि 296 झीलें 5000 मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर हैं। याद करें कि उत्तर-पश्चिमी सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील पिछले साल अक्तूबर में फट गई थी।

गंगा- यमुना जैसी नदियां तो यहां से निकलती ही हैं, धरती के तापमान को नियंत्रित रखने और मानसून को पानीदार बनाने में भी इन हिमखंडों की भूमिका होती है। इसरो द्वारा जारी सेटेलाइट इमेज में हिमाचल प्रदेश में 4068 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गेपांग घाट ग्लेशियल झील में 1989 से 2022 के बीच 36.49 हेक्टेयर से 101.30 हेक्टेयर का 178 प्रतिशत विस्तार दिखाया है। यानी हर साल झील के आकार में लगभग 1.96 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसरो ने कहा कि हिमालय की 2431 झीलों में से 676 ग्लेशियल झीलों का 1984 से 2016-17 के बीच 10 हेक्टेयर से ज्यादा विस्तार हुआ है। इसरो ने कहा कि 676 झीलों में से 601 झीलें दोगुना से ज्यादा बढ़ी हैं, जबकि 10 झीलें डेढ़ से दोगुना और 65 झीलें डेढ़ गुना बड़ी हो गई हैं।

चिंता की बात यह है कि जिन 676 झीलों का विस्तार हुआ है उनमें से 130 भारत की सीमा में हैं। यह भी विचारणीय है कि हिमखंड पिघलकर बन रही 14 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर हैं, जबकि 296 झीलें 5000 मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर हैं। याद करें कि उत्तर-पश्चिमी सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील पिछले साल अक्तूबर में फट गई थी। इससे आई बाढ़ के कारण 40 लोगों की मौत हुई थी और 76 लोग लापता हो गए थे। हिमाचल भी कुछ साल पहले पराच्छू झील के फटने से ऐसे ही त्रासदी का सामना कर चुका है। हिमालय को इतने विशाल ग्लेशियरों और हिमाच्छादित उत्तुंग शिखाओं के कारण तीसरे ध्रुव के रूप में जाना जाता है। यह क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है। कोई 200 साल के दौरान जैसे-जैसे दुनिया में कल-कारखाने लगे ग्लेशियर के पिघलने की नैसर्गिक गति प्रभावित भी हुई। जब ग्लेशियर अधिक तेजी से पिघलते हैं तो ऊंचे पहाड़ों की घाटियों में कई नई झीलें बन जाती हैं, साथ ही पहले से मौजूद झीलों का भी विस्तार होता है। ऐसी झीलों को हिमनद झील कहते हैं। ये झील नदियों के जल स्रोत होते हैं, लेकिन इनका फट जाना अर्थात् ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) एक बड़ी प्राकृतिक आपदा भी होती है। जब बर्फ से बने बांध अर्थात् मोराईन के कमजोर होने पर अक्सर ऐसे हादसे होते हैं। हिमालय भारतीय उपमहाद्वीप के जल का मुख्य आधार है और यदि नीति आयोग के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संख्या 2018 में तैयार जल संरक्षण पर रिपोर्ट पर भरोसा करें तो हिमालय से निकलने वाली 60 फीसदी जल धाराओं में दिनों-दिन पानी की मात्रा कम हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग या धरती का गरम होना, कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन और शीतलीकरण का काम कर रहे ग्लेशियरों पर आ रहे भयंकर संकट व उसके कारण समूची धरती के अस्तित्व के खतरे की बातें अब महज कुछ पर्यावरण-विषेशज्ञों तक सीमित नहीं रह गई हैं। यह सारी दुनिया की चिंता है कि यदि हिमालय के ग्लेशियर ऐसे ही पिघले तो नदियों में पानी बढ़ेगा और उसके परिणामस्वरूप जहां एक तरफ कई नगर-गांव जलमग्न हो जाएंगे, वहीं धरती के बढ़ते तापमान को थामने वाली छतरी के नष्ट होने से भयानक सूखा, बाढ़ व गरमी पड़ेगी। जाहिर है कि ऐसे हालात में मानव जीवन पर भी संकट होगा। हिमालय पर्वत के उत्तराखंड वाले हिस्से में छोटे-बड़े कोई 1439 ग्लेशियर हैं। राज्य के कुल क्षेत्रफल का बीस फीसदी इन बर्फ-शिलाओं से आच्छादित है। इन ग्लेशियर से निकलने वाला जल पूरे देश की खेती, पेय, उद्योग, बिजली, पर्यटन आदि के लिए जीवनदायी व एकमात्र स्रोत है। जाहिर है कि ग्लेशियर के साथ हुई कोई भी छेड़छाड़ पूरे देश के पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक और सामरिक संकट का कारक बन सकता है।

कोई एक दशक पहले जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल (आईपीसीसी) ने दावा किया कि धरती के बढ़ते तापमान के चलते संभव है कि सन् 2035 तक हिमालय के ग्लेशियरों का नामोनिशान मिट जाए। उदाहरण के तौर पर कश्मीर के कौलहाई हिमनद के आंकड़े देकर बताया गया कि वह एक साल में 20 मीटर सिकुड़ गया, जबकि एक अन्य छोटा ग्लेशियर लुप्त हो गया। गंभीरता से विचार करें तो पाएंगे कि हिमालय पर्वतमाला के उन इलाकों में ही ग्लेशियर ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जहां मानव दखल ज्यादा हुआ है। सनद रहे कि 1953 के बाद अभी तक एवरेस्ट की चोटी पर 3000 से अधिक पर्वतारोही झंडे गाड़ चुके हैं। अन्य उच्च पर्वतमालाओं पर पहुंचने वालों की संख्या भी हजारों में है। ये पर्वतारोही अपने पीछे कचरे का अकूत भंडार छोड़कर आते हैं। इंसान की बेजा चहलकदमी से ही ग्लेशियर सहम-सिमट रहे हैं। कहा जा सकता है कि यह ग्लोबल नहीं लोकल वार्मिंग का नतीजा है। जब तब ग्लेशियर के ऊपरी व निचले हिस्सों के तापमान में अत्यिक फर्क होगा, उसके बड़े हिस्से में टूटने, फिसलने की संभावना होती है। कई बार चलायमान दो बड़े हिमपिंड आपस में टकरा कर भी टूट जाते हैं।

हालांकि यह बात स्वीकार करना होगा कि ग्लेशियर के करीब बन रही जल विद्युत परियोजना के लिए हो रहे धमाकों व तोड़ फोड़ से शांत-धीर गंभीर रहने वाले जीवित हिमपर्वत नाखुश हैं। हिमालय भू विज्ञान संस्थान का एक अध्ययन बताता है कि गंगा नदी का मुख्य स्रोत गंगोत्री हिमखंड भी औसतन 10 मीटर के बनिस्पत 22 मीटर सालाना की गति से पीछे खिसका है। सूखती जलधाराओं के मूल में ग्लेशियर क्षेत्र के नैसर्गिक स्वरूप में हो रही तोड़फोड़ है।

## प्रसंगवश

# अर्थशास्त्रियों की नई पीढ़ी



अशोक पांडे
हल्द्वानी

शहरों-कस्बों में युवा अर्थशास्त्रियों की एक नई पीढ़ी ने गदर मचाया हुआ है। रील, मीम, वीडियो, ब्लाक की खुराक पर जिंदा रहने वाला इस हेलो गाइज पीढ़ी का हर सदस्य केवल एक ख्वाब देखता है-द ग्रेट इंडियन ड्रीम जितना जल्दी मुमकिन हो, किसी भी तरह ढेर सारा पैसा कमा लेना। मैं एक बीस साल के सफल यूट्यूबर का इंटरव्यू देख रहा था, जो 28-30 की उम्र में रिटायर हो जाना चाहता है। यह पूछे जाने पर कि उसके बाद वह क्या करेगा वह कहता है, 'चिल करूंगा और क्या?' ग्यारह-बारह से लेकर अठारह-बीस साल तक के इन बच्चों का शगल है स्टॉक और शेयर मार्केट की बातें करना और सुनना।

यह लत उन तक उन महात्मा अर्थशास्त्रियों के वीडियो देखकर पहुंची है, जो दस दिन में हजार रुपये का एक लाख करना सिखाते हैं। इन सुपर स्टार महात्माओं के चेले मां-बाप से मांगे गए फीस के पैसे तक शेयर मार्केट में लगा रहे हैं। एक जगह बहुत से छोकरे एक लोकप्रिय पहाड़ी गीत का वीडियो देख रहे थे। दोस्त टीनएजर्स को मुफ्त करियर काउंसलिंग बांटने के कुटैव से ग्रस्त है। उससे रहा नहीं गया। पास जाकर पूछने लगा, 'आप लोग कौन सी क्लास में पढ़ते हो बेटे?'

एकाध बच्चों के मोबाइल से आंख उठाकर अस्पष्ट आवाज में उत्तर दिया और फिर से वीडियो देखने लगे। सोलह-सत्रह साल का जो लड़का अपने मोबाइल में वीडियो दिखा रहा था, वह बाकी से थोड़ा अलग नज़र आता था, सीधे मित्र से मुखातिब हुआ। 'मैं अपना काम करता हूं।' दोस्त बहुत प्रसन्न हुआ। पहाड़ों के बच्चे इतनी छोटी आयु में अपना काम करने लगें तो चमत्कार हो जाए। 'क्या काम करते हो?' 'इन्वेस्टमेंट का काम है।' दोस्त चौंका। यह गजब का सरप्राइज था। ऐसी उम्र में ऐसा आत्मविश्वास! 'कहां करते हो इन्वेस्टमेंट?' दोस्त बच्चे को शेयर मार्केटिंग के कामयाब नुस्खे बताने की मानसिक तैयारी करने लगा था। लड़के ने बेजारी से मेरे दोस्त की तरफ हिकारत से देखा और नया वीडियो खोजने में व्यस्त होते हुए बोला, 'ड्रीम इलेवन में!'

# अतीत का सर्वकालिक फलसफा



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> ऐसा संकट भरा भारत बहुत दिनों तक अपने अतीत का सर्वकालिक फलसफा कैसे बांचेगा जिसका संदेश पूरी दुनिया पढ़कर उसे अपने सरमाथे लगाते रही है?

कम से कम दो हजार वर्षों से पूरी दुनिया उम्मीद भरी नजरें भारत पर ही टिकाए रही है। भारत में सभी प्रमुख धर्म हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी, लाओत्से, कन्फ्युशियस और न जाने और कितने मजहबी विश्वास पनाह पाते रहे। मनुष्य को आत्मा के साथ जीने का शऊर सीखते रहे हैं। अलबत्ता हिन्दुस्तान युद्ध, मिलिटरी, हिंसा और साम्राज्यवादी फैलाव के वहशी इरादों से बेरुख रहा। इस कमजोरी के कारण उस पर दुनिया की सभी सभ्यताओं और देशों ने लगातार हमलावर होकर हुकूमत भी की।

मुगल, पठान, तुर्क, हूण, पुर्तगाली, अंग्रेज, फ्रांसीसी (और अब अमेरिकी) हिन्दुस्तान की छाती पर एक के बाद एक मूंग दलते रहे। शायद मुगल वंश पहला और अकेला हो जो हमलावर होकर आया, लेकिन न तो वापस चला गया न तिजारतजदां रहा और न उसने खुद को पर्यटक विदेशी समझा। उसने भारत के समाज, संस्कृति, सोच, दर्शन, इतिहास और अहसास को अपने अस्तित्व में उसके बरक्स जज्ब कर लिया। इसमें विवाद नहीं कि औसत दुनिया की हिंदू अपनी सोच, समझ और व्यवहार में धार्मिक आचरण का होता है। नेहरू और आंबेडकर दो सबसे बड़े संविधान नियंता हैं। उन्होंने पश्चिमी नस्ल के 'सेक्युलरिज्म' को संविधानोत्तर भारत के समाज का शऊर बनाने समीकरण रचे। शऊर तो दिमाग से उपजता है।

इसी तरह विवेकानंद ने यह बात कही थी कि निजी जीवन में धार्मिक रहो और सामाजिक जीवन में सेक्युलर हो अर्थात् आस्तिक सेक्युलर बनो। ऐसी सामाजिक और ऐतिहासिक कथाएं मसलन राम के चरित्र से उनके अवतारवादी ईश्वरीय अंश को अलग कर उनमें लोकतंत्रीय सुगंध और अनुगूंज ढूंढती है। धरती पुत्र राम को इस बात का श्रेय हासिल है कि हर हिंदू की आखिरी यात्रा में 'राम नाम सत्य है' का ही समवेत समर्थन गूंजता रहता है। इसी तरह हनुमान का चरित्र नपुंसकता, कमजोरी, पराजय और भय के बदले वीरता या साहस भरने का प्रतीक या प्रवक्ता है। हालिया 'जय श्रीराम' का नारा कमजोर के खिलाफ बलवान की, दलितों के खिलाफ सवर्ण की, गरीबों के खिलाफ श्रीमंतों की हिंसा का हथियार बनाया जा रहा है और फिर अन्य धर्मों के खिलाफ भी उसे लाउडस्पीकर की धमनियों में भरा जा रहा है।

भारत में पहली बार जनता के प्रतिनिधियों ने एक साथ बैठकर 300 हस्ताक्षरों में भविष्य के लिए संविधान लिखा। संविधान समझाता है तो उसका मजाक उड़ाते हैं। उसकी हेठी तक करने लगते हैं। महान हिंदू कौम ने दुनिया को इंसानियत, रूहानियत, सद्भाव और सहिष्णुता के मानक पाठ सबसे पहले और सबसे ज्यादा पढ़ाए हैं। कुछ लोग हिंदू होने का नकाब अपने चेहरे पर चस्पा कर महान जनवादी राम को अपने वोट बैंक का प्रचारक बनाते हैं। हनुमान की सेवा भावना और वीरता को कमजोर को डराने शगल करते हैं। यह भी सिक्के के दूसरे पहलू का सच है कि जो 15 प्रतिशत हैं। उन अल्पसंख्यकों में भी अपराधी नस्ल के कूढ़मगज हैं, कठमुल्ला तत्व हैं। वे स्त्रियों को बंदी बनाकर रखने को मर्दानगी कहते हैं। तीन तलाक को खुदा की इबादत समझाते हैं। मदरसों तक में बच्चों में जहर और जिहाद भरते हैं। इंसानी जिंदगी जीने देने में भी उन्हें कोफ्त होती रहती है। उन्हें इस बात की फिक्र होनी चाहिए कि पंद्रह सोलह प्रतिशत की आबादी वालों के कितने संसद और विधानसभाओं में हैं? कितने आईएएस और आईपीएस जैसी नौकरियों में हैं? कितने उद्योगपति हैं? राष्ट्रीय जीवन में कला, संगीत, फिल्म, दस्तकारी, खानपान वगैरह में नायाब प्रतिभागिता के बावजूद सामासिक संस्कृति के बनाने में उनसे भी कुछ हुल्लड़बाजों के कारण चूक क्यों हो रही है?

ऐसा संकट भरा भारत बहुत दिनों तक अपने अतीत का सर्वकालिक फलसफा कैसे बांचेगा जिसका संदेश पूरी दुनिया पढ़कर उसे अपने सरमाथे लगाते रही है? भारत जैसा पतन इतिहास में किस देश का हुआ है? महंगाई के कारण जीना मुश्किल हो रहा है। करोड़ों नौजवान बेरोजगार होकर निठल्ले घूमते व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी में पढ़ते अश्लील, कुंठित, अपराधी हरकतें कर रहे हैं। गरीब घरों के अधपढ़े या डिक्रीधारी नौजवान बच्चों का खून उन्हें बेरोजगार बनाकर चूस रहे हैं। नेताओं के बच्चे तो आक्सफोर्ड, हारवर्ड या कम से कम आईआईटी, आईआईएम वगैरह में दाखिल हैं। भारतीय निम्न मध्य वर्ग के युवाजन बददिमागी की हालत में मनुष्य से पशु बनाए जाने का खतरनाक अमानवीकृत अभियान चलाया जा रहा है। सरगना कॉरपोरेटियों की चेहरे की चाशनी बढ़ रही है, लेकिन शरीर का नमक घट रहा है।

## सोशल फोरम

# सही या गलत



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

संभवतः आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कहा है कि तर्क स्वभावत क्षत्रिय है। आशय स्पष्ट है कि तर्क में किसी पक्ष की विजय हुई भी तो क्षति होनी ही है। आज विश्व में दो स्थानों पर विश्वयुद्ध की अनुगूंज साफ सुनाई दे रही है। हम तो केवल ईश्वर से प्रार्थना कर सकते हैं कि जल्दी शांति स्थापित हो। सही या गलत के बीच में लाइन खींचना कभी कभार कठिन हो जाता है।

यदि कहें कि यूक्रेन का पक्ष सही है तो आधे विश्व के नजर में उसका नाटो में शामिल होने की कोशिश गलत है। यदि सिपाही की गोली दुश्मन या आतंकवादी को मार देती है तो सही है, लेकिन यही गोली किसी नागरिक को लग गई तो गलत है। अपकृत्य विधि की नींव ही सही और गलत के कन्सैप्ट पर है। अब इसे छोटे स्तर पर कहता हूं तो यह उदाहरण आसानी से समझ आएगा। मान लीजिए की पत्नी श है और एक स्मार्ट पड़ोसी ल है। श कतिपय मानसिक और शारीरिक कारणों से क से खुश नहीं रह पाती है और ल इस स्थिति का लाभ उठाकर श के साथ सहानुभूति/शारीरिक संबंध प्राप्त करता है। यह नैतिक रूप से गलत है, लेकिन श और ल की दृष्टि में सही है। आप इसे निरपेक्ष भाव से लेंगे तो सही गलत के तर्क में पड़ेंगे ही नहीं और यदि तर्क में पड़ेंगे तो फिर वही होना है, जो शुरू में कहा है।

हथियार डाल देना एक कहावत है। इसे दूसरे शब्दों में सरेंडर कर देना भी कह सकते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध में जापान और जर्मनी के ध्रुवीकरण ने हथियार डाल दिए थे। 1971 में पाकिस्तानी फौज ने बांग्लादेश में हथियार डाल दिए थे। निकट भविष्य में यूक्रेन भी हथियार डाल ही देगा। यह तो बड़े-बड़े युद्ध की कहानी है। पुरुष भी हथियार डाल ही देता है, लेकिन नारी को ईश्वर ने अमोघ अस्त्र यानी कि उसकी दो गज लंबी जुबान दे रखी है जिसे न तो चलाने में ताकत लगती है और न ही यह खंजर कभी पुराना होता है। आजकल कभी कभार न्यूज चैनल देखता हूं तो समझ में आता है कि रणभूमि में नारी शक्ति को परास्त कर पाना सूरमाओं को भी छक्के छुड़ा देता है।

-फेसबुक वॉल से

# वेदों में श्रम का सम्मान



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

> वेदों का स्पष्ट निर्देश है कि ज्ञान-विज्ञान और कौशल के विकास से हम समृद्धि तो प्राप्त करें, परंतु उसे केवल अपने भोग के लिए प्रयोग न करें। उसका उपयोग अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में करें।

वेदों में श्रम की गरिमा प्रमुख अंतर्निहित अवधारणा है। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में श्रम का सम्मान था और श्रम के महत्व के रूप में व्यक्ति की प्रतिष्ठा थी, जो आर्थिक विषमताओं को नियंत्रित करने में सक्षम था। वैदिक ऋषियों के आर्थिक और श्रम संबंधी दृष्टि को ही समाजवाद के तत्संबंधी चिंतन का उद्गम स्रोत माना जा सकता है। भारतीय आदर्श "ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यं" जगत के अनुसार तो मनुष्य अपने को केवल धन का संरक्षक समझें और अपनी आर्थिक समृद्धि को समाज के साथ साझा, बांटकर, दानवृत्ति से जीना चाहिए।

भारतवर्ष की प्राचीन सनातन परंपरा का आदर्श तो विश्व में समाजवाद का सर्वोच्च कीर्तिमान स्थापित करता है। व्यक्ति की उन्नति और समृद्धि को उसकी आर्थिक संपन्नता, दिखावटी भोगवादी जीवनशैली से नहीं मापा जाता। एक स्वस्थ मानसिकता, स्वस्थ शरीर, सादा जीवन, सबसे बांटकर जीना भारतीय आदर्श माना जाता था। यही कारण है कि भारतीय समाज में प्राचीन काल से अपने धन को परमेश्वर की कृपा समझने की परंपरा रही है। वेदों ने इसी भाव को समाज में विकसित करने पर जोर दिया है। वेद के कई सूक्तों में इस प्रकार के निर्देश पाए जाते हैं। ऋग्वेद के प्रथम अध्याय का पांचवां सूक्त इस पर ही केंद्रित है। यही सूक्त थोड़े परिवर्तन के साथ अथर्ववेद में भी आया है। वेदों में कहा गया है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कौशल को बढ़ाए। ऐश्वर्य की वृद्धि के लिए समाज का विभिन्न प्रकार के कार्यों के ज्ञान का सामर्थ्य बढ़ाया जाए और प्राकृतिक प्रतिभाओं का विकास हो। इस पर ऋग्वेद के नौवें अध्याय के 112वें सूक्त में काफी विवेचन मिलता है। वहां यह भी बताया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति की प्रवृत्ति और रूचि भिन्न-भिन्न होती है, इसलिए उन्हें उनकी रूचि और प्रवृत्ति के अनुसार ही काम मिलना और करना चाहिए। आकाश से लेकर पृथ्वी तक के सब असंख्य पदार्थों के साधक अत्यंत उत्तम वरण करने योग्य सद्गुणों को रचने में समर्थ, परंतु दुष्ट स्वभाव वाले जीवों के कर्मों के भोग के निमित्त और जीवमात्र को सुख-दुःख देने वाले पदार्थों के भौतिक गुणों का उपदेश करो, जो सब प्रकार की विद्या से प्राप्त होने योग्य पदार्थों के निमित्त कार्य हैं, उनको उक्त विद्याओं से सबके उपकार के लिए यथायोग्य युक्त करो। सब पदार्थ विद्याओं के ज्ञान के उपयोग से निश्चय ही सुख प्रदान करने के लिए उत्तम समृद्धि के धन अन्न और आवागमन के साधन प्राप्त होते हैं। भौतिक पदार्थों और उनकी प्रक्रियाओं के संभावित दुष्परिणामों के रोकथाम के लिए सुरक्षा के साधनों का प्रचार करो। अनुसंधान के ज्ञान से उत्पन्न होकर सुख-समृद्धि के साधनों की नदियां बह चलती हैं। संसार के पदार्थों के सुख को ग्रहण करने ले लिए विद्या आदि उत्तम ज्ञान से प्रेरित होकर श्रेष्ठ अत्युत्तम कर्म करने वाले पूज्यजनों का अनुसरण करो। जीवन को सुखदायी बनाने के लिए उत्तम व्याख्यान से ज्ञान तथा प्रशिक्षण से अतितीक्ष्ण बुद्धि और कर्मठ प्रवृत्ति जागृत होती। उन्नति के लिए उत्तम ज्ञान और उपदेश की शिक्षा द्वारा तुम सैंकड़ों काम करने का यश प्राप्त करो। ज्ञान-विज्ञान से समृद्धि आती है, परंतु यदि वह समृद्धि सुखदायक न हो तो, व्यर्थ ही है। इसलिए वेदों का स्पष्ट निर्देश है कि ज्ञान-विज्ञान और कौशल के विकास से हम समृद्धि तो प्राप्त करें, परंतु उसे केवल अपने भोग के लिए प्रयोग न करें। उसका उपयोग अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में करें।

आज शासन सीएसआर के द्वारा देश के व्यवसायी वर्ग को सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए बाध्य कर रहा है। वेद इसे बाध्यता नहीं, प्रेरणा द्वारा करवाने की बात कहते हैं। वे यह भी बताते हैं कि यदि हम अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन नहीं करते हैं तो समाज में न केवल अनाचार और हिंसा फैलती है, बल्कि उसके कारण हमारा जीवन भी अशांत हो जाता है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वेदों में न केवल विभिन्न प्रकार के कौशल और प्रौद्योगिकी का वर्णन है, बल्कि श्रम की गरिमा का भी महिमामंडन किया गया है।

# हरित क्रांति के जनक नॉर्मन बोरलॉग



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

नॉर्मन बोरलॉग ने मानव इतिहास पर सबसे बड़ा प्रभाव डाला है? वह एक वैज्ञानिक, शोधकर्ता थे, जिन्होंने दुनियाभर में फसल की पैदावार को बेहतर बनाने पर काम किया। 1940 के दशक में कई 'तीसरी दुनिया' के देशों में किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त गेहूं नहीं उगा पाते थे। सूखा, बीमारी और अन्य कारक उन्हें खुद को खिलाने के लिए पर्याप्त गेहूं की फसल उगाने से रोकते थे। उस समय मेक्सिको अपनी आधी आबादी को खिलाने के लिए ही पर्याप्त गेहूं उगा पाता था। इस समस्या को हल करने की कोशिश करने के लिए बोरलॉग ने उस समय मेक्सिको में रॉकफेलर फाउंडेशन के लिए काम किया। उन्होंने गेहूं की कई किस्मों को क्रॉस-ब्रीड किया जो सूखा-प्रतिरोधी, रोग-प्रतिरोधी थीं और जिससे पैदावार (प्रत्येक एकड़ से आपको मिलने वाले गेहूं की मात्रा) में वृद्धि होती जिसमें बड़े भारी गेहूं के दाने होते थे और फिर भी हवा और बारिश में खुद को सीधा रखने के लिए पर्याप्त मजबूत होते थे।

12 साल के भीतर बोरलॉग ने यह कर दिखाया और मेक्सिको गेहूं में आत्मनिर्भर हो गया। वे अपनी पूरी आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त मात्रा में फसल उगा सकते थे। इसके बाद बोरलॉग ने अपना ध्यान दक्षिण एशिया-भारत और पाकिस्तान की ओर लगाया, जहां अकाल अभी भी हर साल लाखों लोगों की जान ले रहा था। बोरलॉग वहां गेहूं की पैदावार को चार गुना बढ़ाने और भुखमरी के खतरे को खत्म करने में सक्षम थे जिससे लाखों लोगों की जान बच गई। बोरलॉग को "हरित क्रांति" शुरू करने का श्रेय दिया जाता है, जो अब पूरी दुनिया में फैल चुकी है। उन्होंने अपनी तकनीक को मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में भी अपनाया जिससे लाखों लोगों की जान बच गई। गेहूं के साथ उनकी उपलब्धियों को चावल के साथ भी दोहराया गया जिससे दक्षिण-पूर्व एशिया के लोगों को भोजन मिला।

उनकी उपलब्धियों के लिए नॉर्मन बोरलॉग को 1970 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, लेकिन वे यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपना ध्यान अफ्रीका और मकई की ओर लगाया और वहां भी अनगिनत लाखों लोगों के लिए भोजन उपलब्ध कराया। वे अपने पूरे जीवन में भुखमरी और कुपोषण को मिटाने के अपने मिशन पर काम करते रहे। 1980 और 90 के दशक में चीनियों के साथ मिलकर उनके गेहूं की पैदावार बढ़ाने के लिए काम किया।

# अंतर्राष्ट्रीय सट्टा गिरोह का भंडाफोड़

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** देहरादून पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ कर नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। राजपुर थाना क्षेत्र के ब्राह्मणवाला गांव में एक फ्लैट से आईपीएल मैचों के लिए ऑनलाइन सट्टा लगवाया जा रहा था। मौके से आठ लैपटॉप, 50 मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड, एक डेबिट कार्ड समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को राजपुर क्षेत्र में आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के संबंध में सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीमों ने राजपुर क्षेत्रान्तर्गत ब्राह्मणवाला गांव में पुरूकुल रोड के किनारे स्थित एक फ्लैट में छापा मारकर ऑनलाइनसट्टा लगवाने वाले नौ अभियुक्तों को दबोच लिया।


देहरादून पुलिस द्वारा पकड़े गए ऑनलाइन सट्टा गिरोह के सदस्य

पकड़े गए अभियुक्तों में छत्तीसगढ़ के सिराज मेमन (26) सौरभ (23) विवेक अधिकारी (20) मोनू (24) शिवम (23) लोकेश गुप्ता (29) सोनू (23) विकास (33) शत्रुघन (21) शामिल हैं। अभियुक्तों के कब्जे से ऑनलाइन सट्टा लगाने में इस्तेमाल हो रहे कुल 8 लैपटॉप, 50 मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व अन्य सामग्री हुई बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक ऑनलाइन सट्टे का पूरा नेटवर्क दुबई से शुभम नाम के व्यक्ति द्वारा संचालित किया जाता है तथा देहरादून में सट्टे का काम सिराज मेनन देखता था। अभियुक्त मोबाइल फोन के जरिये ऑनलाइन सट्टे की साइट, लेजर, टाइगर तथा ऑल पैनल पर जाकर सट्टा खिलवाते हैं। सट्टे की सारी धनराशि ऑनलाइन गूगल पे के माध्यम से ली जाती है।

- **दुबई से जुड़े हैं ऑनलाइन सट्टा गिरोह के तार, बैंक खातों में 9.25 लाख रुपये फ्रीज कराए**

## दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मी बर्खास्त

**नई दिल्ली :** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के 223 संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद इस सिलसिले में एक आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने डीसीडब्ल्यू को इन संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। उसका कहना है कि उन्हें उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना काम पर रखा गया था। वहीं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने इस आदेश की आलोचना की है।

# चारधाम यात्रा : समय से पहले पूर्ण करें सभी तैयारियां

ब्यूरो देहरादून

▶▶ **मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने केदारनाथ व बदरीनाथ में पुनर्निर्माण का लिया जायजा**

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा शुरू होने से पूर्व केदारनाथ एवं बदरीनाथ का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने धामों में पुनर्निर्माण में तेजी लाने समेत कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त मानव संसाधन लगाने को भी कहा।

मुख्य सचिव रतूड़ी गुरुवार की सुबह करीब पौने आठ बजे हवाई मार्ग से केदारनाथ पहुंचीं। उन्होंने मंदाकिनी-सरस्वती घाट, गेस्ट हाउस, अस्पताल, आस्था पथ, केदारनाथ मंदिर परिसर सहित अन्य निर्माणाधीन योजनाओं का जायजा लिया और डेडलाइन से पहले सभी निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त मजदूर लगाकर आस्था पथ एवं वाटर एटीएम समय पर लगाने को कहा ताकि यात्रा में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो। डीएम को अधिक संसाधनों का प्रयोग कर निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर तेजी से बनवाने के निर्देश दिए। चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो रही है। इसी दिन केदारनाथ धाम के कपाट खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 मई को कपाट खुलने से पूर्व सभी काम हो जाएं। सभी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामाग्री में गुणवत्ता बनाए रखने की हिदायत दी।


श्री केदारनाथ धाम में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करतीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी व साथ में मौजूद अन्य अधिकारी

इसके बाद उन्होंने श्रीबद्रीनाथ धाम के लिए उड़ान भरी। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुल रहे हैं। धाम में पहुंचने पर उन्होंने यात्रा व्यवस्थाओं और पुनर्निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए समुचित व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्य के साथ वैकल्पिक मार्गों को भी सुचारू रखा जाए। उन्होंने शेष नेत्र व बद्रीश झील, अराइवल प्लाजा, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यों की पूरी जानकारी ली। इस दौरान पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, पर्यटन विभाग के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे आदि मौजूद रहे।

## तृणमूल के आरोप पर राज्यपाल बोस ने दी सफाई

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को दावा किया कि नौकरी देने के झूठे बहाने के तहत पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एक महिला के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। बोस ने इस आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने यह आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ अपमानजनक नैरेटिव दो असंतुष्ट कर्मचारियों द्वारा राजनीतिक दलों के एजेंटों के रूप में प्रसारित किए हैं, वह मनगढ़ंत नैरेटिव से डरेंगे नहीं। बोस ने एक्स पर कहा कि सच्चाई की जीत होगी। मैं गढ़े हुये नैरेटिव से डरने से इनकार करता हूं। अगर कोई मुझे बदनाम करके कुछ चुनावी फायदा चाहता है तो भगवान उनका भला करे।

# पूजा करने के मौलिक अधिकार को कानून से प्रतिबंधित नहीं कर सकते

विवि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ **हाई कोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई अब 7 को**

अमृत विचार : मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को भी बहस पूरी नहीं हो सकी। मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी।

सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तर्क दिया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि एक संरक्षित स्मारक है। राष्ट्रीय महत्व का यह स्मारक अत्यंत प्राचीन है और पुरातत्व स्थल अवशेष अधिनियम, 1958 से संरक्षित है। ऐसी स्थिति में इस मामले में प्लेसेस ऑफ़ वर्शिप एक्ट के प्रावधान लागू नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि पूजा हमारा मौलिक अधिकार है। पूजा करने के मौलिक अधिकार को सीमा के कानून द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा हिंदू पक्ष की ओर से यह भी तर्क दिया गया कि सरकारी दस्तावेजों में शाही ईदगाह के नाम से कोई संपत्ति नहीं है। वक्फ संपत्ति दान में मिली संपत्ति होती है।

अतः वक्फ बोर्ड बताए कि उसे किसने विवादित संपत्ति दान में दी है, साथ ही यह भी तर्क दिया गया कि विवादित भूमि लड्डू गोपाल की है और इसे ना कोई बेच सकता है, ना इसे समझौते द्वारा किसी को हस्तांतरित किया जा सकता है। यह पूरी जमीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम पर दर्ज है। बिजली का बिल और टैक्स ट्रस्ट ही जमा करता है। खसरा और नगर निगम के रिकॉर्ड में भी ट्रस्ट का ही नाम दर्ज है। इसके साथ ही सभी 18 याचिकाओं की पोषणीयता पर प्रमुख साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लेने की बात कही गई।दरअसल मुस्लिम पक्ष ने आदेश 7 नियम 11 के तहत याचिकाओं की पोषणीयता पर सवाल उठाते हुए इन्हें खारिज किए जाने की मांग की थी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ के समक्ष हुई।

# पेड़ कटान संबंधी याचिका की सुनवाई से पीठ ने खुद को किया अलग

▶▶ **याचिका में कटान से पर्यावरण पर प्रभाव का उठाया गया है मुद्दा**

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट में प्रयागराज स्थित सी.वाई. चिंतामणि रोड के चौड़ीकरण के कारण काटे जा रहे पेड़ों को रोकने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव नितिन शर्मा की ओर से एक जनहित याचिका दाखिल की गई है।

याचिका में कोर्ट को बताया गया कि महाकुंभ के नाम पर सड़कों के चौड़ीकरण में 50 साल पुराने घने वृक्षों को काटा जा रहा है। वृक्षों को काटने से गर्मी के मौसम में लोगों के स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और ऑक्सीजन की कमी होने की संभावना बनी रहेगी। विकास के नाम पर पेड़ों की कटाई गलत है। ऐसा करके हाईकोर्ट द्वारा पारित पूर्व आदेशों की अवहेलना की जा रही है। याचिका के जवाब में प्रदेश सरकार की ओर से बताया गया कि जितने भी पेड़ काटे जाएंगे, उसके 10 गुना पौधारोपण का काम सरकार द्वारा किया जाएगा। महाकुंभ 2025 के मद्देनजर प्रयागराज में 1.49 लाख पौधे लगाने की योजना है। यह काम वन विभाग की तरफ से होना है और इसके लिए कुंभ के बजट में व्यवस्था की गई है। अंत में याचिका में संलग्न तथ्यों की अपर्याप्तता और सरकार द्वारा दिए गए जवाब पर असंतोष जाहिर करते हुए पीठ ने मामले की सुनवाई से खुद को अलग करते हुए इसे अन्य पीठ के समक्ष स्थानांतरित कर दिया। गुरुवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ के समक्ष हुई और शुक्रवार को भी यह सुनवाई जारी रहेगी।

### मंत्री संजय निषाद पर हमले के आरोपी को मिली राहत

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मंत्री संजय निषाद पर हमले के आरोपी सिपाही अभिषेक यादव को राहत देते हुए उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह के अन्दर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है और उसके दो सप्ताह के भीतर याची को प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। मालूम हो कि गत 21 अप्रैल 2024 को मोहम्मदपुर, संतकबीर नगर में एक शादी समारोह में शिरकत करने गए मंत्री संजय निषाद पर ग्राम प्रधान राधेश्याम यादव व कई अन्य लोगों ने अचानक हमला कर दिया, जिसमें मंत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस स्टेशन खलीलाबाद, संत कबीर नगर में 22 अप्रैल को आरोपी सहित आठ लोगों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मामले में उसे राजनीतिक षड़यंत्र के कारण झूठा फंसाया गया है।

## तौकीर ने भी की नोटा का बटन दबाने की अपील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▶▶ **एक तरफ भाजपा के मंसूबों पर पानी फिरने की बात, दूसरी तरफ सपा का भी विरोध**

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बृहस्पतिवार को अजीबोगरीब बयान जारी किया। एक तरफ उन्होंने इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के मंसूबों पर पानी फिरने की बात कही तो दूसरी तरफ अपील की कि बरेली में मतदाता नोटा का बटन दबाएं। तौकीर से पहले मुस्लिम जमात के अध्यक्ष शहाबुद्दीन भी मुसलमानों से नोटा का बटन दबाने की अपील कर चुके हैं।

दिलचस्प यह है कि मौलाना तौकीर इंडिया गठबंधन को समर्थन का एलान कर चुके हैं लेकिन बरेली में सपा प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना तौकीर देश में इंडिया गठबंधन की हिमायत कर रहे हैं, लेकिन पिछले दिनों उनके खिलाफ रची गई साजिशों के बाद न सिर्फ मुस्लिम समुदाय बल्कि धर्मनिरपेक्ष सोच रखने वाले तमाम दूसरे लोग भी उनसे मिलकर भाजपा और सपा दोनों को वोट न देने की बात कह रहे हैं। इसी कारण तौकीर रजा ने बरेली में नोटा का बटन दबाने की अपील की है।

## बस ने कार में मारी टक्कर, चार की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- **दो कारों से रामपुर का एक परिवार जा रहा था वृंदावन**
- **रोडवेज बस को कब्जे में लेकर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** संभल जिले के गुन्नौर थाना क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाइवे पर कार सवार जेठानी, देवरानी और दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। रामपुर जिले के एक ही परिवार के लोग मनौती पूरी होने पर बांके बिहारी के दर्शन करने के लिए वृंदावन जा रहे थे। सीएचसी से घायल दंपती को अलीगढ़ रेफर किया गया।

गुरुवार को रामपुर जनपद के शहजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव हरजीपुर निवासी पूरन यादव का परिवार दो कार में सवार होकर वृंदावन के लिए रवाना हुआ। आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाइवे पर शाम करीब चार बजे गांव बिचपुरी सैलाब के पास अलीगढ़ से मुरादाबाद जा रही हाथरस डिपो की रोडवेज बस ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में जेठानी मीना (55) पत्नी पूरन यादव, देवरानी राजमाला (35) पत्नी धर्मपाल निवासी हरजीपुर, मीना की धेवती राधिका (7) व दंशा (5) पुत्री भगवंत यादव उर्फ विंटू निवासी रायपुर थाना सिविल लाइन, जिला रामपुर की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और पिछली सीट पर बैठी मीना व राजमाला के शव बुरी तरह दब गए।

हादसे में कार चालक भगवंत यादव उर्फ विंटू, उसकी पत्नी प्रीति, तीन वर्षीय पुत्र कृष्णा, भतीजा अवनेश और गांव हरजीपुर निवासी पुष्पेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी गुन्नौर भेजा, जहां से भगवंत यादव और प्रीति को गंभीर हालत में अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की।

## वर्ग पहेली-58

**बाएं से दाएं**

1. वध; मारण।

4. 1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।

5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।

7. बड़ी खुरपी।

8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।


2. मूर्ख, बेवकूफ़।

3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।

4. अविवाहित, अपरिणीता; कुमारी लड़की, कुंआरी।

5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।

6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।



### वर्ग पहेली -57 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | | | 2 सें | | | 3 फ़ |
| त | | | 4 स | ह | चा | री |
| ति | | | र | | | ज़ा |
| | 5 नि | वे | शि | त | | |
| | रो | | प | | | 6 चिं |
| | ध | | | | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | | ड़ |

## सुडोकू-137

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 5 | 4 | | | | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | 1 | | | 9 | | 6 | | 4 |
| | 9 | | 4 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 3 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 |

# किसानों का कर्ज होगा माफ, मुफ्त मिलेगा डाटा : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसभा में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों का पूरा कर्ज माफ होगा। मोबाइल के लिए मुफ्त डाटा मिलेगा। बदायूं से दिल्ली के लिए ट्रेन की सुविधा मिलेगी। बदायूं में स्टेडियम बनेगा और रिक्त पड़ी 30 लाख सरकारी नौकरियों पर भर्तियां की जाएंगी।



एआरटीओ कार्यालय के पास जनसभा में गुरुवार दोपहर एक बजकर 39 मिनट पर अखिलेश यादव मंच पर पहुंचे तो संविधान की प्रति देकर पूर्व मंत्री आबिद रजा और मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारी स्वाले चौधरी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आदित्य पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बदायूं वालों ने उन्हें पहले ही नेता बना दिया है। कहा कि भाजपा संविधान और जान के पीछे पड़ी है। उन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई। सरकार ने वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों से रुपये लिए। वह कोविड के समय भी अवसर ढूंढ रहे थे। एजेंसियों का डर दिखाकर कारोबारियों से रुपये लिए। भाजपा किसानों के विरोधी तीन कानून लाई जो चुनाव में हार के डर से वापस करने पड़े।

### सिर्फ संविधान नहीं, लोगों की जान के पीछे भी पड़ी है भाजपा

बरेली : अखिलेश यादव ने कोरोना वैक्सीन के मुद्दे पर भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग संविधान के साथ लोगों की जान के पीछे भी पड़े हुए हैं। जनता को जबर्दस्ती जो वैक्सीन लगाई गई थी, उससे अब जान का खतरा पैदा हो गया है। वैक्सीन लगाने के बाद लोगों को जो सर्टिफिकेट दिया गया था, अब वे उसी को देखकर वोट डालने जाएंगे। सपा प्रमुख गुरुवार को देवचरा बाजार के पास आंवला लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में जनसभा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तो यह बात कोर्ट से भी आ गई है कि जिन लोगों को वैक्सीन लगाई गई है, उनमें से 80 फीसदी को कोई न कोई बीमारी हो सकती है।

### डबल इंजन वाले लोगों का एक इंजन गायब

नौकरी के लिए युवा कोचिंग करते हैं फिर परीक्षा निरस्त कर दी जाती है। भाजपा प्राइवेटाइजेशन कर रही है। आज 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। कहा कि डबल इंजन वाले लोगों का एक इंजन गायब है और अब जनता वोट डालकर एक इंजन को भी हटा देगी। परिवारवाद पर उन्होंने कहा कि पहले वे लोग कसम खाएं कि अपने परिवार वालों को टिकट नहीं देंगे। इस बार पीडीए, एनडीए को हराएगा। कहा कि अगर भाजपा सरकार दोबारा आई तो खाद पाउच में मिलने लगेगी।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 11.24 तक तत्पश्चात एकादशी।


मेष
आज आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता की प्रशंसा होगी। विदेश में जॉब कर रहे लोगों की आय हो सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा होगी। महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध होने के योग प्रबल हैं।


वृष
आज आपके उदार स्वभाव की प्रशंसा होगी। रिश्तों में ताजगी का अनुभव कर सकते हैं। नई विधा के कार्यों की तरह आपकी रुचि बढ़ेगी। आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। सभी काम आपकी इच्छा के अनुसार ही परिणाम देंगे।


मिथुन
आज बॉस आपके ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को बोनस मिल सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। दोस्तों के साथ आप घूमने जा सकते हैं। सहकर्मियों के मदद से रुके हुए काम समय पर पूर्ण कर लेंगे।


कर्क
आज यदि कहीं बाहर जा रहे हैं तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बेवजह से झगड़ों से स्वयं को दूर रखें। अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको परेशानी होगी।


सिंह
आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। अपनी बचत को लेकर थोड़े से आशंकित रहेंगे। भाई-बंधुओं के साथ विवाद सुलझ सकता है। जीवनसाथी से कोई काम छिपा कर न करें वरना आपको भविष्य में समस्या हो सकती है।


कन्या
आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामले सुलझ सकते हैं। समय आपके लिए शुभ रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है।


तुला
आज रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। प्रेमी जन के व्यवहार से आप गुस्सा हो सकते हैं। आपका मन अशांत हो सकता है। आपके विरोधी अचानक सक्रिय हो सकते हैं। रिश्तों में नई ताजगी आएगी। परिवार के साथ आपको समय बिताना चाहिए।


वृश्चिक
आज आपके ऊपर लोग गलत आरोप लगा सकते हैं। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। परिवार के साथ आप समय बिताना पसंद करेंगे। व्यवसाय में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी का स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है।



धनु
आज समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी। घर का वातावरण बहुत शुभ रहने वाला है। संपत्ति विवाद खत्म होने के योग बन रहे हैं। अनुभवी लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर आप गंभीरतापूर्ण निर्णय ले सकते हैं।


मकर
आज दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। बुजुर्ग लोग आपको बहुत अच्छी सीख देंगे। रिश्तेदारों से उपहारों का आदान-प्रदान होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहने वाली है, किंतु धन का अपव्यय करने से बचें। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।


कुंभ
आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव घटेगा। आपके आत्मविश्वास और मनोबल में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। बच्चे अपने भविष्य को लेकर थोड़े सशंकित हो सकते हैं। व्यापार में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।


मीन
आज व्यर्थ के कार्यों में ज्यादा धन बर्बाद न करें। खांसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। तनाव से बचने के लिए ध्यान और प्राणायाम अवश्य करें। नया काम शुरू करना बिल्कुल भी उचित नहीं है। शाम के समय परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होंगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 4 मई 12.06 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मजाल — सुबह : 10.46
- भीष्मा — रात : 07.00

SONY MAX
- पीकू — सुबह : 10.51
- सत्यमेव जयते 2 — रात : 09.01

SONY PIX
- मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.18
- पेसिफिक रिम — रात : 08.42

ZEE CINEMA
- गुलाब गैंग — सुबह :09.10
- बमफाड़ — शाम : 05.15

colors CINEPLEX
- गब्बर इज बैक — सुबह :10.38
- आर... राजकुमार — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर सुबह : 10.38 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
सोनू- इसमें डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी।
बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी।

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ?
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।



इलेक्शन बायस्कोप



राजधानी लखनऊ में पांचवें चरण में मतदान होना है, सभी प्रमुख प्रत्याशी नांमाकन कर चुके हैं, चुनाव प्रचार चरम पर है। राजनीतिक दल के पदाधिकारी-कार्यकर्ता मतदाताओं से मिलकर अपने प्रत्याशी को जिताने का अनुरोध कर रहे हैं। इसी क्रम में कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन चौराहे के निकट प्रचार को लेकर एकत्रित इंडी गठबंधन के कार्यकर्ता। -अमृत विचार

## चुनाव के बाद सपा समाप्तवादी पार्टी हो जाएगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनडीए की केन्द्र व राज्य सरकार के साथ सुभासपा ने हमेशा से गरीबों, पिछड़ों, शोषितों व वंचितों की लड़ाई लड़ी है। इसलिए जीत एनडीए गठबंधन की होगी। जबकि सपा को गरीबों का श्राप लगा है और कांग्रेस का तो सफाया हो चुका है, इसी चुनाव के बाद सपा भी समाप्तवादी पार्टी हो जाएगी। यह बात गुरुवार को सुभासपा के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। राज्य में 22 से 24 घंटे बिजली मिल रही है, किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। राघवेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मोदी व योगी की सरकार ने गरीबों को आवास दिये, इज्जत घर दिया, रसोई गैस दी। पहले भी सपा व कांग्रेस को सरकार में रहने का मौका मिला था लेकिन उसने गरीबों की भलाई व उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किये, यही वजह है कि लगातर कई चुनाव हराकर जनता स्वयं ही जवाब दे रही है।

# नाराज क्षत्रियों को साधने को भाजपा ने दिया टिकट

### चर्चित लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी किए गए तय

### कैसरगंज से करण भूषण तो रायबरेली से दिनेश प्रताप को मिला टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित और सर्वाधिक चर्चा में रहे दोनों लोकसभा सीटों के टिकटों को भाजपा ने फाइनल कर दिया। इन दोनों क्षेत्रों के टिकटों के वितरण में बीजेपी ने उस वर्ग को भी साधने की कोशिश की, जो आंशिक रूप से नाराज बताया जा रहा था। बताया जा रहा है कि तीसरे चरण के मतदान में अंतिम के दोनों टिकट का असर दिखेगा। भाजपा को पश्चिम में और पूर्वांचल के जौनपुर के मतदान में परिवर्तन की उम्मीद है।

अंत में दिए गए दोनों टिकटों में भाजपा ने क्षत्रिय समाज को प्राथमिकता दी है। पहला टिकट सांसद बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे करण भूषण सिंह को दिया, तो दूसरा टिकट उप्र सरकार में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को दिया है। दरअसल इन दोनों टिकटों के माध्यम से गाजियाबाद से वीके सिंह का टिकट कटने और पश्चिमी उप्र. तेज तर्रार नेता संगीत सोम को टिकट न मिलने से नाराज क्षत्रियों को खुश करने के रूप में देखा जा रहा है।

वहीं राजकोट से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी पुरुषोत्तम रुपाला के विवादित बयान से भी क्षत्रियों में नाराजगी थी। जिसका असर पश्चिमी यूपी में महसूस किया जा रहा था। पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा बृजभूषण को नाखुश करके देवीपाटन मंडल की चारों लोस सीटों पर किसी भी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती थी। बृजभूषण सिंह का असर श्रावस्ती, गोंडा, बहराइच और कैसरगंज चारों सीटों पर पड़ता है। बृजभूषण को सीधे टिकट देने से भाजपा को जाटों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता था। ऐसे में भाजपा शीर्ष नेतृत्व में मध्य का मार्ग अपनाते हुए उनके छोटे बेटे को टिकट दे दिया।



## पूर्व मंत्री इन्द्रजीत सरोज समेत 78 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए गुरुवार को 78 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें पूर्व मंत्री इन्द्रजीत सरोज समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। अब तक 183 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं, जबकि लखनऊ पूर्व सीट के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। इस चरण में प्रत्याशी तीन मई तक नामांकन कर सकेंगे। 20 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) में आठ, लखनऊ में छह, रायबरेली में सात, अमेठी में पांच, जालौन (अजा) में दो, झांसी में आठ, हमीरपुर में तीन, बांदा में चार, फतेहपुर में पांच, कौशांबी (अजा) में 10, बाराबंकी (अजा) में आठ, फैजाबाद में 11 व गोंडा में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रायबरेली लोकसभा लिए बहुजन समाज पार्टी से ठाकुर प्रसाद यादव व अपना दल (कमेरावादी) से मुहम्मद मोबिन ने नामांकन किया। झांसी सीट के लिए कांग्रेस से प्रदीप कुमार जैन, कौशाम्बी (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से शुभ नारायण, समाजवादी पार्टी से इन्द्रजीत सरोज, समाजवादी पार्टी से पुष्पेन्द्र सरोज, अपना दल (कमेरावादी) से नरेन्द्र कुमार ने नामांकन किया। बाराबंकी (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से शिव कुमार दोहरे, फैजाबाद सीट के लिए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से अरविंद सेन, लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से आलोक कुशवाहा ने नामांकन किया।

## अपनी ढपली अपना राग



कांग्रेस सरकार आयी तो आरक्षण का एक हिस्सा काटकर मुसलमानों को दे देंगी। यह देश को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। - योगी आदित्यनाथ



भाजपा ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों और कारोबारियों से ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का डर दिखाकर वसूली की है। वसूली के कारण देश में महंगाई बढ़ी। - अखिलेश यादव



2019 में जब हमारे भतीजे धमेंद्र यादव चुनाव लड़ रहे थे तो स्ट्रांग रूम में कोई तोता घूस गया था, इस बार तोते घुसेंगे नहीं उड़ेंगे। -शिवपाल यादव



वे यहां के लोगों का वोट लेकर खुद को बड़ा करना चाहते हैं। पूरा कल-कारखाना गुजरात जा रहा है, वाराणसी को कुछ नहीं मिलने वाला। -अजय राय

# खुद को विराम, पुत्र को मिला राजनीतिक संग्राम

### बृजभूषण शरण सिंह का पुत्र के नाम पर बना रह गया दबदबा

### 34 वर्षों के राजनीतिक सफर में पहली बार आया ठहराव

### खुद के लिए तलाशेंगे नया वजूद या करेंगे विश्राम





करण भूषण सिंह



भगत राम मिश्र




नरेंद्र पाण्डे

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** देश की चुनिंदा सीटों में शुमार कैसरगंज लोकसभा पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी हुई थीं। नामांकन को मात्र एक दिन ही शेष है लेकिन पार्टी के दांव ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह को विराम देकर बेटे को चुनावी संग्राम की बागडोर थमा दी है। अब बाप के विरासत को सांसद बृजभूषण शरण सिंह का छोटा बेटा करण भूषण सिंह आगे बढ़ाने को आगे आए हैं। बृजभूषण के नाम पर भाजपा में भले ही सहमति नहीं बन पाई लेकिन बेटे को टिकट मिलना उनके दबदबे का ही प्रतिरूप माना जा रहा है। इससे बृजभूषण शरण सिंह के 34 साल के राजनीतिक जीवन में पहली बार ठहराव आया है। इस निर्णय ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह को विचलित अवश्य कर दिया है लेकिन बनाए गए चक्रव्यूह में ऐसे ही फंसकर अपना करियर खत्म नहीं होने देंगे। अब सवाल उठ रहा है कि चुनावी चक्रव्यूह के बाद बृजभूषण शरण सिंह क्या करेंगे। वह विश्राम करेंगे या फिर अपना नया वजूद तलाश करेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि आगे चलकर उन्हें संगठन का महत्वपूर्ण दायित्व भी दिया जा सकता है।

शुक्रवार तीन मई नामांकन का अंतिम दिन है और कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सपा किसी ने गुरुवार तक नामांकन दाखिल नहीं किया है। गुरुवार को भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे करण भूषण शरण सिंह को टिकट देकर विरासत की राजनीति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। करण भूषण शरण सिंह ने चार सेटों में नामांकन पत्र भी खरीद लिया है और शुक्रवार को नामांकन पत्र भी दाखिल करेंगे। हाट सीट बन चुकी कैसरगंज से भाजपा के पास दूसरा कोई और विकल्प भी नहीं था। यदि किसी अन्य को मैदान में उतारा जाता तो उसे 16 दिन में संग्राम जीतने के लिए के व्यूह तैयार करना आसान नहीं था। 18 लाख से अधिक मतदाताओं तक पहुंचना आसान नहीं था। कैसरगंज से लगातार तीन बार सांसदी जीत चुके बृजभूषण शरण सिंह पूरे क्षेत्र के चप्पे चप्पे से वाकिफ हैं और अब तक पूरे लाव लश्कर के साथ भ्रमण कर चुके हैं।

### कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या




| विस क्षेत्र | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| कटरा बाजार | 2,11,098 | 1,85,825 |
| कैसरगंज | 2,06,010 | 1,83,676 |
| पयागपुर | 2,04,829 | 1,82,554 |
| तरबगंज | 1,98,148 | 1,73,607 |
| कर्नलगंज | 1,77,854 | 1,56,327 |


## भाजपा के दांव से सांसत में समाजवादी

समाजवादी पार्टी भाजपा के रुख का इंतजार करती रही। बृजभूषण सिंह को टिकट न मिलने पर सपा ने अपना विकल्प खोल रखा था। इसीलिए अब कैसरगंज से सपा ने किसी के नाम की घोषणा नहीं की। कटरा बाजार से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने भले ही नामांकन पत्र ले लिया है। लेकिन शाम तक भगतराम मिश्र के नाम की चर्चा भी शुरू हो गई। इसकी सूचना पार्टी के वरिष्ठ लोगों ने दी और बताया कि पार्टी की तरफ से भगतराम मिश्र ही चुनाव लड़ेंगे। दूसरी तरफ सपा के वरिष्ठ नेता सूरज सिंह ने बताया कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि कैसरगंज से भगत राम मिश्रा चुनाव लड़ेंगे। भगतराम मिश्र 2017 में कांग्रेस के टिकट पर पयागपुर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं और पेशे से अधिवक्ता हैं। गुरुवार को उनकी मुलाकात पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात हो चुकी है। लेकिन भाजपा के दांव से सपा के सामने 16 दिनों में सीट फतह करना आसान नहीं दिख रहा है। हालांकि सपा के साथ एमवाई फैक्टर है और ब्राह्मण चेहरा है। बसपा ने नरेंद्र पांडेय को मैदान में उतारा है जो मूल रूप से रहने वाले पयागपुर के हैं लेकिन वह लखनऊ में निवास करते हैं।

## भाजपा से पांच बार सांसद रहे हैं बृजभूषण

सांसद बृजभूषण शरण सिंह पांच बार भाजपा से सांसद रहे। उनका चुनावी रथ 1991 में जीत के साथ चल पड़ा। इसके पहले वह रामजन्मभूमि आंदोलन में शामिल हुए थे। 1991 में भाजपा ने गोंडा लोकसभा से उम्मीदवार बनाया और जीत गये। 1996 में चुनाव लड़ने से पहले टाडा में जेल चले गए। उनकी जगह उनकी पत्नी केतकी सिंह को भाजपा ने मैदान में उतारा और वह चुनाव जीत गयीं। 1998 में भाजपा ने उन्हें फिर गोंडा से चुनाव लड़ाया लेकिन इस बार वह सपा के कीर्तिवर्धन सिंह से चुनाव हार गये। लेकिन 1999 में उन्होंने कीर्तिवर्धन सिंह को हरा कर फिर चुनाव जीत लिया। 2004 में बृजभूषण शरण सिंह को बलरामपुर भेज दिया गया। यहां वह सपा के बाहुबली नेता रिजवान जहीर को हराकर विजयी हुए। 2009 में भाजपा ने बलरामपुर से टिकट नहीं दिया। इससे नाराज बृजभूषण सपा में चले गए कैसरगंज लोकसभा से विजई हुए। लेकिन 2014 में वह भाजपा में लौट आए और भाजपा के टिकट पर 2014 और 2019 में सांसद बने। यौन उत्पीड़न के मामले में में उनका केस चल रहा है और 7 मई को सुनवाई है। भाजपा ने उन्हें टिकट न देकर बेटे करन भूषण को मैदान में उतारा है।

## कैसरगंज : 2019 के चुनाव का लेखा जोखा







| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | 5,81,358 |
| चंद्रदेव राम यादव | 3,19,757 |
| विनय कुमार पांडेय | 37,132 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | बृजभूषण शरण सिंह | 3,81,500 |
| सपा | विनोद कुमार सिंह | 3,03,282 |
| बसपा | केके ओझा | 1,46,726 |
| कांग्रेस | मुकेश श्रीवास्तव | 57,401 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1957 | भगवान दीन मिश्रा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र पार्टी |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राना वीर सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राना वीर सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1991 | एलएन मणि त्रिपाठी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | समाजवादी पार्टी |


### 2014 नोटा 11,853 | 2019 नोटा 13,168

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | बृजभूषण शरण सिंह | 1,96,063 |
| बसपा | सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू | 1,23,864 |
| भाजपा | लालता प्रसाद मिश्रा | 1,20,561 |
| कांग्रेस | मो. अलीम | 73,140 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 18,80,001 |
| पुरुष | - 9,97,939 |
| महिला | - 8,81,989 |
| अन्य | - 73 |




# मजबूत रणनीति के सहारे ही पार कर सकेंगे चुनावी वैतरणी

### बाराबंकी में 20 मई को होना है मतदान

### निकायों में भाजपा ही नहीं विपक्ष भी मजबूत

### निर्दलीय अध्यक्ष कहीं बन न जाएं गेमचेंजर

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिले में पांचवें चरण 20 मई को मतदान होना है। ऐसे में राजनीतिक दल मतदाताओं की चौखट पर हाजिरी लगा अपने प्रत्याशी को जिताने की गुहार लगाने में कोर कसर नहीं छोड़ रहे। राजनीतिज्ञ कहते हैं कि निकायों में भाजपा से ज्यादा सीटें सपा के पास रहीं। चुनाव पूर्व हैदरगढ़ से आलोक तिवारी, रामनगर से रामशरण पाठक और देवा से हारुन वारसी को भाजपा में शामिल कराकर भाजपा ने एक तीर से दो निशाने लगाए हैं। भाजपा ने नगर पंचायत अध्यक्षों को दल में शामिल कर मतदाताओं के बीच मजबूत दावेदारी का संकेत दिया।

लोकसभा बाराबंकी में नगरपालिका परिषद सहित कुल तेरह नगर पंचायतें हैं। मजबूत रणनीति बनाकर ही सत्ता पक्ष (भाजपा) व विपक्ष (इंडी गठबंधन) चुनावी वैतरणी को पार करने में सफल हो पायेगा। मौजूदा समय में नवाबगंज से सपा की शीला सिंह अध्यक्ष हैं। जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी को 15,605 मतों से शिकस्त दी थी। इस सीट पर सपा से पहले लगातार दस साल से भाजपा का कब्जा था। नगर पंचायत बंकी में इरफाना खातून अध्यक्ष हैं। इरफाना ने चुनाव भले ही निर्दल प्रत्याशी के रूप में लड़ा लेकिन सपा ने उन्हें चुनाव जिताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। नगर पंचायत देवा में अध्यक्ष पद पर चुनाव जीतने वाले हारुन वारसी निर्दलीय चुनाव जीते। लेकिन हाल ही में वह भाजपा में शामिल हुये। फतेहपुर नगर पंचायत सीट पर सपा से इरशाद अहमद कमर अध्यक्ष हैं। बेलहरा नगर पंचायत सीट भी सपा के खाते में गई थी। यहां पर शबाना खातून अध्यक्ष हैं। दोनों सीटों में सपा बड़े अन्तर से चुनाव जीती थी। नगर पंचायत रामनगर के अध्यक्ष रामशरण पाठक निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते। लेकिन पाठक को भाजपा ने चुनाव से पूर्व अपनी पार्टी में शामिल करा लिया। टिकैत नगर पंचायत पर लगातार भाजपा का कब्जा बरकरार है। तो वहीं दरियाबाद सीट पर सपा समर्थित प्रत्याशी काबिज है। यहां से रुखसाना बानो निर्दलीय चुनाव जीती।रामसनेही घाट सीट पर निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते ज्ञानप्रकाश यादव पंचायत अध्यक्ष बने। सिद्धौर सीट से भाजपा की रमंता रावत अध्यक्ष हैं। सुबेहा सीट पर सपा का कब्जा है। यहां से देवीदीन अध्यक्ष हैं। सतरिख सीट पर सपा के रेहान कामिल अध्यक्ष हैं। जैदपुर सीट पर नीलोफर अलीम निर्दलीय चुनाव जीत कर अध्यक्ष बनीं। जबकि हैदरगढ़ सीट से आलोक तिवारी को जनता ने निर्दलीय अध्यक्ष चुना, हालांकि वे लोकसभा चुनाव के ठीक पहले से भाजपा में शामिल हो गए हैं। वैसे तो निकाय चुनावों में सपा बड़े दल के रूप में उभर कर सामने आई। चौदह सीटों में पांच सीटें सपा के खेमे में गईं। भाजपा को महज दो सीटें ही मिली थीं। लेकिन चुनाव के ठीक पहले भाजपा ने देवा, रामनगर और हैदरगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष को भाजपा में शामिल कर बड़ा दांव खेला है। भाजपा और इंडिया गठबंधन दोनों ही फूंक फूंक कर कदम रख रही। ऐसे में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते अध्यक्षों को दोनों प्रमुख राजनीतिक दल अपने पक्ष में लाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।



## चुनाव से पहले सपा के बड़े चेहरे भाजपा में शामिल

लोकसभा चुनावों से पहले सपा के दो बड़े चेहरे लवली रावत, नेहा आनंद सिंह को भाजपा ने पार्टी में शामिल कर अपनी मजबूती का अहसास कराया। लवली रावत पूर्व सांसद व मंत्री कमला रावत की बहू हैं और जिला पंचायत सदस्य भी हैं। नेहाआनंद भी जिला पंचायत सदस्य हैं। भाजपा ने दोनों नेत्रियों को पार्टी में शामिल कराकर उन्हें चुनाव जीतने की जिम्मेदारी सौंप दी है।

## निकाय चुनाव और लोकसभा चुनाव के मुद्दे अलग

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लोकसभा व निकाय चुनाव के मुद्दे अलग अलग होते हैं। निकाय चुनाव स्थानीय मुद्दे व सम्बंधों पर लड़े जाते हैं। जबकि लोकसभा चुनाव दलीय विचार धारा, राष्ट्रीय मुद्दों व विकास पर होता है। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन, भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों की भागीदारी का असर मतदाताओं पर पड़ेगा। ऐसे में पक्ष विपक्ष को मजबूत रणनीति बनाकर अपने पक्ष में महौल बनाने की योजना पर काम करना पड़ेगा। योजना बद्ध तरीके से बनाई गई रणनीति जीत हार के नतीजे तय करेगी।

## 2022 विधानसभा चुनाव में विजयी प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| बाराबंकी सदर<br>सुरेश यादव, सपा | जैदपुर<br>गौरव रावत, सपा |
| रामनगर- फरीद<br>महफूज किदवाई, सपा | कुर्सी<br>साकेंद्र वर्मा, भाजपा |
| दरियाबाद<br>सतीश चंद्र शर्मा, भाजपा | हैदरगढ़<br>दिनेश रावत, भाजपा |

# चुनावी चक्कर

● **किन्नरों ने दिया मोदी फिर पीएम बनने का आशीर्वाद :**

लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने को उनके रिश्तेदार और समर्थक इन दिनों क्या-क्या जतन नहीं कर रहे। अगर उम्मीदवार देश का प्रधानमंत्री हो तो देशभर में उनके शुभचिंतक अपने-अपने तरीके से आस्था प्रकट करते हुए विविध उपाय कर विजय की कामना कर रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नर समाज ने महायज्ञ किया है। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ़ टीना मां ने विघ्नेश्वर महायज्ञ का आयोजन किया। इस दौरान अग्नि कुंड में हवन की आहुति दी गई और पूरे विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न हुआ। इसका आयोजन प्रयागराज में हुआ, इस दौरान पूरा माहौल स्वाहा के उद्बोधन से गुंजायमान हो उठा। नरेंद्र मोदी की तस्वीर के सामने महाआरती भी की गई। इसके बाद किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने दावा किया कि, अबकी बार मोदी सरकार 400 का आंकड़ा पार करने जा रही है। बहरहाल, हवन यज्ञ हो जाने के बाद किन्नरों ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का अपने परंपरागत अंदाज में आशीर्वाद भी दिया।

● **नेता जी चिंता में उन्हे कोई बुला नहीं रहा :**

चुनावी बिगुल बज चुका है लोकसभा चुनाव के साथ ही राजधानी लखनऊ में विधानसभा उप चुनाव के प्रत्याशी भी जोर शोर से लगे हुए हैं इंडी गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस के खाते में आई है, ऐसे में सपा व कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकता चुनाव प्रचार में जुटे हैं लेकिन मुख्य विपक्षी दल सपा के कुछ स्थानीय नेता की स्थित अजीब सी है, क्योंकि उनको बड़े कार्यक्रमों में नहीं बुलाया जा रहा है जिससे वह चिंता में है कि उनको कोई बुला नहीं रहा है।


तीसरे चरण की बात

# भाजपा दो, कांग्रेस 44 सीटों पर पिछले तीन चुनावों से रही हार

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** 2024 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण में गुजरात, गोवा, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की सभी सीटों के साथ-साथ कर्नाटक में 14, महाराष्ट्र में 11 और उत्तर प्रदेश में 10, पश्चिम बंगाल की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात और मध्यप्रदेश की नौ सीटों पर मतदान होगा। पहले दो चरणों में 190 सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। इस तरह आम चुनाव अपना आधे से ज्यादा सफर तय कर लेगा। तीसरे चरण में कांग्रेस के पास खोने के लिए ज्यादा कुछ नहीं, ऐसे में गठबंधन के साथियों पर नजर है, जबकि मोदी सरकार सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए पिछली बार जीती गयीं सीटें बचाने के साथ कुछ नए क्षेत्रों में कमल खिला सकती है।






| वोट शेयर-2019 | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| सीटें जिन पर चुनाव लड़ा | 83 | 77 |
| 10 % से कम मत मिले | 01 | 09 |
| 10% से 20% मत मिले | 01 | 02 |
| 20% से 30% मत मिले | 01 | 14 |
| 30% से 40% मत पाए | 02 | 35 |
| 40% से अधिक मत पाए | 78 | 17 |

### 40% से ज्यादा वोट पर 6 सीटें हार गई

- तीसरे चरण की 95 लोकसभा सीटों में भाजपा के लिए सिर्फ दो सीटें ऐसी हैं, जिन पर वह 2009 से 2019 के बीच हुए तीन चुनावों में एक बार भी नहीं जीती है, इसके मुकाबले कांग्रेस की स्थिति काफी दयनीय नजर आती है, क्योंकि पार्टी तीसरे चरण की 44 लोकसभा सीटों पर एक बार भी जीत नहीं हासिल कर पायी है। इसी तरह तीसरे चरण की 95 सीटों में 2009 में भाजपा ने 47 सीटें जीतीं थीं। 2014 की मोदी लहर में पार्टी का आंकड़ा 67 पर पहुंच गया और 2019 में जीतने वाली सीटों की संख्या 72 हो गई। भाजपा की सीटें बढ़ने के साथ वोट शेयर भी तेजी से बढ़ा है।
- 2019 में पार्टी को जीत भले ही 72 लोकसभा क्षेत्रों में मिली, लेकिन 78 सीटें ऐसी रहीं जिन पर 40 फीसदी से ज्यादा लोगों ने कमल का बटन दबाया। यानी छह सीटों पर भाजपा 40 फीसदी से ज्यादा वोट शेयर पाकर भी हार गई। इस बार के चुनाव में इन पर जीत के लिए भाजपा ने खास फोकस कर रखा है। इसके विपरीत कांग्रेस की 2009 में जीती गईं 27 सीटों की संख्या घटकर 2014 में 9 और 2019 में सिर्फ चार ही रह गई। तीसरे चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में 47 सीटें भाजपा का गढ़ नजर आती हैं।

### तीसरे चरण की सीटों पर पिछले तीन चुनाव

| दल | तीन बार जीत | दो बार जीत |
|---|---|---|
| भाजपा | 42 | 24 |
| कांग्रेस | 01 | 08 |
| सपा | 01 | -- |
| राकांपा (शरद पवार) | 02 | -- |
| एआईडीयूएफ | 01 | -- |

### 2019 में कांटे की टक्कर वाले पांच मुकाबले

| लोकसभा क्षेत्र | पार्टी | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| मालदा दक्षिण | कांग्रेस | 8,222 |
| गोवा दक्षिण | कांग्रेस | 9,755 |
| बदायूं | भाजपा | 18,454 |
| कोरबा | कांग्रेस | 26,249 |
| फिरोजाबाद | भाजपा | 28,781 |

- मतदान वाली 95 लोकसभा सीटों पर भाजपा का विजय रथ रुकना मुश्किल
- 2019 में 78 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट पाए, 72 पर दर्ज की जीत
- पार्टी 47 सीटों पर जीत की लगा चुकी हैट्रिक, इस बार चौका मारने की तैयारी

### गुजरात और कर्नाटक ने लगातार खिलाया कमल

- भाजपा जिन सीटों पर पिछले तीन चुनावों से लगातार जीत रही है, उन 42 सीटों में ज्यादातर गुजरात और कर्नाटक की हैं। इसके विपरीत लगातार तीन दर्ज करने वाली कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट और अन्य दलों के खाते में चार सीटें हैं। 2009, 2014 और 2019 में लगातार दो और तीन जीत दर्ज करने वाली सीटों में 66 भाजपा के हिस्से में हैं, कांग्रेस के लिए यह संख्या नौ है।

### क्या कहता है... यूपी में तीसरा चरण

- उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं। इनमें दो सीटों फिरोजाबाद और बदांयू में उसे मामूली अंतर से जीत मिली थी। इस बार सपा ने यहां पूरा जोर लगाया हुआ है। फिरोजाबाद से अक्षय यादव फिर मैदान में हैं और पिछली बार उनके प्रतिद्वंदी रहे शिवपाल सिंह यादव इस बार उनके साथ हैं। इसी तरह बदांयू में सपा ने शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही सपा के लिए मैनपुरी में अपना किला बचाने की चुनौती है। यहां पिछली बार उसकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे आ गया था। बसपा के लिए इस चरण में अपना खाता खोलना ही सबसे बड़ी चुनौती है।



उमड़ा जनसैलाब
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कल्याण क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ रोड शो किया और अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया।

# गुजरात का हाल : मोदी का चुनावी रथ अजेय, रोकना नामुमकिन जैसा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** गुजरात में लोक सभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में भाजपा, कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। वर्ष 2014 और 2019 के पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में भाजपा ने राज्य की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2009 में लोकसभा चुनावों में भाजपा को 15 और कांग्रेस को 11 सीटों पर जीत मिली थी। पार्टी इस बार क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाने के लिए तैयार है। पिछले दो दिनों में राज्य में रैलियां करके प्रधानमंत्री मोदी ने माहौल भगवामय कर दिया है। इसके जबाव में कांग्रेस भी अगले दो दिनों में राज्य में भाजपा का अजेय रथ रोकने के लिए धुआंधार प्रचार अभियान चलाएगी। राज्य में सात मई को 25 सीटों पर मतदान होना है।

गुजरात में लोकसभा की कुल 26 सीटें हैं। भाजपा के सूरत से प्रत्याशी मुकेश दलाल कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने के बाद निर्विरोध निर्वाचित किए जा चुके हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आप में समझौता हुआ है। कांग्रेस 23 और आप दो सीटों पर



चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने सत्ता विरोधी लहर से बचने के लिए अपने 14 मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं देकर इस बार नए चेहरों को मैदान में उतारा है। हालांकि पार्टी ने इस बार राज्य में सिर्फ चार महिलाओं को ही टिकट दिया है।

कांग्रेस के तय कार्यक्रम के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को राज्य की राजकोट और अहमदाबाद सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे और पीएम मोदी के उन हमलों का जवाब देंगे, जो उन्होंने दो दिन के राज्य के दौरे के दौरान कांग्रेस पर लगाए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 'कांग्रेस यहां मर रही है, पाकिस्तान वहां रो रहा है। पाकिस्तान भारत में एक कमजोर सरकार चाहता है, जिस तरह 2014 से पहले की सरकार थी और देश में मुंबई आतंकवादी जैसे हमले संभव थे।' आम आदमी पार्टी भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है। जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुरुवार को पार्टी के प्रत्याशियों के लिए रोड शो करने के दौरान देश में तानाशाही के खिलाफ मतदान करने की अपील की है।

### 2024: कौन दल कितनी सीटों पर मैदान में

- भाजपा 25
- कांग्रेस 23
- आप 2
- बसपा 23

(सूरत का परिणाम घोषित होने के बाद)

### 2019 में मिलीं सीटें और वोट

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | 26 | 1,80,91,275 |
| कांग्रेस | 0 | 93,37,084 |
| अन्य | 0 | 16,53,605 |



मांगे वोट
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नदिया में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया और वाद्य यंत्र बजाकर मतदाताओं को रिझाया।

# दमन में भाजपा सांसद के सामने तीसरी बार कांग्रेस से पुराना चेहरा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। दमन और दीव लोकसभा सीट पर इस बार भी भाजपा के लालूभाई पटेल और कांग्रेस प्रत्याशी केतन दयाभाई पटेल में सीधा मुकाबला है। पहले भी दो बार दोनों प्रत्याशी भिड़ चुके हैं, जीत भाजपा को मिली है। भारत के दूसरे सबसे छोटे केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव में अब तक कुल नौ बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं।

2019 के चुनाव में भी इस सीट से कांग्रेस ने केतन दयाभाई पटेल और भारतीय जनता पार्टी ने लालूभाई पटेल को उतारा था। बसपा भी यहां चुनाव लड़ी थी। उसने सकील लतीफ खान को उम्मीदवार बनाया था। भाजपा प्रत्याशी लालूभाई पटेल ने अपनी जीत कायम रखी थी। उन्हें 37,597 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन पटेल 27,655 वोट पाकर हार गए थे। निर्दलीय उम्मीदवार उमेश बी पटेल 19,938 वोटों के साथ तीसरे स्थान थे। इससे पहले साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के लालूभाई पटेल ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल को करारी शिकस्त दी थी। लालूभाई पटेल को 46 हजार 960 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल 37 हजार 738 वोट पाकर हार गए थे।



जीत के लिए हुंकार
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुजरात के भाव नगर में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो किया।

# कुरुक्षेत्र में उलझता नजर आ रहा है चुनावी संग्राम

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर चुनावी संग्राम उलझता नजर आ रहा है। यहां इस बार भाजपा से उद्योगपति नवीन जिंदल ने पर्चा भर दिया है। पहले उनका सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता से माना जा रहा था। कांग्रेस ने हरियाणा में कुरुक्षेत्र सीट आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। लेकिन अब बसपा की ओर से सरपंच दीपक मेहरा को कुरुक्षेत्र के मैदान में उतार दिया गया है। इनेलो से अभय चौटाला और जजपा से पालाराम सैनी पहले ही मैदान में हैं।

उद्योगपति नवीन जिंदल का हरियाणा की राजनीति में बड़ा मुकाम है। वह बीते दिनों कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से दो बार सांसद रह चुके हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट का गठन वर्ष 1977 में किया गया था। इससे पहले यह क्षेत्र कैथल लोकसभा के अंतर्गत आता था। इस सीट पर कांग्रेस को 1984, 1991, 2004 और 2009 के चुनाव में जीत मिली थी। भाजपा का कमल यहां पहली बार मोदी लहर में 2014 खिला था। पार्टी को जीत भी ऐसी मिली कि यहां से लगातार दो बार सांसद रहे नवीन जिंदल पिछड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गए थे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीते थे पिछली बार

- 2019 में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा के नायब सिंह सैनी 6,86,588 वोट पाकर जीते थे। अब वह मुख्यमंत्री बन चुके हैं। कांग्रेस के निर्मल सिंह को 3,03,722 वोट और बसपा प्रत्याशी शशि को 75,533 वोट मिले थे।

# रेवन्ना के वीडियो कांड से भाजपा की चुनावी संभावनाएं बेअसर ?

चुनाव डेस्क

कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से 14 सीटों पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में वोट डाले चुके हैं, अब बाकी 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान की तैयारी चल रही है। इस बीच जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना जिन्होंने राज्य की हासन लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा हैं, के अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद राज्य की राजनीति में बवाल मचा हुआ है।

कांग्रेस इस मामले को मुद्दा बनाकर मतदान वाली 14 सीटों पर बढ़त लेने की कोशिश करती दिखाई दे रही है। इसके दूसरी ओर रेवन्ना के कथित सेक्स वीडियोज सामने आने के बाद जेडीएस बुरी तरह घिरती नजर आ रही हैं। मामला संवेदनशील होने के कारण





भाजपा नेता इस मुद्दे पर तो कुछ भी खुलकर बोलने से हिचक रहे हैं, लेकिन पार्टी को बेवजह घसीटे जाने पर विरोध जताते हुए कांग्रेस पर हमलावर हैं। जेडीएस इस बात से राहत में है कि रेवन्ना जिस हासन सीट से उम्मीदवार हैं, उसके साथ ही पार्टी के हिस्से वाली तीनों सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। हालांकि जानकार कांग्रेस की इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने की कोशिशों के बाद भी पार्टी को कोई बड़ा नुकसान होने की संभावना से इंकार कर रहे हैं।

सांसद रेवन्ना के बारे में कहा जा रहा है कि वह देश से बाहर जा चुके हैं। जेडीएस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। लेकिन पार्टी नेता सवालों के घेरे में हैं। घरेलू नौकरानी की शिकायत पर प्रज्वल और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक सरकार ने आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि अगर प्रज्वल देश छोड़कर भाग गया है, तो उसे वापस लाने और जांच जारी रखने की जिम्मेदारी एसआईटी की है। बीच चुनाव में पैदा हुए इस विवाद का असर जेडीएस की चुनावी संभावनाओं पर पड़ता नहीं दिख रहा है। इसकी वजह यह है कि राज्य में जेडीएस सिर्फ तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। समझौते के तहत भाजपा 25 सीटों पर मैदान में है। कर्नाटक में भाजपा ने 2019 में 25 सीटें ही जीती थीं। जेडीएस हसन, कोलार, मंड्या से चुनाव लड़ रही है। मंड्या से कुमारस्वामी देवगौड़ा उम्मीदवार हैं। सात मई को चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और शिमोगा में वोट पड़ने हैं। जेडीएस के खाते वाली तीनों सीटों पर मतदान हो चुका है। लेकिन भाजपा नेता जरूर इस प्रकरण के राजनीतिक नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दे रखा है, भाजपा एक भी सीट नहीं गंवाना चाहती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ऐसा लगता है कि भाजपा और जेडीएस गठबंधन अश्लील वीडियो के तूफान से खुद को निकाल ले जाएगा। इसका एक कारण यह भी है कि शिवमोगा और दावणगेरे लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी चुनाव उत्तरी कर्नाटक में हो रहे हैं, जहां इस प्रकरण का प्रभाव महसूस होने की संभावना काफी कम है।

अब इस प्रकरण का चुनाव पर क्या और कितना असर पड़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर चलेगा, लेकिन जिस तरह यह बात प्रचारित की जा रही है कि भाजपा के स्थानीय नेता देवराजे गौड़ा ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष को पहले ही पत्र लिखकर मांग की थी कि प्रज्वल रेवन्ना या उनके परिवार के किसी सदस्य को गठबंधन से उम्मीदवार ना बनाया जाए, से जाहिर है कि इस मामले के नुकसान को लेकर अंदाजा चुनाव से पहले ही लगाया जा रहा था। कलबुर्गी में एक रैली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा और जेडीएस के गठबंधन को इस घटना के बाद घेरते हुए पीएम की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया है। हालांकि जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिम्मेदारी राज्य सरकार पर डाली है, जिसने कार्रवाई करने में देरी दिखाई और रेवन्ना को विदेश जाने का मौका मिला।

- कर्नाटक में भाजपा 25 सीटों पर लड़ रही है लोकसभा का चुनाव
- जनता दल एस के हिस्से वाली तीनों सीटों पर हो चुका है मतदान
- कांग्रेस बढ़त के लिए लगातार भाजपा को घेरने के कर रही है प्रयास

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 885 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 860।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-12500 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# डिजिटल से मिले सही दाम, 2187 करोड़ का कारोबार

## किसानों ने 125 मंडियों में ऑनलाइन उपज बेचकर ई-नाम को दिया बढ़ावा, वर्ष 2023-24 में बेहतर रही प्रगति

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसानों ने मंडी समितियों पर भरोसा जताते हुए केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) को बढ़ावा दिया है। उत्तर प्रदेश की ई-नाम से जुड़ी 125 मंडियों में उपज बेचने से वर्ष 2023-24 में 2187 करोड़ रुपये का डिजिटल कारोबार हुआ है।

ई-नाम एक पोर्टल है। इसमें उपज की गुणवत्ता तय होती है और सही दाम मिलते हैं। किसान बिना कहीं जाए देशभर की किसी भी ई-नाम मंडी के आढ़तियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बात कर ग्रेडिंग उपरांत उपज बेचते हैं। ऑनलाइन व्यवस्था में समय की बचत के साथ 24 घंटे में किसानों के खातों में भुगतान आता है। इसमें सीधे व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं रहता है। ई-नाम खरीद में गेहूं, धान, मक्का, आलू, सरसों समेत कुल 219 कृषि उत्पाद अधिकृत हैं। प्रदेश में कुल 251 मंडी समिति हैं। किसानों की रुचि को देखते हुए शेष ई-नाम से जोड़ने की तैयारी है।

**परीक्षण से तय होते दाम, व्यापारी ऑनलाइन लगाते बोली:** मंडी में आने वाले किसान ई-नाम या फिर आढ़ती को उपज बेचते हैं। आढ़ती सीधे उपज लेकर गुणवत्ता अच्छी होने पर भी मनमाने दाम देते हैं। भुगतान भी लंबित रखते हैं। जबकि ई-नाम में किसान सीधे मंडी कार्यालय में ऑनलाइन पंजीयन कराते हैं। इसके बाद उपज का परीक्षण कर गुणवत्ता तय कर ए,बी व सी श्रेणियों में दाम तय किए जाते हैं। इसके बाद मंडी कर्मी बिक्री के लिए पोर्टल पर उपज की गुणवत्ता, दाम, सैंपल आदि दर्शाते हैं। यह प्रक्रिया किसी भी मंडी के व्यापारी एलईडी पर देखकर ई-बोली लगाकर खरीद करते हैं। और खुद उपज अपने खर्च पर मंगाकर मंडी को भुगतान करते हैं और मंडी 24 घंटे में किसानों को देती है।

इस संबंध में मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह का कहना है कि अक्सर स्थानीय व्यापारी गुटबंदी कर उपज खरीदते हैं। वे दाम भी नहीं बढ़ने देते हैं और मनमाने देते हैं। लेकिन, ई-नाम से उपज देशभर के व्यापारी देखकर खरीदते हैं। इसमें स्थानीय व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं होता है और किसानों को उनकी फसल के अच्छे दाम मिलते हैं। जिससे कि खेतीहर किसानों की आमदनी में इजाफा होता है। क्योंकि जब देश का किसान मजबूत होगा तो प्रदेश के साथ हमारा देश भी तरक्की की राह पर चलेगा।

### अन्य मंडियां भी जल्द होंगी डिजिटल



### ई-नाम से कारोबार करने पर पांच मंडियां हुईं थीं मॉडल

2022-23 में ई-नाम से 100 फीसद कारोबार करने पर प्रदेश की बहराइच, हापुड़, कासगंज, झांसी व मुज्जफरनगर मंडी को मॉडल का दर्जा मिला था।

### ये होती हैं सुविधा

- मंडियों में किसानों के लिए एलईडी, लैब, इंटरनेट, सिंगल विंडो सिस्टम, ऑनलाइन पेमेंट की रहती है व्यवस्था।

# सोने की कीमत में 500 और चांदी में 400 रुपये की वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 500 रुपये की मजबूती के साथ 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 400 रुपये मजबूत होकर 83,500 रुपये प्रति किलो हो गयी। इससे पूर्व यह 83,100 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 'महाराष्ट्र दिवस' और 'मजदूर दिवस' के मौके पर एक मई को सर्राफा बाजार आंशिक तौर पर बंद रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 500 रुपये अधिक है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,304 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 16 डॉलर ऊंचा है। चांदी भी बढ़त के साथ 26.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबार में यह 26.39 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600-54,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,000 |
| चांदी आभूषण | 80,900। |

# इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उत्पादों के आयात में चीन, हांगकांग की 56% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के लिए जीटीआरआई ने जारी की रिपोर्ट

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है। इसके मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार आयात के मामले में चीन और हांगकांग पर निर्भरता को कम करना जरूरी है। यह न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है।

# दो हजार रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आए

**मुंबई।** आरबीआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि बंद किए गए 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने बताया कि सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट अभी जनता के पास हैं। आरबीआई ने कहा कि 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की गई थी। इस दिन के अंत में बाजार में मौजूद 2000 रुपये के नोटों का मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। अब 30 अप्रैल, 2024 को बाजार में सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट बाजार में हैं। बैंक ने कहा-इस प्रकार, 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में दूसरा सबसे तेज सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल के जारी आंकड़े के अनुसार बढ़ती मांग को मिला समर्थन



भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिससे बढ़ती मांग को समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी। कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यद्यपि कुल बिक्री की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही, जिससे पता चलता है कि घरेलू बाजार वृद्धि का मुख्य चालक बना रहा। सामग्री और श्रम लागत में वृद्धि की खबरों के बीच भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में अपने विक्रय मूल्यों में वृद्धि की। भंडारी ने कहा-कीमत की बात करें तो कच्चे माल और श्रम की उच्च लागत के कारण कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि हुई है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### पंजाब में बॉयलर फटा दो लोगों की मौत

**लुधियाना (पंजाब)।** लुधियाना में एक रबर फैक्टरी में 'बॉयलर' फट जाने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार को जसपाल बांगर गांव के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में घटी। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। उसने बताया कि इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

### कोलकाता हवाई अड्डे के पास लेजर शो पर प्रतिबंध

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विधाननगर पुलिस कमीश्नर ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास लेजर शो पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि हवाई अड्डे के अधिकारियों से शिकायतें मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन ने उत्तर 24 परगना के आठ थाना के आसपास क्षेत्रों में धारा 144 आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत बुधवार से 29 जून तक लेजर लाइट शो के उपयोग पर रोक लगा दी है। जारी नोटिस में कहा गया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों में लेजर लाइट शो प्रतिबंधित कर दिया है। यह एक दंडनीय अपराध है। कृपया ऐसी गतिविधियां करने से बचें! घरेलू उड़ानों के उड़ान भरते और लैंडिंग के समय दुर्घटना का अधिक खतरा बना रहता है।

# भाजपा सरकार मुसलमानों के खिलाफ नहीं: राजनाथ

## बिहार की चुनावी रैली में बोले रक्षा मंत्री, कई इस्लामी देशों ने नरेंद्र मोदी को किया सम्मानित

छपरा/सुपौल, एजेंसी

रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने विपक्ष के भाजपा पर हिंदू-मुस्लिम के बीच विभाजन पैदा करने के आरोप को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कई इस्लामी देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया है। बिहार के सुपौल और सारण लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने अल्पसंख्यक समुदाय को कांग्रेस और उसके सहयोगी राजद से सावधान रहने का आग्रह करने के साथ विपक्षी दलों पर उन्हें धोखा देकर वोट मांगने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मुसलमानों के खिलाफ नहीं है।



बिहार के सारण में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी। ● एजेंसी

सिंह ने कहा-जहां तक भाजपा और राजग का प्रश्न है, तो हम लोग जात-पात, पंथ और मजहब के आधार पर राजनीति नहीं करते हैं। हम इंसाफ और इंसानियत के आधार पर राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण संभव नहीं है। उन्होंने कहा-पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की सुविधा है तथा मुस्लिम समाज में जो बहुत पिछड़े और गरीब हैं, वे इसमें शामिल हैं। आप कहते हैं कि हम धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे। क्यों उनकी आंखों में धूल झोंक रहे हैं।

### समानता के इच्छुक लोगों को नक्सली बताने वाले नड्डा इस्तीफा दें: राहुल गांधी



**शिवमोगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के इस्तीफे की बृहस्पतिवार को मांग की कि भाजपा नेता ने समानता चाहने वालों को नक्सली करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया-भाजपा नेताओं ने एक बार फिर संविधान पर हमला बोला है। नड्डा कह रहे हैं कि यदि दलित, पिछड़ी जातियां और आदिवासी समानता चाहते हैं तो वे नक्सली हैं। संविधान पर इससे बड़ा कोई हमला नहीं हो सकता।" गांधी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री को "संविधान पर हमले" के लिए दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनकी पार्टी संविधान की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा, "यदि भाजपा संविधान की रक्षा करना चाहती है, तो उसके अध्यक्ष समानता पर हमला क्यों कर रहे हैं?

# सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का ब्योरा मांगना बंद करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा-यह भ्रष्ट आचरण के समान है




निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगने को गंभीरता से लिया है, क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के समान है।

चुनाव प्राधिकरण ने उल्लेख किया कि कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में संलग्न हैं जो वैध सर्वेक्षणों और चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के मद्देनजर व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच की रेखाओं को पार कर रहे हैं। आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने के लिए एक सलाह जारी की। इसमें कहा गया है कि चुनाव के बाद के लाभों के मद्देनजर पंजीकरण के लिए निजी तौर पर मतदाताओं को आमंत्रित करने या बुलाने का कार्य निर्वाचक और प्रस्तावित लाभ के बीच एक लेन-देन जैसे संबंध का आभास पैदा कर सकता है और एक प्रलोभन जैसा है।

# दिल्ली में सहपाठी ने छात्रा पर किया ब्लेड से हमला, चेहरे पर लगे 17 टांके

**नई दिल्ली।** राजधानी के गुलाबी बाग इलाके में 14 वर्षीय लड़की पर उसके साथ पढ़ने वाली छात्रा ने कथित तौर पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिसकी वजह से पीड़िता के चेहरे पर 17 टांके लगाने पड़े। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस बीच, पीड़िता का परिवार घटना में शामिल छात्राओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। मामला बुधवार को तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने घटना से जुड़ा कथित वीडियो वायरल होने पर स्वतः संज्ञान लिया। वीडियो में दिख रहा है कि एक छात्रा के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-शुरुआत में हमें पता चला कि एक सरकारी स्कूल की कुछ छात्राओं के बीच हाथापाई हुई है और उनमें से एक ने दूसरी छात्रा पर धार वाली चीज से हमला कर दिया था।

# दहशत फैलाना, व्यवस्था बिगाड़ना था ईमेल भेजने का मकसद

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली के स्कूलों में बम धमकी का मामला

दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज प्राथमिकी में यह दावा किया गया है।

प्राथमिकी तक पहुंच रखने वाले आधिकारिक सूत्र के अनुसार बुधवार को सुबह 5:47 बजे से अपराह्न 2:13 बजे के बीच कई स्कूलों की तरफ से, बम धमकी मिलने के बारे में कम से कम 125 कॉल आईं। सूत्र ने कहा कि कॉल आने के बाद पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वाहन स्कूल पहुंचे और जिला पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), एमएसी, विशेष प्रकोष्ठ और अपराध नियंत्रण कक्ष, डीडीएमएस, एनडीआरएफ, 'फायर कैट्स' व अन्य एजेंसियों को सतर्क किया गया। सूत्र के अनुसार प्राथमिकी में कहा गया है कि स्कूलों की ओर इन इकाइयों की आवाजाही के कारण काफी असुविधा हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने एक व्यापक अभ्यास के तहत स्कूलों को खाली कराया और पूरे शहर में जांच-पड़ताल की।

# मेघालय में सीआरपीएफ कैंप पर अज्ञात बदमाशों ने किया पेट्रोल बम से हमला

**शिलांग।** पिछले कुछ हफ्तों में मेघालय की राजधानी में पेट्रोल बम हमलों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक शिविर नवीनतम हमला किया गया। अज्ञात बदमाशों ने बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि को लगभग 0030 बजे शहर के मावलाई इलाके में सीआरपीएफ शिविर पर कथित तौर पर तीन पेट्रोल बम फेंके। रिपोर्ट्स के मुताबिक पेट्रोल बम जमीन पर गिरा जिसके परिणामस्वरूप कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ और न ही संपत्ति को कोई नुकसान हुआ। बुधवार तड़के शिलांग सदर पुलिस स्टेशन और शहर के रिनजाह पुलिस स्टेशन पर पेट्रोल बम फेंके गए। पेट्रोल बम हमलों की एक श्रृंखला के मद्देनजर पुलिस ने शहर में रात की निगरानी बढ़ा दी है, जिनमें ज्यादातर पुलिस स्टेशनों और पुलिस वाहनों को निशाना बनाया गया है।

# चुनाव बाद शुरू होगा इंडियन रीडरशिप सर्वे

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- कोरोना काल की वजह से टल गया था पिछला सर्वे

**अमृत विचार:** लंबे अरसे बाद इंडियन रीडरशिप सर्वे शुरू होने जा रहा है। पिछला सर्वे 2019 में हुआ था। कोरोना की वजह से यह सर्वे बराबर टलता रहा था। अब लोकसभा चुनाव के बाद घर-घर जाकर पाठकों के बीच सर्वे किया जाएगा। बता दें कि प्रिंट मीडिया में उक्त सर्वे की रिपोर्ट को अहम माना जाता है और निजी क्षेत्र के राष्ट्रीय विज्ञापन दाता इसकी रिपोर्ट को काफी महत्व देते हैं।

रीडरशिप सर्वे शुरू करने के लिए इंडियन न्यूज पेपर समिति (आईएनएस) के ऊपर भी काफी दबाव है और हाल ही में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ है कि यह सर्वे जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। भारतीय मीडिया अनुसंधान उपयोगकर्ता परिषद (मुंबई) द्वारा उक्त सर्वे कराया जाएगा। इस समय परिषद के अध्यक्ष शैलेश गुप्ता है जो आईएनएस के भी अध्यक्ष रह चुके हैं। इसलिए माना जा रहा है कि आईएनएस के प्रस्ताव को एमआरयूसीआई गंभीरता से लेगा।

सूत्रों के मुताबिक इस बार पाठक सर्वेक्षण की खासियत यह होगी कि उसके दायरे में मंझोले अखबारों को भी लिया जाएगा। उदाहरण के लिए यदि किसी शहर में राष्ट्रीय स्तर के तीन समाचार पत्रों की प्रसार संख्या ज्यादा है बावजूद इसके उस शहर में क्षेत्रीय स्तर का कोई समाचार पत्र भी ठीक-ठाक ढंग से प्रसारित होता है तो सर्वे के दायरे में क्षेत्रीय समाचार पत्र को भी शामिल किया जाएगा और आईआरएस रिपोर्ट में उसका उल्लेख भी किया जाएगा। क इंडियन रीडरशिप सर्वे विश्व का सबसे बड़ा पाठक सर्वेक्षण है। इस बार यह सर्वे दिल्ली सहित 29 राज्यों में होगा। जिसमें 4 लाख से ज्यादा घरों में एमआरयूसीआई के सर्वेक्षक व्यक्तिगत रूप से जाएंगे और पाठकों से समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के बारे में राय लेंगे। इसमें रीडरशिप स्टडी काउंसिल के विशेषज्ञ का भी सहयोग लिया जाएगा। संभावना है कि लगभग 8 से 10 महीने में यह सर्वे पूरा हो जाएगा।

# न्यायालय ने निलंबित अधिकारी की पत्नी को जमानत देने से किया मना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा की पत्नी को जमानत देने से मना कर दिया। अधिकारी पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार और एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने अधिकारी की पत्नी सीमा रानी की याचिका खारिज कर दी और कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है, जिसने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। निलंबित अधिकारी पर एक नाबालिग लड़की से कई बार दुष्कर्म करने का आरोप है।

# 70,000 किलो हेरोइन गायब होने पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी करते हुए चार हफ्ते का दिया समय
- याचिकाकर्ता ने सरकारी आंकड़ों में दी गई जानकारी में विसंगति का किया है दावा




दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2018 से 2020 के बीच मालखाने से 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन के गायब होने का आरोप लगाने वाली याचिका पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने बी आर अरविंदाक्षन द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया और केंद्र से चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। पेशे से पत्रकार याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि 2018 से 2020 तक देश में दवाओं की जब्ती के संबंध में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय के आंकड़ों के बीच भारी विसंगति है। अदालत ने बुधवार को पारित अपने आदेश में कहा-उन्होंने (याचिकाकर्ता) कहा है कि 2018 और 2020 के बीच कुल मिलाकर 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन मालखाने से गायब हो गई है। नोटिस जारी करें। चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। याचिकाकर्ता ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये मूल्य की 70,000 किलोग्राम से अधिक हेरोइन का "भयानक रूप से गायब होना" राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक नतीजों को लेकर चिंताएं बढ़ाता है। याचिका में कहा गया है कि "विसंगति" की भयावहता इतनी बड़ी है कि अगर इसे तुरंत हल नहीं किया गया तो इससे समाज में अराजकता फैल सकती है, लेकिन इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिका के अनुसार-याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा है कि भारत में जब्त की गई पांच लाख करोड़ रुपये की 70,772.54 किलोग्राम हेरोइन गायब हो गई है, इसलिए मंत्रालय पर जोर दिया गया है कि देश की सुरक्षा और कल्याण के लिए तत्काल जांच का आदेश दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने ब्योरे के बेमेल होने के संबंध में कई दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, जिसमें गृह मंत्रालय को एक निर्धारित समय अवधि में जांच के आदेश देने का निर्देश भी शामिल है। मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर को होगी।

# पल-पल बदला मैच, लड़कर हारे रॉयल्स

## रोमांचक मुकाबले में हैदराबाद को 1 रन से मिली जीत, यशस्वी और पराग ने लगाए अर्धशतक

**हैदराबाद, एजेंसी**

नितीश कुमार रेड्डी नाबाद (76) और ट्रैविस हेड (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की और उसके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 50वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया है।

मुकाबला इतना रोमांचक था कि राजस्थान रायल्स की टीम जीता हुआ मैच आखिरी गेंद पर रोवमन पॉवेल के पगबाधा आउट होने से एक रन से हार गई। 202 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में जॉस बटलर (शून्य) का विकेट गवां दिया। कप्तान संजू सैमसन भी (शून्य) पर पवेलियन लौट गये। ऐसे में यशस्वी और रियान ने ना केवल पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। यशस्वी जायसवाल 67 रन बनाए। रियान पराग ने 77 रनों की पारी खेली। शिमरॉन हेटमायर (13) और रोवमन पॉवेल (27) बनाकर आउट हुए। रवि अश्विन (दो) रन पर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 200 रन ही बना सकी और मुकाबला एक रन से हार गई। इससे पहले नितीश कुमार रेड्डी नाबाद (76) और ट्रैविस हेड (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य दिया है। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करनी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा (12) का विकेट गवां दिया। ऐसे संकट के समय नितीश कुमार रेड्डी ने ट्रैविड हेड के साथ पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए (96) रन जोड़े।



### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 10 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

### हैदराबाद 201/3
20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड बो आवेश | 58 | 44 | 6/2 |
| अभिषेक शर्मा का जुरेल बो आवेश | 12 | 10 | 0/1 |
| अनमोलप्रीत सिंह का जायसवाल बो संदीप | 5 | 5 | 1/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 76 | 42 | 3/8 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 42 | 19 | 3/3 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-33-0, अश्विन 4-0-36-0, आवेश 4-0-39-2, संदीप 4-0-31-1, चहल 4-0-62-0

### राजस्थान 200/7
20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो नटराजन | 67 | 40 | 7/2 |
| जोस बटलर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 0 | 1 | 0/0 |
| संजू सैमसन बो भुवनेश्वर | 0 | 3 | 0/0 |
| रियान पराग का यानसेन बो कमिंस | 77 | 49 | 8/4 |
| हेटमायर का यानसेन बो नटराजन | 13 | 9 | 1/1 |
| रोवमैन पावेल पगबाधा बो भुवनेश्वर | 27 | 15 | 3/1 |
| ध्रुव जुरेल का अभिषेक बो कमिंस | 1 | 3 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 2 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-41-3, यानसेन 4-0-44-0, कमिंस 4-0-34-2, नटराजन 4-0-35-2, उनादकट 2-0-23-0, नितीश 1-0-12-0, शाहबाज 1-0-11-0




## खेल डायरी



### वंचित बच्चों के लिए शुरू किया टेनिस कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने वंचित तबके के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से असम के माजुली द्वीप और बोंगाईगांव के दूरदराज के इलाकों से 25 ऐसे बच्चों को सहायता के लिए चुना है। रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी (आरबीटीए) और कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के बीच इस साझेदारी के तहत नौ से 11 साल के चयनित बच्चों को व्यापक टेनिस प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। बच्चों को एक कौशल और फिटनेस मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तथा उनका चयन ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना ने किया। चयनित खिलाड़ी बेंगलुरु जाएंगे जहां उन्हें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय टेनिस पाठ्यक्रम, अनुभवी कोच, स्कूल परिसर में खाने और रहने की व्यवस्था, शिक्षा और आरबीटीए में खुद बोपन्ना द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। बोपन्ना ने कहा हम कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के साथ साझेदारी करके इस अवसर को उन प्रतिभाशाली युवाओं तक पहुंचाने के लिए रोमांचित हैं जिनकी अन्यथा ऐसे संसाधनों तक पहुंच नहीं होती।

### शुभंकर की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत, चीन में संयुक्त सातवें स्थान पर

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत करते हुए गुरुवार को पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से वॉल्वो चीन ओपन में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर चल रहे हैं। शुभंकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे रोमेन लांगेस्क और सबेस्टियन सोडरबर्ग से तीन शॉट पीछे हैं। रोमेन और सबेस्टियन ने पहले दौर में 63 का समान स्कोर बनाया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से 51वें स्थान पर चल रहे हैं।

### आयरलैंड, इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 के लिए हारिस की वापसी

**लाहौर।** पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 शृंखलाओं के लिए लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम में जगह नहीं दी है जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की वापसी हुई है। चयनकर्ता मोहम्मद युसूफ, अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज ने बताया कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाएगी। आयरलैंड में तीन मैचों की शृंखला 10 मई से और इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की शृंखला 22 मई से शुरू होगी।

### उबर कप क्वार्टर फाइनल में हारी भारतीय टीम



**चेंगदू (चीन)।** अश्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को जापान ने 3-0 से हराया। पी वी सिंधू के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया। ईशारानी बरूआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वहीं राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है। पुरूष टीम थॉमस कप क्वार्टर फाइनल में चीन से हार गई।

### एफआईएच प्रो लीग के लिए महिला टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को बेल्जियम में 22 से 26 मई तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2023-24 चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 का बेल्जियम चरण 22 से 26 मई तक चलेगा, जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और नौ जून को समाप्त होगा। भारत 22 मई को सलीमा टेटे की अगुवाई में अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, इंग्लैंड और जर्मनी के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। भारत फिलहाल आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। इस बीच, मिडफील्डर नवनीत कौर उपकप्तान बनाया गया। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सविता और बिचू देवी खारीबाम पर होगी, जबकि रक्षात्मक पंक्ति में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान और लालरेम्सियामी जैसे गतिशील खिलाड़ियों द्वारा किया जाएगा। फॉरवर्ड पंक्ति में मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग हैं।

# कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर



**मुंबई, एजेंसी**

खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी।श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा।

केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाये हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। दूसरी ओर मुंबई प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर है उसे पांच मैच और खेलने हैं। बुमराह (14 विकेट) और कोएत्जी (13 विकेट) मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है।

**आज का मुकाबला**
मुंबई इंडियंस
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराकर 3-0 से बनाई विजयी बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश), एजेंसी**

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में गुरुवार को बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की शृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली।

बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस साल टी-20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज अख्तर (39) और कप्तान सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से राधा यादव ने दो विकेट चटकाए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका को एक-एक विकेट मिला।



# मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चार भारतीय

**अस्ताना (कजाखस्तान)**



**एएसबीसी एशियाई अंडर-22**

भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौर में जीत दर्ज की। आशीष हालांकि पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन, निशा, आकांक्षा फलसवाल और रुद्रिका ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते।



# कार्लोस का तीसरी बार मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूटा

**मैड्रिड।** रूस के टेनिस खिलाड़ी आंद्रे रूबलेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए स्पेन के कार्लोस अलकराज के लगातार तीन बार मैड्रिड ओपन खिताब जीतने के सपने को तोड़ दिया है। मैड्रिड ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एक सेट में पिछड़ने के बाद स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन 20 वर्षीय अलकराज ने 41 मिनट में शुरुआती सेट जीतने के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। रुबलेव ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए अलकराज की 14 मैचों की जीत की लय को तोड़ते हुए मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, सर्विस ने आज मुझे कई बार बचाया। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मेरे पहले मैचों में से एक था जहां मैं पूरी तरह से शांत था। मैंने एक शब्द भी नहीं कहा, भले ही मैं हार रहा था। मैं और भी बेहतर सर्विस करने में सक्षम था क्योंकि शुरुआत में, मैं उतनी अच्छी सर्विस नहीं कर पा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे, एक सेट के बाद मैं बेहतर होता गया और मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

# विश्वकप में अमूल होगा अमेरिका-दक्षिण अफ्रीका का प्रायोजक

**नई दिल्ली।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल जून में टी-20 विश्व कप के दौरान अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका टीम का प्रायोजक होगा।

अमेरिका एक जून से हो रहे टूर्नामेंट में सह मेजबान के तौर पर पदार्पण करेगा। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत कई मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा अमूल दूध की गुणवत्ता से अमेरिकी क्रिकेट टीम दुनिया भर में दिल जीत सकेगी। दक्षिण अफ्रीका के प्रायोजन के बारे में उन्होंने कहा अमूल 2019 वनडे शृंखला और 2023 वनडे विश्व कप से दक्षिण अफ्रीकी टीम से जुड़ा है। इस साझेदारी को आगे बढाने में हमें गर्व हो रहा है।

# आईपीएल के हिसाब से नहीं बनती टीम : रोहित

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि टीम प्रबंधन टी-20 विश्व कप में चार स्पिनरों के चयन को लेकर स्पष्ट था और अंतिम 15 खिलाड़ी चुनने में आईपीएल की बहुत भूमिका नहीं थी। भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए चार स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज चुने हैं। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल कलाई के स्पिनर हैं जबकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा स्पिन हरफनमौला हैं।

रोहित ने प्रेस कांफ्रेंस में सवालों के जवाब में कहा मैं इस बारे में तफ्सील से बात नहीं करूंगा लेकिन मैं चार स्पिनर चाहता था। मैच सुबह दस बजे से शुरू होते हैं और इसमें काफी तकनीकी पहलू है। चार स्पिनरों को चुनने का कारण मैं अभी नहीं बताऊंगा। मैं चार स्पिनर चाहता था जिनमें से दो हरफनमौला है और इससे टीम को संतुलन मिलता है। विरोधी टीम को देखकर हम टीम संयोजन चुनेंगे। भारतीय टीम का चयन मंगलवार को किया गया। रोहित ने कहा कि बीच के ओवरों में टीम की जरूरत का काफी ध्यान रखा गया। शिवम दुबे को रिंकू सिंह पर तरजीह देने पर भी काफी सवाल उठे हैं। हमें यह समझना होगा कि पिचें और विरोधी टीम संयोजन कैसा होगा।



### पंड्या जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं : अगरकर

**मुंबई।** मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने भारत की टी-20 विश्व कप टीम में हार्दिक पंड्या के चयन का बचाव करते हुए कहा कि टीम को संतुलन देने के अलावा फिट रहने पर वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर आईपीएल में खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने से क्रिकेट जगत को हैरानी हुई है। उन्होंने वनडे विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र मैच अक्टूबर 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अगरकर ने कहा कि उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई। उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं। हमें एक महीने और कुछ दिन बाद ही पहला मैच खेलना है। वह फिट है तो वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। वह चोट के बाद लंबे समय में वापसी कर रहा है।

# साद बिन जफर करेंगे टी-20 विश्व कप में कनाडा की अगुवाई

**टोरंटो।** कनाडा पहली बार पुरूष टी-20 विश्व कप में खेलेगा और पाकिस्तानी मूल के साद बिन जफर को जून में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान सौंपी गई है। टीम में अधिकांश खिलाड़ी भारतीय या विदेशी मूल के हैं।

कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के साथ रखा गया है। कनाडा को पहला मैच एक जून को डल्लास में अमेरिका से खेलना है। पिछले साल आईसीसी टी-20 विश्व कप अमेरिकास क्षेत्र के फाइनल में बरमूडा को हराकर कनाडा ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था। कनाडा टीम में साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलोन हेलाइगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गोर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ठाकुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टोन, परगट सिंह, रविंदर पाल सिंह, रयान खान पठान, श्रेयस मोवा शामिल हैं। वहीं, रिजर्व में ताजिंदर सिंह, आदित्य वर्धराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार को रखा गया है।

## बॉलीवुड हलचल

# नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज



**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता मनोज वाजपेयी नंद घर मुहिम से जुड़ गये हैं, जिसका उद्देश्य सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाना है। 14 लाख आंगनवाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत, नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ पूरे देश में एक विशेष कैंपेन की शुरुआत की है, जिसका शीर्षक है अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया। नंद घर द्वारा चलाए जा रहे इस कैंपेन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोषित करना है, जिसमें समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों को सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना शामिल है। इस मुहिम में शामिल होने पर मनोज बाजपेयी का स्वागत करते हुए, अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता, ने कहा प्रोजेक्ट नंद घर पूरे देश में बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ और सुपोषित रहने में मदद करने पर केंद्रित है। मनोज बाजपेयी का इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ना हमारे लिए गर्व का विषय है। उनके निजी जीवन के अनुभव भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कि नंद घर के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाते हैं। नंद घर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित, मनोज बाजपेयी ने कहा, व्यक्तिगत तौर पर भूख की पीड़ा से गुजरने के कारण मेरा मानना है कि जो व्यक्ति भूख का सामना करता है, उसका शरीर, मस्तिष्क और भावनाएं काफी प्रभावित होती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# मौत की खबर फर्जी, जिंदा है गैंगस्टर गोल्डी बराड़

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी पुलिस ने मौत से किया इनकार, गोलीबारी कांड में मारा गया व्यक्ति गोल्डी बराड़ नहीं



अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य की पुलिस ने इन खबरों को खारिज किया है कि फ्रेस्नो शहर में हुई गोलीबारी में मारा गया व्यक्ति कनाडा निवासी आतंकवादी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ था।

बराड़ को पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की घटना का मास्टरमाइंड बताया जाता है। फ्रेस्नो बी अखबार की खबर के अनुसार, फेयरमोंट-होल्ट एवेन्यू की एक गली में गैंगवार की घटना में मारे गए व्यक्ति की पहचान 37 वर्षीय जेवियर ग्लैडनी के रूप में हुई है। पुलिस ने यह भी कहा कि यह घटना भारत में हुई मूसेवाला की हत्या से जुड़े मामले से संबंधित नहीं है। इसने कहा कि भारतीय मीडिया में बुधवार को अटकलें लगाई गईं कि घटना में मारा गया व्यक्ति मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड बराड़ था। अखबार के अनुसार, फ्रेस्नो पुलिस ने कहा कि विभाग को अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से कई कॉल आ रही हैं और अधिकारी भारत तथा अमेरिका में हुईं घटनाओं के बीच संबंध की बात को खारिज करने पर कार्य कर रहे हैं।

# यौन क्षमता से जुड़ी दवा विगोरा बेचने पर कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने होमियोपैथी दवा निर्माता कंपनी द्वारा यौन क्षमता से जुड़ी समस्याओं के लिए बाजार में बेची रही दवा के विगोरा स्थायी रूप से रोक लगा दी। अदालत ने यह फैसला फाइजर प्रोडक्ट्स इंक द्वारा दाखिल याचिका पर सुनाया।

कंपनी वियाग्रा नाम से यौन समस्या के लिए अंग्रेजी दवा का उत्पादन करती है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की अदालत ने कहा कि दोनों नाम में समानता होने और एक तरह के वाणिज्यिक इस्तेमाल की वजह से भ्रम की बहुत अधिक आशंका है। अदालत ने रेनोविजन एक्सपोर्ट प्रा. लि. को निर्देश दिया कि वह विगोरा या कोई ऐसे नाम का इस्तेमाल न करे जो फाइजर के ट्रेडमार्क वियाग्रा से भ्रामक रूप से समान हो।

# सीबीआई ने हाईकोर्ट को सौंपी प्रगति रिपोर्ट

कोलकाता, एजेंसी

- संदेशखालि मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता सरकार को सहयोग करने का दिया निर्देश

संदेशखालि मामले में गुरुवार को सीबीआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट में जांच की प्रगति रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट देखने के बाद न्यायाधीश ने कहा, सीबीआई की जांच सही दिशा में आगे बढ़ रही है। रिपोर्ट में भूमि रिकॉर्ड के संबंध में राज्य की ओर से कुछ असहयोग का आरोप लगाया गया। न्यायालय ने राज्य को सहयोग का निर्देश दिया।

साथ ही कोर्ट ने कहा, सीसीटीवी और एलईडी लाइटें लगाने के बारे में राज्य ने कोई जानकारी नहीं दी है। इस मामले में अवमानना होने पर कोर्ट ने राज्य के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की चेतावनी दी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, मामले में सुप्रीम कोर्ट का कोई स्थगन आदेश नहीं है, इसलिए कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का विधिवत पालन किया जाना चाहिए। अदालत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को भी मामले में शामिल होने की अनुमति दी।

वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कोर्ट में दावा किया कि महिलाओं को धमकाया जा रहा है ताकि दुष्कर्म के मामले में सीबीआई में एफआईआर दर्ज न हो। वकील की इस शिकायत को देखते हुए मुख्य जज की बेंच ने कहा, सीबीआई को लोगों के मन में भरोसा बढ़ाने के लिए कदम उठाना चाहिए। महिलाओं का डर दूर करने के लिए जरूरत पड़ने पर सीबीआई महिला अधिकारियों की नियुक्ति भी करेगी।

# देश में बढ़ रहे पार्सल स्कैम, न करें ये गलती



*पार्सल के नाम पर शहरों तक फैल गया है। इसमें किसी कूरियर कंपनी से होने का दावा करने वाला व्यक्ति कोई घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय पार्सल की सूचना देता है। यदि आप इस झांसे में आ गए तो आपके साथ फ्रॉड हो सकता है। जानें कि इस तरह के फ्रॉड कैसे होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है...*

### कैसे मिलती है अपराधियों को जानकारी

विदेश से पार्सल के नाम पर जालसाज इसकी जानकारी ई-कॉमर्स कंपनी, वेयरहाउसिंग या उनके लॉजिस्टिक्स पार्टनर से चुरा लेते हैं। यदि पूर्व सूचना नहीं है तो कॉल पर भरोसा न करें। फिर भी आपको परेशान करे तो पुलिस को सूचना दे सकते हैं।

### ऐसे करेंगे तो नहीं होगी ठगी

पार्सल के नाम से कॉल आए तो उसे नजरअंदाज करें और फोन उठा भी लें तो किसी ऑपशन पर बटन न दबाएं। किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। ठगी होने पर नजदीकी साइबर पुलिस स्टेशन या 1930 पर शिकायत दें। www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दें।

### कैसे रखें सुरक्षित

- ऐसी घटनाओं के बारे में संचार माध्यमों में खबरें आती हैं। इनकी जानकारी रखें ताकि आप ऐसी घटनाओं में पैटर्न को पहचान सकें।
- अगर धोखाधड़ी का संदेह है, तो कॉल करने वालों को ब्लॉक कर दें। गोपनीयता, डेटा सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के विशेषज्ञों से परामर्श करें।
- यदि आपसे कहा जाता है कि आपके किसी शिपमेंट को कस्टम ने रोक लिया गया है, तो उसके बारे में आधिकारिक सम्मन मांगें।
- संवेदनशील व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा करने या ओटीपी देने से बचें। किसी भी वित्तीय लेनदेन में जल्दबाजी न करें।
- धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

## एक नजर

### नवाज के करीबी बोले-पाकिस्तान में फिर से हो सकते हैं आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पीएमएल-एन पार्टी के नेता ने बताया कि वह अगले दो सालों में नए चुनाव हो सकते हैं। नवाज शरीफ को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो सकते हैं, यदि वह चुनाव जीतते हैं, तो यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए। इस चुनाव में नेशनल असेंबली बहुमत पाने में असफल रही। इस कारण से 74 वर्षीय नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री नहीं बन सके। लेकिन अगले दो सालों में अगर आम चुनाव होते हैं तो उनके प्रधानमंत्री बनने की पूरी संभावना हैं। ऐसा एक पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के नेता जावेद लतीफ ने कहा। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में या पांच साल कभी भी चुनाव हों, पीएमएल-एन नवाज शरीफ ही चौथी बार सत्ता की कमान संभालेंगे।

### घाटी में आतंकी संगठन में शामिल होने जा रहा युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलीजेंस कश्मीर (सीआईके) ने एक कट्टरपंथी युवक को गिरफ्तार किया है जो बडगाम में आतंकवादियों के साथ शामिल होने जा रहा था। अधिकारियों ने बताया, सीआईके ने बीरवाह गांव के एक कट्टरपंथी व्यक्ति वसीम अहमद शेख को गिरफ्तार किया, जो आतंकवादी के पाकिस्तान में बैठे कुछ आकाओं के उकसाने पर आतंकवाद में शामिल होने वाला था। वैश्विक आतंकवादी संगठन की शाखा अंसार गजवत-उल-हिंद अपने पैर फिर जमाने की कोशिश कर रहा है। सूचना के आधार पर सीआईके ने कार्रवाई दौरान एक वसीम को गिरफ्तार किया है।

### अप्रैल में 77 आतंकी हमलों से थर्राया पाकिस्तान, 70 की मौत

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद स्थित एक थिंक टैंक की सुरक्षा आकलन रिपोर्ट में दावा किया गया है मार्च माह की तुलना में अप्रैल में आतंकी हमलों में बढोतरी दर्ज की गई है। पाकिस्तान में मार्च महीने में 56 आतंकी हमले हुए, जबकि अप्रैल में अलग-अलग स्थानों पर 77 हमले हुए जिनमें 70 लोगों की जान चली गई। पीआईसीएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में खैबर पख्तूनख्वा में भारी नुकसान हुआ है। इन हमलों में 35 नागरिक और 31 सुरक्षा कर्मियों समेत 70 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों के दौरान चार आतंकी मारे गए और 32 नागरिक और 35 सुरक्षा कर्मी हमले में घायल हुए हैं।

### यूएई में फिर खराब हुआ मौसम भारी बारिश के कारण कई उड़ानें रद

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार को भारी बारिश और आंधी के कारण कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद कर दी गईं। इससे दो सप्ताह पहले दुबई में आए अभूतपूर्व तूफान के चलते कई दिन तक जन-जीवन अस्त व्यस्त रहा था। बुधवार को देश के राष्ट्रीय आपात संकट एवं आपदा मोचन प्राधिकरण (एनसीईएमए) ने हालात से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दीं। हालांकि अब बारिश के पिछले महीने हुई बारिश की तुलना में कम गंभीर रहने का अनुमान है, लेकिन फिर भी लोगों से ऐहतियात बरतने का आग्रह किया गया है।

# नाराज चीन ने शहबाज के अनुरोध के बाद फिर ठुकराया राजकीय न्योता


## पाकिस्तान के पीएम क्षुब्ध, दो देशों की राजकीय यात्रा करने की परंपरा खत्म

इस्लामाबाद, एजेंसी

चीन इन दिनों पाकिस्तान से नाराज चल रहा है, जिसकी वजह से शपथ लेने के करीब दो महीने बाद भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन की आधिकारिक राजकीय यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बार-बार अनुरोध के बावजूद चीन ने कोई जवाब नहीं दिया है।

अब मई के अंत में या जून में पीएम शहबाज शरीफ चीन- पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की 13वीं बैठक में भाग लेने चीन की यात्रा पर जा सकते हैं, लेकिन यह राजकीय यात्रा नहीं होगी। बता दें, पाकिस्तान में नए पीएम के शपथ लेने के तुरंत बाद दो देशों की राजकीत यात्रा की परंपरा है। एक चीन और दूसरा सऊदी अरब। इस बार चीन और सऊदी अरब दोनों ने शहबाज को राजकीय यात्रा का निमंत्रण नहीं दिया है। शहबाज 28-29 अप्रैल को सउदी अरब गए लेकिन राजकीय दौरा नहीं था।

### नाराजगी की वजह सीपैक और अमेरिका, हमले रोकने में नाकामी



पाकिस्तान के बर्ताव से चीन खफा है। चीन-पाकिस्तान इकोनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) प्रोजेक्ट पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों और नागरिकों पर हो रहे हमलों को पाकिस्तान रोकने में नाकाम रहा है। 26 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा में 5 चीनी नागरिकों की हत्या के बाद चीन ने पाकिस्तान से स्पष्ट कहा था कि मामले की गहन जांच होनी चाहिए। चीन ने के इंजीनियरों को प्रोजेक्ट साइट तक पहुंचने के लिए बम रोधी वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। फिलाहल चीन की एक समिति पाकिस्तान में घटना की जांच कर रही है।

### पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है चीन

चीन पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है। पिछले साल 12 सितंबर 2023 को पाकिस्तान में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने चीन की फंडिंग से बलूचिस्तान में बने ग्वादर पोर्ट का दौरा किया था। पहली बार इतने बड़े अधिकारी ने ग्वादर का दौरा किया था। जिस अमेरिका ने 15 साल तक जिस प्रोजेक्ट से दूरी बनाई रखी, उसी ग्लादर पोर्ट प्रोजेक्ट को लेकर अमेरिका की रुचि ने चीन को परेशान कर दिया है।

### बिजली कंपनियों की बकाया राशि को लेकर भड़का चीन

पाकिस्तान से चीन ने बिजली कंपनियों का 550 अरब पाकिस्तानी रुपये की मांग की है। चीन की कंपनियां लंबे समय से यह पैसा मांग रही हैं लेकिन शहबाज सरकार उसे देने का नाम नहीं ले रही है। चीन के स्वंतत्र बिजली उत्पादकों का 550 अरब रुपये बकाया है और इसको चुकाने के लिए शहबाज सरकार कोई सिड्यूल नहीं दे पा रही है। शहबाज शरीफ अब जून के पहले सप्ताह चीन जा रहे हैं और माना जा रहा है कि यह मुद्दा प्रमुखता से उठ सकता है। वहीं चीन ने जोर देकर कहा है कि शहबाज शरीफ की इस यात्रा से पहले सभी लंबित मुद्दों का समाधान कर लिया जाए।

# अमेरिकी विवि में फिलिस्तीन समर्थकों के तेवर आक्रामक


**वाशिंगटन।** अमेरिका में फिलिस्तीन के समर्थन में आवाज उठने का सिलसिला जारी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी से शुरू हुआ विरोध-प्रदर्शन अब दूसरे कैंपस में भी अपना असर दिखा रहा है। लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के कथित कब्जे से कैंपस को मुक्त कराने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है।

रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बैरिकेड्स हटा दिए हैं। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने जब पुलिस के आदेश को मानने से इनकार कर दिया तो 24 घंटे बाद उनके मजबूत कब्जे को हटाने के लिए पुलिस ने बलप्रयोग किया। कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लाउडस्पीकर पर चेतावनी दी और कहा कि उन्हें कई घंटों तक हिरासत में रखा जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन के बलप्रयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के हेलीकॉप्टर कैंपस के ऊपर मंडराते देखे गए। फ्लैश-बैंग्स की तेज आवाजें भी सुनी गईं। इसकी मदद से पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास करती है।

# यूएन में फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान एकमत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रूचिरा बोलीं- दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का हो सकता है समाधान



संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने एक बार फिर इजराइल-फिलिस्तीन विवाद पर भारत का रुख साफ किया और कहा कि 'दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का समाधान कर सकता है। वहीं पड़ोसी पाकिस्तान ने भी फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता को लेकर पुनर्विचार करने की मांग की है। युद्धग्रस्त फिलिस्तीन को लेकर दोनों देश यूएन में एकमत रहे और दोनों फिलिस्तीन का समर्थन किया।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। तभी फिलिस्तीन के लोग सुरक्षित सीमाओं के साथ आजादी से रह सकेंगे। साथ ही इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए फिलिस्तीन की मांग का समर्थन किया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिका ने फिलिस्तीन की इस मांग का विरोध किया था। रुचिरा कंबोज ने कहा कि 'हमें उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के फिलिस्तीन के प्रयास को समर्थन मिलेगा।

### पाकिस्तान ने भी किया फिलिस्तीन का समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने सुरक्षा परिषद से विश्व की बहुसंख्यक आबादी की राय के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने और उसका समर्थन करने की पुरजोर वकालत की है। पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि यह कदम फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐतिहासिक अन्याय में सुधार करेगा और द्विराष्ट्र समाधान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## खतरे का निशान पार




**श्रीनगर :** भारी बारिश के चलते जम्मू-कश्मीर की कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। श्रीनगर, जम्मू, रामबन और बनिहाल सहित कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन के चलते जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाले 270 किमी लंबे ऑल वेदर रोड पर यातायात रोक दिया गया है। श्रीनगर में झेलम नदी का जलस्तर बढ़ने से कई शिकारों को नुकसान पहुंचा है। • एजेंसी

# यूक्रेन के खिलाफ रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है रूस : अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस बीच बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय रसायनिक हथियार प्रतिबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। अमेरिका का कहना है कि रूस ने यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ चोकिंग एजेंट क्लोरोपिक्रिन को तैनात किया है। अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन में दंगा नियंत्रण एजेंटों को इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। बता दें, क्लोरोपिक्रिन को रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) ने प्रतिबंधित चोकिंग एजेंट के रूप में सूचीबद्ध किया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में बताया कि रूसी सेना यूक्रेनी सेनाओं को उनके गढ़ से हटाने के लिए ऐसे रसायनों का इस्तेमाल कर रही है। दरअसल, हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट ने यूक्रेनी सेना के हवाले से कहा था कि रूस ने एजेंटों के अवैध उपयोग को बढ़ा दिया है। यूक्रेनी सेना का कहना है कि रूस क्लोरोपिक्रिन के अलावा, सीएस और सीएन गैसों से भरे ग्रेनेड का भी इस्तेमाल कर रहा है।

# अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम के लिए अब रूस का प्रस्ताव पेश

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- अमेरिकी मसौदा पर वीटो के बाद रूस ने की हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील

अमेरिका और जापान की ओर से लाए गए एक प्रस्ताव को वीटो करने के कुछ दिनों बाद रूस खुद अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम लगाने वाला एक प्रस्ताव लेकर आया है। इस प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील की गई है।

रूस का मसौदा प्रस्ताव अमेरिका और जापान के प्रस्ताव से कहीं आगे है। इसमें न केवल अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती पर रोक के प्रयास की अपील की गई है, बल्कि हमेशा के लिए अंतरिक्ष में खतरा या बल प्रयोग रोकने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि अंतरिक्ष से पृथ्वी के खिलाफ और पृथ्वी से अंतरिक्ष में मौजूद उपकरणों के खिलाफ हथियार तैनात न करने की बात भी शामिल होनी चाहिए। यूएन में रूस की राजदूत वासिली नेबेंजिया ने यूएन में वीटो के वक्त कहा था कि प्रस्ताव में केवल परमाणु हथियारों सहित सामूहिक विनाश के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया है और अंतरिक्ष में अन्य हथियारों का कोई उल्लेख नहीं है। 24 अप्रैल को अमेरिका और जापान के प्रस्ताव पर मतदान होने से पहले, रूस और चीन ने एक संशोधन का प्रस्ताव रखा था, जिसमें सभी देशों से विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षमताओं वाले देशों से, अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती को हमेशा के लिए रोकने का आह्वान किया था।

# जेल जाने की चेतावनी पर ट्रंप ने न्यायाधीश को कहा कुटिल

**वाशिंगटन।** अदालत की अवमानना के मामले में दोषी ठहराए जाने और इस बारे में कुछ न कहने के 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को 'कुटिल' कहा। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। जज ने मंगलवार को ट्रंप को गैग आदेशों पर दोषी ठहराया है और जुर्माना भी लगाया है।

# ट्रूडो अलगाववाद और उग्रवाद को दे रहे बढ़ावा

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारों को लेकर भारत ने कहा कि यह घटना उस देश की राजनीतिक स्थिति को दर्शाता है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इस घटना की कड़ी निंदा की। भारत ने जोर देकर कहा कि कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को राजनीतिक प्रश्रय मिल रहा है।

मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, पीएम ट्रूडो ने पहले भी इस तरह की टिप्पणी की है। उनकी टिप्पणी एक बार फिर दिखाती है कि कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा के अलावा आपराधिकता के माहौल को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा, भारत-कनाडा संबंधों पर भी बुरा असर पड़ता है। बता दें कि टोरंटो में खालसा दिवस पर ट्रूडो के सामने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए थे, घटना के बाद भारत ने उप उचायुक्त को तलब किया था।

# धार्मिक स्वतंत्रता पर भेदभावपूर्ण टिप्पणी पर भारत का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय ने कहा-राजनीतिक एजेंडा वाला पक्षपाती संगठन है अमेरिकी आयोग



भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ की उस रिपोर्ट को खारिज दिया। जिसमें भारत में भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगा था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारत की आलोचना करने वाली इस रिपोर्ट को पक्षपाती बता दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यूएससीआईआरएफ अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत को लेकर दुष्प्रचार जारी है। हमें उम्मीद नहीं है कि यूएससीआईआरएफ कभी भारत की विविध और लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की कोशिश करेगा। भारत ने रिपोर्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की उनकी कोशिश कभी सफल नहीं होगी। अमेरिकी आयोग ये सब कुछ भारतीय लोकसभा चुनाव में हस्तक्षेप करने के लिए कर रहा है लेकिन वो कभी भी इसमें सफल नहीं हो पाएगा। यूएससीआईआरएफ को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत अमेरिकी संघीय सरकार के एक आयोग के रूप में बनाया गया था, जिसके सदस्यों में राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा नियुक्त किया जाता है।

# 14 लोगों की गिरफ्तारी पर पाकिस्तान बोला स्वतंत्र पुष्टि का इंतजार

**इस्लामाबाद।** गुजरात तट के पास एक नाव से 86 किलोग्राम नशीले पदार्थ और 14 पाकिस्तानियों की गिरफ्तारी को लेकर पाकिस्तान ने गुरुवार को कहा है कि भारत के दावे की स्वतंत्र पुष्टि का इंतजार कर रहा है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा, हमने मीडिया में खबरों को देखा है।

हम भारतीय अधिकारियों के दावों की स्वतंत्र पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। हम इस घटना का ब्योरा मिलने के बाद अपनी टिप्पणी करेंगे। बता दें, आईसीजी ने गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के समन्वय से अरब सागर में अभियान के दौरान लगभग 600 करोड़ के नशीले पदार्थ के एक नाव को जब्त किया था। नाव सवार 14 पाकिस्तानी तमिलनाडु के रास्ते श्रीलंका पहुंचाने वाले थे।

## विज्ञान

हबल व वेब के नए शोध से हुआ रहस्य का खुलासा, वैज्ञानिक कर रहे गहराइयों की खोज

# तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास

नैनीताल कार्यालय



प्राचीन आकाशगंगा की तस्वीर।

**अमृत विचार :** अनंत में फैले ब्रह्मांड की थाह पाना मुमकिन नही तो नामुमकिन भी नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का बड़ा वर्ग इसकी गहराइयों की खोज में खोया रहता है। इस कड़ी में आई नई जानकारी के अनुसार प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं का विकास आश्चर्यजनक तेजी के साथ हुआ था।

खगोल विज्ञान की बेसिक जानकारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि आकाशगंगाएं आम तौर पर काफी सीमित आकार की होती हैं। जिनमें सर्पिल, अण्डाकार, वर्जित-सर्पिल और अनियमित आकार लिए होती हैं। वर्जित-सर्पिल आकाशगंगा को आधुनिक ब्रह्मांड मे विशेष रूप से जाना जाता है। मगर हबल स्पेस टेलीस्कोप के जरिए खगोलविदों के नए अध्ययन ने पुराने दृष्टिकोण को चुनौती दी है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा अध्ययन किए गए और खुलासा किया गया कि 11 अरब साल पहले प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाएं वर्तमान की अपेक्षा तेजी से विकसित हुईं। अपनी आकाशगंगा का जिक्र करें तो मिल्की वे एक सर्पिल आकाशगंगा है। जिसमें एक केंद्रीय नाभिक और केंद्र से निकलने वाली सर्पिल भुजाएं हैं। हमारा सौर मंडल केंद्र से लगभग 25 हजार प्रकाशवर्ष की दूरी पर स्थित है। नेचर में प्रकाशित यह शोध पहली प्रत्यक्ष पुष्टि है कि सुपरमैसिव ब्लैक होल आकाशगंगाओं को बंद करने में सक्षम हो सकता है। हम जानते है कि आकाशगंगाएं स्थिर नहीं हैं। वे चलती हैं और विकसित होती हैं, साथ ही अपना आकार बदलते रहती हैं।

### आकाशगंगाओं के भविष्य के बारे में जानकारी देगी खोज

आकाशगंगा हमारे ब्रह्मांड की सबसे बड़ी वस्तु है। जिनकी संख्या अनगिनत हैं और हमारी पृथ्वी भी मिल्की वे का हिस्सा है, जो ब्रहमांड में एक तिनके जितनी भी हैसियत नही रखती है। मगर ब्रह्मांड का ज्ञान उतना ही जरूरी है, जितना कि हम अपने जीवन से रखते हैं। क्योंकि हमारे जीवन की तरह ब्रह्मांड के हर वस्तु का जीवन है और उसकी एक उम्र सुनिश्चित है। इस उद्देश्य को लेकर ब्रह्मांड के प्राचीन व वर्तमान आकाशगंगाओं की उम्र के ज्ञान को लेकर यह शोध महत्वपूर्ण है।